राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 चौके -छक्कें लगाते नजर...

राज्यसभा पर कलह,... 12

वर्ष : 14 | अंक : 273 | नई दिल्ली, गुरुवार, 15 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 20°C
न्यूनतम तापमान 16°C

**बाजार**

सोना 63,385
चांदी 74,600
सेंसेक्स 71,822
निफ्टी 21,840

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री से मुलाकात की

दुबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना से मुलाकात की। दुबई में आयोजित विश्व सरकार शिखर सम्मेलन के मौके पर दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों और प्राचीन भौगोलिक संबंधों को याद किया। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की और संयुक्त राष्ट्र सहित विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की सराहना की। श्री मोदी ने भारत-मेडागास्कर साझीदारी को और मजबूत करने और विजन सागर - क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में एक साथी विकासशील देश के रूप में, भारत मेडागास्कर की विकास यात्रा में एक प्रतिबद्ध भागीदार बना रहेगा।

### भारत बना स्वास्थ्य का अंतरराष्ट्रीय हब : नकवी

गाजियाबाद। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को कहा कि कोरोना आपदाकाल के बाद भारत स्वास्थ्य और फार्मा का अंतरराष्ट्रीय हब बन गया है। श्री नकवी आज यहां मेधा अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर कहा कि स्वास्थ्य एवं फार्मा मोदी सरकार के प्राथमिकता और प्रोत्साहन वाले क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा, भारत सभी नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को सस्ती और सुलभ बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जबकि इसका फार्मा क्षेत्र तेजी से जीवन-रक्षक दवाओं का दुनिया का अग्रणी प्रदाता बन रहा है। श्री नकवी ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा ऐसे बुनियादी क्षेत्र हैं जो राष्ट्र एवं लोगों की सेहत, समृद्धि व सफलता के लिए मजबूत आधार हैं। उन्होंने कहा कि हर नागरिक के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता हैं। श्री नकवी ने कहा कि 2014 के बाद भारत ने स्वास्थ्य और फार्मा क्षेत्रों में जबर्दस्त प्रगति की है।

# भारत की बढ़ती सक्रियता से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी को लाभ होगा : पीएम मोदी

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा, "मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा।" उन्होंने कहा, "समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है।" उन्होंने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है। मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है।

उन्होंने कहा, "एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है।

हमने समयसीमा से पहले इस संबंध में अपनी पेरिस प्रतिबद्धताओं को पार कर लिया है।" उन्होंने कहा, "बहरहाल, हम जलवायु परिवर्तन से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।" भारत ने अपने उत्सर्जन तीव्रता से संबंधित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले और गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्यों को निर्धारित समय से नौ साल पहले हासिल किया है। देश का लक्ष्य अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक कुल स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से प्राप्त करना है। भारत ने 2070 तक शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था बनने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और ह्यमिशन लाइफह्ल जैसी प्रमुख पहलों में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई पहल ह्यवैश्विक जैव ईंधन गठबंधनह्ल का समर्थन करने के लिए आईईए को धन्यवाद दिया।

# रक्षा मंत्रालय ने जीईएम पर एक लाख करोड़ का आंकडा पार किया

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सरकारी खरीद पोर्टल (जीईएम) के माध्यम से लेन देन के मामले में एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सरकारी खरीद पोर्टल को ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू (जीएमवी) के रूप में भी जाना जाता है। इसमें से लगभग 45,800 करोड़ रुपये के लेनदेन चालू वित्त वर्ष में दिए गए हैं। अंडे जैसी सामान्य वस्तुओं की खरीद से लेकर मिसाइल सिस्टम और महत्वपूर्ण रक्षा अधिग्रहण तक, जीईएम ने रक्षा मंत्रालय को 5.47 लाख से अधिक ऑर्डर पूरा करने में मदद की है। सरकारी पोर्टल (जीईएम) के सीईओ पी के सिंह ने कहा, ह्लरक्षा मंत्रालय इस चौंका देने वाले आंकड़े को पार करने वाली केंद्र सरकार की पहली इकाई है। यह रक्षा क्षेत्र में सार्वजनिक खर्च को अनुकूलित करने के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह उपलब्धि बदलाव को अपनाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन के प्रमुख प्रचारक के रूप में स्थापित होने के रक्षा मंत्रालय के प्रयास और प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सामाजिक समावेशन को अधिकतम करने के जीईएम के मूल मूल्य के अनुरूप, रक्षा मंत्रालय ने कुल ऑर्डर का 50.7%, जिसकी राशि 60,593 करोड़ रुपये है, सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को प्रदान किया है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भरता के करीब पहुंच रही है। जीईएम की स्थापना के बाद से रक्षा मंत्रालय इसके माध्यम से शुरू से ही काम कर रहा है। उत्तर-पूर्वी राज्यों, लेह-लद्दाख और विभिन्न द्वीप क्षेत्रों जैसे दूर-दराज के इलाकों सहित देश भर के लगभग 19,800 रक्षा खरीदारों द्वारा पोर्टल पर रखे गए अपार भरोसे की वजह से रक्षा मंत्रालय ने यह उपलब्धि हासिल की है।

# दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर से अपना अवैध आफिस हटाए आप पार्टी: सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के दफ्तर वाली जमीन को लेकर सुप्रीम कोर्ट इस कदर नाराज हुआ कि तुरंत जमीन को लौटाने को कह दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आप सरकार और दिल्ली हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को राउज एवेन्यू में अदालत को आवंटित भूमि पर एक राजनीतिक दल द्वारा किए गए कथित अतिक्रमण को हटाने के लिए एक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। राउज एवेन्यू स्थित आप दफ्तर की जमीन पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताकर कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट को यह जमीन लौटाई जाए। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने आरोपों से दफ्तर वाली जमीन के अतिक्रमण वाले आरोपों से इंकार किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हैरानी की बात है कि दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर एक राजनीतिक दल का दफ्तर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के साथ बैठक कर मामले का समाधान निकालें। मामले की सुनवाई के दौरान नाराज सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कोई भी कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता। कोई राजनीतिक दल उस पर कैसे बैठ सकता है? हाईकोर्ट को जमीन का कब्जा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट इसका उपयोग केवल जनता और नागरिकों के लिए करेगा। सीजेआई ने गुस्से में कहा कि हम निर्देश देते हैं कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक बुलाएं ताकि सभी मुद्दों का समाधान सुनिश्चित हो सके। सीजेआई ने कहा कि सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे। इस मामले को आगे के निर्देशों के लिए सोमवार को सुनवाई होगी। बता दें कि यह निर्देश तब आया है, जब मामले में शीर्ष अदालत की सहायता के लिए न्याय मित्र के रूप में नियुक्त अधिवक्ता के. परमेश्वर ने कहा कि एक राजनीतिक दल ने भूमि के एक टुकड़े पर अपना कार्यालय स्थापित किया है। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। वहीं, मसले पर आम आदमी पार्टी ने इस बात से इंकार किया है कि राउज एवेन्यू स्थित पार्टी का दफ्तर अतिक्रमित जमीन पर बनाया गया है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि यह भयावह है कि केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करने के लिए गलत समिशन्स दिए हैं। हम सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले है, जिसमें स्पष्ट रूप से दिखाया जाएगा कि जमीन दिल्ली सरकार द्वारा आम आदमी पार्टी को आवंटित की गई है। 1992 से यही जमीन आईएएस अधिकारियों और तीन मंत्रियों को आवंटित की गई है।

### नड्डा गुजरात से, चव्हाण महाराष्ट्र से राज्य सभा उम्मीदवार

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुजरात से राज्य सभा के सदस्य बनेंगे जबकि मंगलवार को कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण महाराष्ट्र से उम्मीदवार बनाए गए हैं। भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां एक विज्ञप्ति में महाराष्ट्र और गुजरात के कुल सात उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। गुजरात से श्री नड्डा के अलावा गोविंद भाई ढोलकिया, मयंक भाई नायक और जसवंत सिंह सलाम सिंह परमार तथा महाराष्ट्र से श्री चव्हाण के अलावा श्रीमती मेधा कुलकर्णी और डॉ. अजीत गोपछड़े को राज्य सभा

# आयुष्मान भारत योजना: 2018 से 23 हजार से अधिक लाभार्थियों ने लाभ उठाया-एम्स

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सितंबर 2018 से 23,000 से अधिक लाभार्थियों ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाभ उठाया है। ज्यादातर मरीज नेत्र विज्ञान, सामान्य चिकित्सा, हड्डी रोग और न्यूरो सर्जरी के बाद मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभागों में इलाज कराना चाहते थे। 'मेडिकल ऑन्कोलॉजी' कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, लक्षित चिकित्सा और हार्मोनल थेरेपी का इस्तेमाल करके कैंसर के उपचार से संबंधित है। जटिल सर्जरी का जहां तक सवाल है तो आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत हृदय से संबंधित जन्मजात रोगों के लिए 730 प्रक्रियाएं की गई हैं, इसके बाद कूल्हे के प्रत्यारोपण संबंधी 557 प्रक्रियाएं और 148 घुटने के प्रत्यारोपण किए गए हैं। एम्स द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार 24 जनवरी तक 5,179 लाभार्थियों ने मेडिकल ऑन्कोलॉजी के तहत योजना का लाभ उठाया।

### दिग्गजों के राज्यसभा में जाने की अटकलें खारिज

भोपाल। मध्यप्रदेश की पांच सीटों पर राज्यसभा चुनाव के लिए आज दोनों ही दलों भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की ओर से अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा ने जहां एक ओर दोनों ही दलों के दिग्गजों के राज्यसभा में जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया है, वहीं दोनों ही दलों के अप्रत्याशित नामों ने सभी को चौंका दिया है। भाजपा की ओर से आज सुबह अपने चारों राज्यसभा प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने डॉ एल मुरुगन, उमेश नाथ महाराज, श्रीमती माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर को प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं शाम होते-होते कांग्रेस ने भी अपने पत्ते खोलते हुए पार्टी की प्रदेश इकाई के कोषाध्यक्ष अशोक सिंह के नाम पर राज्यसभा प्रत्याशी के तौर पर मुहर लगा दी।

# किसानों की मांग पर गंभीरता से विचार करे केंद्र : मायावती

प्रात : किरण/एजेंसी



लखनऊ। एमएसपी को लेकर कानून बनाने और अन्य मांगों को लेकर किसानों का आंदोलन दिल्ली की सीमाओं पर जारी है। इस लेकर बसपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम मायावती ने केंद्र सरकार को गंभीरता से लेने की बात कही। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि मोदी सरकार को किसानों की मांगों को गंभीरता से लेना चाहिए और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय केंद्र को किसानों को बातचीत करनी चाहिए। मायावती ने लिखा, मोदी सरकार भारत को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने वाले मेहनतकश किसानों की मांगों को गंभीरता से ले और उन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके उनका समय से समुचित समाधान करे, ताकि अन्नदाता किसानों को अपनी मांगों के समर्थन में बार-बार आंदोलन के लिए मजबूर न होना पड़े।

**समस्या** | **दिल्ली व हरियाणा के बीच आवाजाही करने वाले यात्री बंद सीमाओं पर घंटों फंसे रहे**

# किसान मार्च : प्रतिबंध बढ़ने से सिंघू बॉर्डर पर यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च के कारण सीमा पर प्रतिबंध बढ़ने से आठ माह की गर्भवती मधु कुमारी को दिल्ली में अपनी डॉक्टर को दिखाने के लिए सिंघू बॉर्डर पैदल ही पार करना पड़ा। किसान प्रदर्शनकारियों के मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से रोकने के लिए सिंघू बॉर्डर के पास हरियाणा के सोनीपत को दिल्ली से जोड़ने वाले कई रास्तों को खोद दिया गया है।

तीस वर्षीय मधु, अपने पति और दो अन्य रिश्तेदारों के साथ डॉक्टर के पास जाने के लिए निकली थीं, लेकिन सील की गई सीमा और पुलिस की भारी तैनाती के कारण अन्य तमाम यात्रियों की तरह उन्हें भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मधु ने कहा, "बस ने हमें सिंघू बॉर्डर से काफी पीछे छोड़ दिया, जिसे पुलिस ने बंद कर दिया है। उन्होंने हमें बताया कि दिल्ली जाने के लिए हमें दूसरी ओर से अन्य परिवहन साधन का इस्तेमाल करना होगा।" दिल्ली और हरियाणा के बीच आवाजाही करने वाले यात्री या तो बंद सीमाओं पर घंटों फंसे रहे या पैदल ही अपने गंतव्य तक पहुंचे। वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह रोकने के लिए सीमा के नजदीक गलियों और सड़कों को खोद दिया गया, जिसके चलते लोगों की दिक्कतें और भी बढ़ गईं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि लोगों के लिए सीमा पार करने के लिए कुछ रास्ते अभी भी खुले हैं, लेकिन अगर किसान सिंघू बॉर्डर पर पहुंचते हैं तो अंतत उन पर भी बैरिकेड लगा दिए जाएंगे। सोनीपत के पुलिस आयुक्त बी. सतीश बालन ने कहा कि अंबाला और सिंघू बॉर्डर के बीच कई चौकियों पर बैरिकेड लगाए गए हैं। उन्होंने कहा, "मुझे नहीं लगता कि वे इस क्षेत्र को पार कर पाएंगे, लेकिन हम स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। एम्बुलेंस की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराया गया है।" उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस के अधिकारी दिल्ली पुलिस के अपने समकक्षों के साथ बदलती स्थिति पर चर्चा करने के लिए संपर्क में बने हुए हैं। प्रतिबंधों के कारण दिल्ली से सिंघू बॉर्डर की ओर यातायात हल्का रहा। बुधवार को सिंघु बॉर्डर फ्लाईओवर पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रही। हालात पर नजर रखने के लिए ड्रोन की मदद ली जा रही है।



## संक्षिप्त समाचार

### छह पदों पर चुनाव के लिए बिके 17 नामांकन पत्र

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन पत्रों की खरीद के लिए दावेदारों ने उत्साह दिखाया है। व्यापार मंडल के छह पदों के लिए 17 दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदे। सोमवार को नंदा देवी मंदिर के गीता भवन में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हुई। सह निर्वाचन अधिकारी विनीत बिष्ट ने बताया कि छह पदों के लिए 17 नामांकन पत्र बिके। अनिल गुरुरानी, हिमांशु कांडपाल, संजय साह, हरीश बिष्ट, मो. नौशाद, दीपेश चंद्र जोशी ने अध्यक्ष, आनंद सिंह भोज, भीमा पवार, दीपक जोशी ने उपाध्यक्ष पद पर दावेदारी पेश की। मनु गुप्ता, चंद्रा रावत ने महिला उपाध्यक्ष, रोहित साह, दीप चंद्र जोशी ने महासचिव, अमन टकवाल, जयप्रकाश ने उपसचिव, हिमांशु बिष्ट ,रोहित लाल ने कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र खरीदा। कहा कि 13 फरवरी यानि आज नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। 14 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच जबकि 15 फरवरी को नाम वापसी होगी। 16 फरवरी को चुनाव चिह्न का आवंटन होगा और 25 फरवरी को मतदान के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### प्रेम प्रसंग के बाद पार्षद के भाई ने शादी से किया इंकार, लोगों ने कर दी पिटाई

**रुद्रपुर, एजेंसी।** प्रेम प्रसंग के बाद युवती से शादी करने से इन्कार करना पूर्व पार्षद के भाई को महंगा पड़ गया। युवती पक्ष के लोगों ने दोनों की धुनाई लगा दी। फिलहाल दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास चल रहे है। शहर निवासी पूर्व पार्षद के भाई का मोहल्ले की रहने वाले एक लड़की से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। बताया जा रहा है कि युवती ने शादी का दबाव बनाया तो पूर्व पार्षद के भाई ने इंकार कर दिया। इसका पता चलते ही युवती के स्वजन और कालोनी के लोग आक्रोशित हो गए और हंगामा काटने लगे। जिस पर पूर्व पार्षद ने पैसा देकर मामला रफादफा करने की बात कह दी। इससे युवती पक्ष के लोग भड़क गए। पूर्व पार्षद तथा उसके भाई की धुनाई करनी शुरू कर दी। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। बाद में दोनों पक्षों के लोग कोतवाली पहुंचे। जहां उनके बीच समझौते के प्रयास चल रहे है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### शौचालयों में कहीं गंदगी तो कहीं टूटे हुए हैं दरवाजे

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एम्स ऋषिकेश में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। शौचालयों में गंदगी पसरी हुई है। स्थिति यह है कि मरीज व तीमारदार शौचालयों का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। वहीं एम्स प्रशासन का कहना है कि शौचालयों की संख्या कम है और प्रयोग करने वाले बहुत अधिक हैं। जिससे यह समस्या आ रही है। एम्स में प्रतिदिन 2500 से 3000 ओपीडी होती है। इन मरीजों के साथ उनके तीमारदार भी यहां पहुंचते हैं। लेकिन यहां सफाई व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतरी हुई है। सबसे बुरी स्थिति शौचालयों की है। शौचालयों में कहीं दरवाजे टूटे हुए हैं तो कहीं गंदगी पसरी हुई है। कई शौचालयों के फ्लश टूटे हुए हैं। जो शौचालय ठीक अवस्था में हैं उनमें सफाई नहीं हुई है। जिससे मरीज व तीमारदार इन शौचालयों का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति यह है कि कई बार मरीजों व उनके तीमारदारों को शौच आदि के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। जबकि एम्स में जो अन्य शौचालय स्टाफ आदि के लिए हैं वहां सफाई आदि का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। स्टाफ शौचालय का प्रयोग करने के बाद वहां ताला लगा देते हैं।

# नई आबकारी नीति को केबिनेट ने दी मंजूरी, आबकारी से राजस्व में 11% की वृद्धि का लक्ष्य

## पर्वतीय क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को प्रोत्साहन के लिए माइक्रो डिस्टिलेशन ईकाई की स्थापना का प्राविधान

प्रात: किरण, संवाददाता



राज्य की आबकारी नीति को और भी अधिक पारदर्शी बनाते हुए उत्तराखंड सरकार ने आबकारी के संबंध में आज के कैबिनेट के निर्णयों से मिलावटी शराब को रोकने, पर्यटन प्रदेश होने के नाते ब्रांड उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा राजस्व बढ़ाने की दृष्टि से उत्तराखण्ड आबकारी नीति विषयक नियमावली 2024 के तहत अहम कदम उठाये हैं जिनमे वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के राजस्व लक्ष्य 4000 करोड़ के सापेक्ष 11% की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए 4440 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। इसके साथ ही पर्वतीय क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को प्रोत्साहन के लिए माइक्रो डिस्टिलेशन ईकाई की स्थापना का प्राविधान किया गया है, जिसे सूक्ष्म उद्योगों की श्रेणी में कम से कम क्षेत्रफल में स्थापित किया जा सकेगा जो कि आर्थिक रूप से सक्षम होने के साथ हिमालयी क्षेत्र की पर्यावरणीय मानकों के अनुकूल होने से स्थानीय पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उत्तराखंड में संचालित आसवानी में उच्च गुणवत्ता की मदिरा निर्माण होने से एक ओर राजस्व में वृद्धि होगी वही राज्य में प्रचुर मात्रा में उगने वाली वनस्पतियों, जड़ी बूटियों का उपयोग होने से स्थानीय किसानों हेतु आय के नए साधन उत्पन्न होगे एवं राज्य में निर्मित मदिरा को विश्वस्तर पर पहचान मिलेगी। राज्य की उच्च गुणवत्तायुक्त जड़ी-बूटियों, फलों, फूलों तथा हिमालय की जलवायु, वातावरणीय शुद्धता के कारण उच्च गुणवत्ता के जल स्त्रोत व अन्य कारकों के कारण विश्वस्तरीय सुगधित मदिरा के मदिरा/मॉल्ट के उत्पादन के हब के रूप में राज्य प्रतिष्ठित हो सकेगा। जिस प्रकार यूरोप में स्कॉटलैंड, इटली आदि विश्वस्तरीय मदिरा के लिए प्रतिष्ठित है उसी प्रकार हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड विश्वस्तरीय स्प्रिटामॉल्ट के उत्पादन केंद्र के रूप में अतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो सकेगा। विदेशी मदिरा की भराई (बॉटलिंग) के लिए आबकारी राजस्व एवं निवेश के दृष्टिगत प्रथम बार प्राविधान किए जा रहे है ताकि प्रदेश ह्लउपभोक्ता राज्य से उत्पादक एवं निर्यातक राज्य के रूप में स्थापित हो सके। प्रदेश में विदेशी मदिरा के थोक व्यापार को उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थायी निवासियों के रोजगार के लिए भारत में निर्मित विदेशी मदिरा की आपूर्ति के थोक अनुज्ञापन / व्यापार अनुज्ञापन को उत्तराखण्ड के अर्ह नागरिकों को दिए जाने का प्राविधान किया गया है। आबकारी राजस्व अर्जन की दृष्टि से प्रथम बार ओवरसीज मदिरा की आपूर्ति के लिये थोक अनुज्ञापन ऋछ-2(ड) का प्राविधान किया गया है जिससे कस्टम बॉण्ड से आने वाली ओवरसीज मदिरा के व्यापार को राजस्व हित में नियंत्रित किया जा सकेगा। राज्य की कृषि/बागवानी से जुड़े कृषकों के हित में देशी शराब में स्थानीय फलों यथा कीनू, माल्टा, काफल, सेब, नाशपाती,तिमूर, आड़ आदि का समावेश किया जाना अनुमन्य किया गया है। मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन नवीनीकरण, दो चरणों की लॉटरी, प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धात पर पारदर्शी एवं अधिकतम राजस्व अर्जन की दृष्टि से किया जाएगा। नवीनीकरण उन्ही अनुज्ञापियों का किया जाएगा जिनकी समस्त व्यपगत देयताए बेबाक हों और प्रतिभूतियाँ सुरक्षित हों। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ दो वर्ष का क्लफदाखिल करना अनिवार्य होगा। एक आवेदक सम्पूर्ण प्रदेश में अधिकतम तीन मदिरा दुकानें आवंटित की जा सकेंगी। प्रदेश के समस्त जनपदों में संचालित मदिरा दुकान के सापेक्ष उप दुकान खोले जाने की अनुमति राजस्व हित दी जा सकेगी। देशी मदिरा दुकानों में 36 प्रतिशत ५/५ तीव्रता की मसालेदार शराब या 25 प्रतिशत ५/५ तीव्रता की मसालेदार एवं सादा मदिरा एवं विशेष श्रेणी की मेट्रो मदिरा की आपूर्ति के प्राविधान किए गए हैं। विदेशी / देशी मदिरा के कोटे का अनतरण कोटे के अधिभार के 10% तक अनुमन्य होगा। विदेशी मदिरा में न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी का निर्धारण कर मदिरा ब्राण्डो का मूल्य विगत वर्षों की भाँति निर्धारित किया गया है, जिससे आबकारी राजस्व सुरक्षित रहे और उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर मदिरा उपलब्ध हो सके। प्रदेश में पर्यटन प्रोत्साहन एवं स्थानीय रोजगार की दृष्टि से पर्वतीय तहसील एवं जनपदो में मॉल्स डिपार्टमेन्टल स्टोर में मदिरा बिक्री का अनुज्ञापन शुल्क ₹.05 लाख (पाँच लाख)/ दुकान का न्यूनतम क्षेत्रफल 400 वर्गफुट का प्रविधान किया है। विगत वर्ष से भिन्न स्टार कैटेगरी के अनुसार बार अनुज्ञापन शुल्क निर्धारित किया गया है, इसी प्रकार पर्यटन की दृष्टि से सीजनल बार अनुज्ञापन शुल्क का प्रावधान किया गया है।परपरागत रूप से अवैध कच्ची शराब के उत्पादन क्षेत्रों में लगातार प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने तथा ऐसे क्षेत्रों में वैध मदिरा के विक्रय को प्रोत्साहन करने हेतु उप दुकान का प्राविधान किया गया है।

## 'वोट देगा उत्तराखंड' थीम पर छात्रों ने बनाई रंगोली




**उत्तरकाशी, एजेंसी।** नौगांव ब्लाक के राजकीय इंटर कॉलेज कंडारी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने वोट देगा नगर, गांववासी, वोट देगा उत्तरकाशी, वोट देगा नौगांववासी, वोट देगा उत्तराखंड आदि थीम पर आकर्षक रंगोली बनाई। स्वीप कला जत्था के सदस्य एवं कार्यक्रम संयोजक सुरक्षा रावत ने विद्यालय परिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाचार्य नरेश कुमार रावत ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सबकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए आप सब गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाकर हमें सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर छात्र गणेश ने बताया कि यह पहला अवसर है। जब 18 वर्ष का पूरा होने पर मुझे मतदान देने का अधिकार प्राप्त होगा। नैतिक आदि के अलावा आयुष, हिमांशु, गणेश, रिया, खुशी, दिव्या, पूजा, आयुषी, नव्या, तृप्ति, मासूम, आरुषि, कनिका, आदि का विशेष सहयोग रहा।


## मेन रोड पर आ धमका हाथी...दहशत में आए लोग जान बचाने के लिए भागे

**हरिद्वार, एजेंसी।** हरिद्वार के जटवाड़ा पुल के पास हाथी आने से हड़कंप मच गया। लोगों ने सड़क पर हाथी को देखा और सूचना वन प्रभाग और पुलिस को दी। ट्रैफिक रोकने के बाद हाथी को किसी तरह जंगल की ओर भेजा गया।

देहात क्षेत्र में जंगल खेतों से सटे इलाकों में हाथियों की आवाजाही के बाद शहर में भी हाथी चहलकदमी करने लगे हैं। बुधवार तड़के एक हाथी रास्ता भटक गया और ज्वालापुर क्षेत्र में कोतवाली रोड से होते हुए आर्य नगर चौक वाले रोड की तरफ निकल पड़ा।

हाथी की दस्तक से लोगों में अफरा तफरी मच गई। जटवाड़ा पुल की तरफ से होते हुए निकले टस्कर हाथी को देखते ही लोग इधर-उधर भागने लगे। किसी ने हाथी का वीडियो भी अपने कमरे में कैद कर ली। ऐसा पहली बार हुआ है जब टस्कर हाथी जंगल से भटककर शहर की तरफ आया है।

हाथी के शहर में आने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों ने इसकी सूचना वन प्रभाग और पुलिस को दी। ट्रैफिक रोकने के बाद हाथी को किसी तरह जंगल की ओर भेजा गया।



## मिट्टी उठान होने से भड़के लोग, एसडीएम को घेरा

**बाजपुर, एजेंसी।** सड़क निर्माण के लिए खेत से मिट्टी उठाने पर गुस्साए ग्रामीणों ने एसडीएम आरसी तिवारी का घेराव कर मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर खेतों से मिट्टी खोदाई कर सड़क निर्माण करने का आरोप लगाया। उन्होंने क्रशरों से मिट्टी क्रय कर सड़क निर्माण करने की मांग की।

मंगलवार शाम चार बजे भाकियू कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा की अगुवाई में लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उनहोंने ठेकेदार पर खेतों से मिट्टी उठाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से कार्रवाई की मांग की। कहा कि खेतों से मिट्टी खोदाई करने फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। वहां गुरजीत सिंह, लखबीर सिंह, महेंद्र सिंह, गुरपाल सिंह, सतनाम सिंह, बलराज सिंह, जसवंत सिंह, गुरदास सिंह, लड्डू सिंह आदि मौजूद रहे।



### ड्रोन और टेली मेडिसन से चारधाम यात्रियों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** चारधाम यात्रा में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एम्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके लिए एम्स प्रशासन कार्य योजना तैयार कर रहा है। एम्स प्रशासन का कहना है कि टेली मेडिसिन और ड्रोन मेडिकल सेवा के माध्यम से चारधाम यात्रा रूट पर सेवाएं दी जाएंगी। इसके लिए एम्स प्रशासन ने स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन के साथ एक अनुबंध भी किया है।

चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन के लिए सबसे महत्वपूर्ण चुनौती होती है। हर संभव प्रयास करने के बाद भी कई बार दुर्घटना या अन्य परिस्थितियों में पीड़ित व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है। इस बार चारधाम यात्रा में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में एम्स ऋषिकेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एम्स में इसी वर्ष नियमित मेडिकल ड्रोन सेवा शुरू हुई है। जो चारधाम यात्रा में महत्वपूर्ण साबित होगी। इसके अलावा एम्स प्रशासन ने स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन के साथ भी एक अनुबंध किया है।

### युवती की निजी तस्वीरें चेट पर भेजने का आरोपी दोष मुक्त

**ऋषिकेश, एजेंसी।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भवदीप रावते की अदालत ने आईटी एक्ट के अभियुक्त को दोष मुक्त करार दिया है। अभियुक्त के खिलाफ एक युवती ने उसकी निजी तस्वीरों को फेसबुक आईडी के माध्यम से चैट पर भेजने का आरोप लगाया था। शहर क्षेत्र की एक युवती ने 30 अप्रैल 2018 को कोतवाली ऋषिकेश में वासू धीमान के खिलाफ आईटी एक्ट के हित मुकदमा दर्ज कराया था। युवती का कहना था कि करीब एक साल से वासू व उसके बीच दोस्ती थी। वासू के पास उसकी कुछ निजी तस्वीरें थी। वासू ने अपने मोबाइल से उन तस्वीरों को फेसबुक आईडी के माध्यम उसे चैट पर भेजी। जिससे उसकी शालीनता का हनन हुआ। युवती ने कहा कि निजी फोटो चैट पर भेजने से मानसिक कष्ट भी हुआ। युवती की शिकायत पर पुलिस ने वासू धीमान के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने 7 सितंबर 2019 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भवदीप रावते की अदालत ने अभियुक्त वासू धीमान को दोष मुक्त किया। आरोपी जमानत पर रिहा था।

### ग्रामीणों ने लावारिस जानवरों के साथ भतरौंजखान-भिकियासैंण हाईवे किया जाम

**भतरौंजखान, एजेंसी।** लावारिस जानवरों की समस्या से परेशान क्षेत्र के ग्रामीणों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया। चार गांवों के ग्रामीणों ने लावारिस जानवरों के साथ भतरौंजखान-भिकियासैंण हाईवे जाम कर दिया। ग्रामीण लावारिस जानवरों के साथ सड़क पर बैठे रहे जिसके कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में तहसीलदार की ओर से ट्रक बुलाकर लावारिस जानवरों को गो सदन भेजा गया, तब ग्रामीणों ने हाईवे खोला।

टानी, हरमोली, धारड़, पीलपमंडी के ग्रामीण और महिलाएं 50 से अधिक लावारिस जानवरों के साथ भतरौंजखान-भिकियासैंण हाईवे पर पहुंचीं और सड़क जाम कर दी। ग्रामीणों ने कहा कि वे लावारिस जानवरों की समस्या से परेशान हैं। बड़ी संख्या में क्षेत्र में पहुंचे लावारिस जानवर फसल बर्बाद कर उनकी मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। हालात यह हैं कि फसलों से बीज भी मिलना मुश्किल हो गया है। कहा कि एक सप्ताह पूर्व प्रशासन से लावारिस जानवरों को गो सदन भेजने की मांग की थी, इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। कहा कि एक तरफ किसानों की आय दोगुनी करने के दावे हो रहे हैं, लेकिन लावारिस जानवर उनकी मेहनत बेकार कर रहे हैं।

हाईवे जाम करने की सूचना पर तहसीलदार दिवान गिरी और थानाध्यक्ष एमएम जोशी मय फोर्स के मौके पर पहुंचे तो उन्हें भी लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। दोनों ग्रामीणों को हाईवे खोलने को लेकर समझाते रहे, लेकिन वे लावारिस जानवरों की समस्या से मुक्ति दिलाने की मांग पर अड़े रहे। तहसीलदार ने मौके पर ट्रक बुलाकर लावारिस जानवरों को गो सदन भेजा, तब जाकर ग्रामीण हाईवे से उठे। ग्रामीणों के यहां से रवाना होने पर पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## आंदोलन के समर्थन में 16 को कृषि कार्य नहीं करेंगे किसान

**जसपुर, एजेंसी।** किसान आंदोलन के समर्थन में किसानों ने शुक्रवार 16 फरवरी को कृषि कार्य नहीं करने का निर्णय लिया है। भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने मंगलवार को बैठक कर केंद्र सरकार से पूर्व में किसान आंदोलन के समय किए गए समझौते की मांगों को पूरा करने की मांग की। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार ने अगर मांगों नहीं मानी और किसानों का उत्पीड़न नहीं रुका तो वह दिल्ली कूच करेंगे।

कृषि उत्पादन मंडी समिति प्रांगण में हुई बैठक में भाकियू के सदस्यों ने कहा कि किसान आंदोलन के समय केंद्र सरकार ने समझौता वार्ता में एमएसपी पर गारंटी का कानून बनाने, स्वामीनाथन की रिपोर्ट की सिफारिशों को लागू करने, धान की फसल की पुआल को प्रदूषण से बाहर रखने, किसानों का पूर्ण कर्ज माफ करने सहित अन्य मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद सरकार ने किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया। इसके कारण एक बार फिर आंदोलन के लिए मजबूर हैं। यहां दर्शन सिंह, दीदार सिंह, मुख्तियार सिंह, सुखबीर सिंह भुल्लर, चौधरी किशन सिंह, जगजीत सिंह, हरदेव सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक में किसानों ने प्रदेश सरकार से ट्यूबवेल के बिजली के बिल फ्री करने और अधिशासी अभियंता से बिलों को ठीक करने, कनेक्शन नहीं काटने और कांटे कनेक्शन को जोड़ने की मांग की। इस पर ऊर्जा निगम के ईई बीके सक्सेना ने कहा कि किसानों के ट्यूबवेल के बिल जो गलत हो गए हैं, उन्हें ठीक किया जा रहा है। क्षेत्र के किसान ट्यूबवेल का बिल समय से जमा कर विद्युत विभाग का सहयोग करें। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सहोता ने कहा कि 16 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारत बंद का समर्थन कर किसान अपने घर पर रहेंगे। कृषि कार्य नहीं करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा का निर्देश आने तक अभी दिल्ली कूच नहीं करेंगे। किसानों का उत्पीड़न बंद कर केंद्र सरकार समझौता में मानी गई मांगों को पूरा करे।

भाकियू युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह ढिल्लो और भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह का कहना है कि केंद्र सरकार ने समझौते की शर्तों को पूरा नहीं किया। किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंके जा रहे हैं। अगर मांगों को पूरा नहीं किया।

### टांडा क्रॉसिंग से गूलरभोज जलाशय तब बनेगी सड़क

**रुद्रपुर, एजेंसी।** तराई केंद्रीय वन प्रभाग के जंगल से होकर गूलरभोज जलाशय जाने वाली साढ़े नौ किमी सड़क जल्द बनेगी। विभाग ने सड़क निर्माण के लिए टेंडर निकाले हैं। इससे पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को सुविधा होगी। दरअसल हल्द्वानी मार्ग पर टांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास से जंगलात की रोड लंबे समय से लोगों की ओर से आवाजाही के लिए इस्तेमाल की जा रही है। टांडा रेंज के जंगल से होकर जाने वाली सड़क से हल्द्वानी सहित अन्य जगहों से गूलरभोज स्थित बौर व हरिपुरा जलाशय पर लोग घूमने पहुंचते हैं। इनके अलावा तिलपुरी सहित विभिन्न गांवों और गूजर झालों के लोग भी सड़क का इस्तेमाल करते हैं। सड़क कई जगहों पर खराब है। वन विभाग ने सड़क मरम्मत के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। रेंजर आरएन गौतम ने बताया कि लोग आवाजाही के लिए इस सड़क का काफी इस्तेमाल करते हैं। लेकिन सड़क कई जगह से खराब है। अब टेंडर के बाद सड़क नए सिरे से बनेगी तो लोगों को आवाजाही में सुविधा होगी।

### चोरी से पेड़ काटने के आरोपियों की जमानत मंजूर

**ऋषिकेश, एजेंसी।** न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नसीम अहमद की अदालत ने बिना अनुमति के चोरी से आम के पेड़ काटने के दो आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। दोनों आरोपी बीते 4 फरवरी से जेल में बंद हैं। थाना रायवाला पुलिस ने 4 फरवरी को नौशाद व महमूद हसन के खिलाफ बिना अनुमति के चोरी से आम के पेड़ काटने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने काटे गए पेड़ों की लकड़ी आरोपियों के वाहन से बरामद होने का भी दावा किया था। बचाव पक्ष के वकील पीडी त्यागी ने न्यायालय को बताया कि पुलिस ने आरोपियों को झूठा फंसाया है। पुलिस ने 112 पर आई कॉल के आधार पर आरोपियों को गलत तरीके से पकड़ कर झूठा मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मौके से पेड़ों को काटने के लिए प्रयुक्त कोई भी हथियार बरामद नहीं किया है। आरोपी गरीब परिवारों से संबंध रखने वाले मजदूर हैं। आरोपियों का कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नसीम अहमद की अदालत ने फैसला सुनाया। न्यायाधीश नसीम अहमद ने दोनों आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश जारी किए।

# केजरीवाल सरकार ने दिल्लीवालों को दी 350 नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात

## अब दिल्ली में 1650 इलेक्ट्रिक बसें हो गई हैं, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा है और ई-बसों के मामले में दिल्ली पूरी दुनिया में तीसरे नंबर पर है- अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की सड़कों पर 350 और नई इलेक्ट्रिक बसें उतार कर दिल्लीवालों को बड़ी सौगात दी है। अब दिल्ली में 1650 इलेक्ट्रिक बसें हो गई हैं। इसके साथ ही, सबसे अधिक इलेक्ट्रिक बसों के मामले में दिल्ली, भारत का पहला और विश्व का तीसरा शहर बन गया है। जबकि दो हजार ई-बस बेड़े के साथ चिली की राजधानी सैंटियागो दुनिया का दूसरा शहर है। यह इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली के सुखदेव विहार, रोहिणी सेक्टर-37 डिपो-और बुराड़ी बस डिपो-क से अलग-अलग रूटों पर संचालित की जाएंगी। सभी लो-फ्लोर ई-बसें हैं। यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर ये बसें जीपीएस, सीसीटीवी, पैनिक बटन समेत अन्य सुविधाओं से लैस हैं। दिल्ली के सराय काले खां बस डिपो में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान एलजी वीके सक्सेना के साथ सीएम अरविंद केजरीवाल ने नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और यात्रियों के लिए बसों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोगों की सुविधा को देखते हुए 350 और इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतारी गई हैं। अब दिल्ली में 1650 इलेक्ट्रिक बसों हो गई हैं। पूरे देश में दिल्ली पहला शहर बन गया है, जहां सबसे ज्यादा ई-बसें हैं और पूरी दुनिया में तीसरे नंबर का शहर बन गया है। इन बसों की मदद से दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। पहले दिल्ली की सड़कों पर ब्लू लाइन बसें डीजल व पेट्रोल से चलती थीं। उसके बाद दिल्ली में सीएनजी बसें लाई गई और अब इलेक्ट्रिक बसें लाई जा रही हैं। हमारा प्रयास है कि चरणबद्ध तरीके से सीएनजी बसों को हटाकर बस बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करना है। वहीं, सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कहा कि उपराज्यपाल जी के साथ मिलकर आज दिल्लीवासियों को 350 नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात दी। अब दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या कुल 1650 हो गई है जो पूरे देश में सबसे ज्यादा है और पूरी दुनिया में तीसरे नम्बर पर है। ये इलेक्ट्रिक बसें न सिर्फ.दिल्लीवासियों का सफर आसान बनाएंगी, साथ ही पर्यावरण को संतुलित रखने में भी सहायक होंगी।

जनवरी 2022 में दिल्ली में पहली इलेक्ट्रिक बस आई थी, जो अब बढ़कर 1650 हो गई हैं- कैलाश गहलोत उधर, दिल्ली सचिवालय में प्रेसवार्ता कर इलेक्ट्रिक बसों की जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर आज 350 इलेक्ट्रिक बसें उतारी गई हैं। इसके साथ ही दिल्ली के बस बेड़े में 1650 इलेक्ट्रिक बसें हो गई हैं। पूरे देश में सबसे अधिक इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली में हैं। साथ ही, दिल्ली दुनिया का तीसरा सबसे अधिक ई-बसों वाला शहर बन गया है। दूसरे स्थान पर चिली की राजधानी सैंटियागो है, जहां पर दो हजार इलेक्ट्रिक बसें हैं, जबकि पहले स्थान पर चीन के शहर हैं। 17 जनवरी 2022 को दिल्ली की सड़क पर पहली इलेक्ट्रिक बस उतारी गई थी। हालांकि सही मायने में 24 मई 2022 से दिल्ली के बस बेड़े में इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने का सिलसिला शुरू हुआ। उस दौरान दिल्ली की सड़कों पर 150 इलेक्ट्रिक बसें एक साथ सड़कों पर उतारी गई थी। इसके बाद 24 अगस्त 2022 को 97, 02 जनवरी 2023 को 50, 01 मई 2023 को 100, 5 सितंबर 2023 को 400 और 14 दिसंबर 2023 को 500 ई-बसें बेड़े में शामिल की गईं। 14 फरवरी 2024 को डेम्स में पहली बार 300 ई-बसें शामिल की गई हैं, जबकि डीटीसी में 50 बसें शामिल की गई हैं। इससे पहले सभी ई-बसें डीटीसी के नियत्रंण वाले डिपो में शामिल की गई थीं। डेम्स की बसें संचालित करने के लिए रोहिणी सेक्टर 37 और बुराड़ी में डिपो बना है, जबकि डीटीसी की बसें सुखदेव विहार से संचालित की जाएंगी।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ बहुत ही ठोस कदम उठाया है। दिल्ली की सड़कों पर जितनी अधिक इलेक्ट्रिक बसें होंगी, उतना ही कम प्रदूषण होगा। 2022 से अभी तक दिल्ली की सड़कों पर 1300 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। ये बसें अब तक 5.8 करोड़ किलोमीटर का सफर तय किया है और दिल्ली में 47 हजार टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन कम हुआ है। अगर इलेक्ट्रिक बसें नहीं होती तो दिल्ली के वातावरण में 47 हजार टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन और होता। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दिल्ली के बस बेड़े में 7582 बसें हैं। इससे पहले दिल्ली के बस बेड़े में इतनी बसों की संख्या कभी नहीं थी। यह अपने आप में बड़ी बात है।

परिवहन मंत्री ने बसों के रूट को लेकर कहा कि 502 रूट काफी प्रसिद्ध रूट है, जो आईएसबीटी कश्मीरी गेट से महरौली तक है। इसी तरह 419 रूट पर भी बसों की काफी मांग रहती है। यह रूट आईएसबीटी कश्मीरी गेट से लाडो सराय फिरनी रोड तक जाता है। इसके अलावा, रूट नंबर 709 सुल्तानपुरी टर्मिनल से आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल 2 तक, रूट 946 क्यू ब्लॉक मंगोलपुरी टर्मिनल से आनंद विहार आईएसबीटी तक, रूट 962 कंझावला गांव से केंद्रीय टर्मिनल, रूट 945ए क्यू ब्लॉक मंगोलपुरी से केशव नगर मुक्ति आश्रम, रूट 433 बदरपुर बॉर्डर से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन गेट नंबर-2, रूट 511ए बदरपुर बॉर्डर से धौला कुआं समेत अन्य प्रमुख रूट हैं। आने वाले समय मे हम इलेक्ट्रिक बसें शामिल करते रहेंगे। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि रोहिणी सेक्टर 37, बुराड़ी वन और सुखदेव विहार नए डिपो शुरू किए गए हैं। हम सभी बस डिपो का विद्युतीकरण कर रहे हैं। अभी तक दिल्ली के 60 बस डिपो में से 16 का विद्युतीकरण किया जा चुका है। शेष डिपो का विद्युतीकरण किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य 800 इलेक्ट्रिक बसें लाने का है। आने वाले समय में दिल्ली का बस बेड़ा 10480 बसों का होगा, जिसमें 80 फीसद इलेक्ट्रिक बसें शामिल करेंगे। हमारा लक्ष्य बस बेड़े में 80 फीसद इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने का है और अभी तब बस बेड़े में 22 फीसद इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जब तब इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की बात करते हैं तो इलेक्ट्रिक बसें उसका एक अहम हिस्सा हैं। क्योंकि पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बसें दिन में 150 से 200 किलोमीटर चलती हैं। इसके मुकाबले प्राइवेट वाहन बहुत कम चलते हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट से जुड़ी ई-बसें, टैक्सी, ऑटो रोजाना का आवागमन ज्यादा रहता है। इसलिए हम सबसे पहले बस बेड़े को इलेक्ट्रिक में बदलना चाहते हैं। परिवहन मंत्री ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल का यह विजन है कि बस बेड़े में 80 फीसद इलेक्ट्रिक बस हों और हम इस लक्ष्य को तेजी से हासिल कर रहे हैं। 24 मई 2022 से अब तक देखे तो दिल्ली सरकार हर महीने औसतन 80 से 100 इलेक्ट्रिक बसें बेड़े में शामिल कर रही है।

मोहल्ला बस के लिए अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि पहली बार 9 मीटर की बसें दिल्ली की सड़कों पर आएंगी। इसलिए इसकी प्रक्रिया, प्रोटोटाइप, टेस्ट और सर्टिफिकेट मिलने में थोड़ा समय लग रहा है। मोहल्ला बस को लेकर हितधारकों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं। मुझे उम्मीद है कि आगामी 15 से 20 दिनों के अंदर मोहल्ला बस के तहत कुछ बसें आ जाएंगी और जनता को समर्पित की जाएंगी।

सबसे अधिक इलेक्ट्रिक बसों के मामले में दिल्ली दुनिया का तीसरा शहर दिल्ली सरकार द्वारा 350 नई इलेक्ट्रिक बसों को सड़क पर उतारने के साथ ही दिल्ली में 1650 ई-बसें हो गई हैं। 1350 ई-बस बेड़े के साथ

### बुराड़ी डिपो-क से चलने वाली नई ई-बसों का रूट

(1) रूट नंबर 159 ई ब्लॉक जहांगीर पुरी से इंद्रपुरी (कृषि कुंज) तक
(2) रूट नंबर 174 आजाद पुर टर्मिनल से कंझावला गांव तक
(3) रूट नंबर 206ए भजनपुरा से मयूर विहार फेज 3 टर्मिनल तक
(4) रूट नंबर 259 ई ब्लॉक जहांगीर पुरी से हर्ष विहार तक
(5) रूट नंबर 419 आईएसबीटी कश्मीरी गेट (सिटी टर्मिनल) से लाडो सराय फिरनी रोड तक
(6) रूट नंबर बाय पास एक्सप। उत्तम नगर (टी) से सराय काले खां (1एसबीटी) तक
(7) रूट नंबर 422 आईएसबीटी कश्मीरी गेट (सिटी टर्मिनल) से बदरपुर बॉर्डर तक
(8) रूट नंबर ओएमएस(-) बुराड़ी क्रॉसिंग से बुराड़ी क्रॉसिंग तक
(9) रूट नंबर 425 आईएसबीटी कश्मीरी गेट (सिटी टर्मिनल) से हमदर्द नगर तक
(10) रूट नंबर वाईएमएस(-) मोरी गेट टर्मिनल से मोरी गेट टर्मिनल तक
(11) रूट संख्या 502 आईएसबीटी कश्मीरी गेट (सिटी टर्मिनल) से महरौली तक


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली ई–निविदा सूचना
### (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल अभियंता रोहतक के अधिकार क्षेत्र मैं झज्जर में गुड्स शेड का विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 55-W-IV-23-24)<br>2. सहायक मंडल अभियंता रोहतक के अधिकार क्षेत्र में बहादुरगढ़ में गुड्स शेड का विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 56-W-IV-23-24)<br>3. सहायक मंडल अभियंता रोहतक के अधिकार क्षेत्र में नांगलोई में गुड्स शेड का विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 57-W-IV-23-24)<br>4. सहायक मंडल अभियंता रोहतक के अधिकार क्षेत्र में रोहतक में गुड्स शेड का विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 58-W-IV-23-24) |
| 2 | अनुमानित लागत | 1) Rs. 51,65,603.47 (2) Rs. 56,36,540.28<br>(3) Rs.35,63,086.95 (4) Rs.1,59,72,778.93 |
| 3 | धरोहर राशि | (1) Rs, 1,03,300.00 (2) Rs. 1,12,700.00<br>(3) Rs. 71,300.00 (4) Rs.2,29,900.00 |
| 4 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 23.02.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 08.03.2024 को 15:00 बजे |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्र संख्या 128–डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 55,56,57&58–डब्लू–4–23–24 दिनांक :– 13.02.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 490/24



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा सूचना

**विषय: निविदा संख्या 15-DyCEE-GSU-DLI-23-24R2 आमंत्रित करने हेतु सूचना**

उपमुख्य परियोजना प्रबंधक विद्युत/गति शक्ति/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली– 110001 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इसे दिनांक 15.02.2024 को IREPS वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य और स्थान का नाम | बल्लीमारान दिल्ली में नई दिल्ली यार्ड को पार करने के लिए कुतुब रोड और श्रद्धानंद मार्ग के बीच रेलवे लाइन पर एक सिरे से दूसरे सिरे तक सार्वजनिक एफओबी के निर्माण के लिए 25 केवी एसी सिंगल फेज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | निविदा सूचना संख्या | 15-DyCEE-GSU-DLI-23-24R2 |
| 3 | बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए) | रु. 1,92,100/- (रु. एक लाख नब्बे हजार एक सौ मात्र) |
| 4 | लगभग काम की लागत | रु. 96,04,994.79/- (छियानवे लाख, चार हजार, नौ सौ चौरानवे और उनहत्तर पैसे मात्र) |
| 5 | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 15.02.2024 को आईआरईपीएस वेब साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड कर दिया जायेगा। निविदादाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 06.03.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी |
| 6 | निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज | विस्तृत ई–निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा। www.ireps.gov.in 21.02.2024 से 06.03.2024 उपर्युक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। |

486/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# केंद्रीय परिवहन मंत्री ने बदरपुर में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे का किया निरीक्षण

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में डीएनडी से लेकर बदरपुर के मीठापुर चौक तक निमार्णाधीन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को निरीक्षण किया। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के अंतर्गत दिल्ली को सराय काले खां, डीएनडी और कालिंदी कुंज से जोड़ा जा रहा है। यह एक्सप्रेस-वे दिल्ली के सराय काले खां डीएनडी से शुरू होकर कालिंदी कुंज होते हुए जैतपुर, मीठापुर होते हुए फरीदाबाद के तरफ जाएगा। इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

बदरपुर क्षेत्र के स्थानीय निवासी वीरेंद्र महाराज ने बताया कि नितिन गडकरी और स्थानीय सांसद रमेश बिधूड़ी ने आज इस एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रीय परिवहन मंत्री ने कहा कि इस एक्सप्रेसवे का दिल्ली में 72 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है। बाकी बचे कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से कहा कि इस एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होगा।

वहीं, स्थानीय आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने बताया कि बदरपुर क्षेत्र को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से बहुत ही लाभ होगा। यहां पर जाम की बड़ी समस्या थी जिससे इस एक्सप्रेस-वे से राहत मिलेगी। साथ ही लोग इस एक्सप्रेसवे के जरिए आसानी से दिल्ली मुंबई के बीच यातायात भी कर सकेंगे।

बता दें कि दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे सड़क का निर्माण दिल्ली में तेजी से हो रहा है। कालिंदी कुंज के पास एक फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा मीठापुर चौक पर भी फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा रहा है। पिलर खड़े हो चुके हैं। उसे पर रैक डाले जा रहे हैं। वहीं, सराय काले खां डीएनडी से लेकर कालिंदी कुंज के बीच एलिवेटेड सड़क का निर्माण चल रहा है, जो यमुना किनारे होकर गुजर रहा है। बता दें कि दिल्ली को मुंबई से जोड़ने को लेकर केंद्र की मोदी सरकार ने 2019 में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का शिलान्यास किया था। यह देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे है, जो करीब 1350 किलोमीटर का है। इस पर लागत 1 लाख करोड़ की आ रही है।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-56-T-2023-24-E3, माइक्रोवेव वी–सैट हब टीएच रोड पर एसी प्लांट की मरम्मत के संबंध में विद्युत कार्य और दिल्ली डिवीजन में स्थापित 1.5/2.0 टीआर विंडो/स्प्लिट टाइप एयर कंडीशनर और एयर कंडीशनर प्लांट का सीएएमसी। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 162.42 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 231200.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 19.03.2024, 12.00 Hrs |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 19.03.2024 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस कोर्ड: | www.ireps.gov.in<br>वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 482/24



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | **30-Elect-55-T-2023-24-E3** बीआरएसक्यू रेलवे स्टेशन पर केंद्रीकृत नियंत्रण और कमांड सेंटर (सी–4) के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु० 109.38 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियता/जी, स्टेट एंट्री रोड़ नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू० 204700.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 19.03.2024, 12.00 Hrs |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 19.03.2024, 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in/<br>वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 483/24


# रेलवे में भर्ती के लिए करें तैयारी, कैलेंडर के मुताबिक होंगी भर्ती

नई दिल्ली। अगर रेलवे में नौकरी करने की तैयारियां कर रहे हैं तो जान लें कि रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने विभिन्न श्रेणियों की भर्तियों के लिए महीने तय कर दिए हैं। मसलन सहायक लोको पायलट, तकनीशियन, गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियां-स्नातक, गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों के लिए अधिसूचना तारीख और परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिए हैं। उत्तर रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि अंडर ग्रेजुएट, जूनियर इंजीनियर, पैरामेडिकल श्रेणियों में ग्रुप-डी, और मंत्रिस्तरीय और पृथक श्रेणियों के लिए आरआरबी ने भर्ती के लिए वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें जनवरी-मार्च महीने में सहायक लोको पायलट के लिए भर्ती होंगी। जबकि अप्रैल-जून में तकनीशियन श्रेणी की भर्ती होंगी। अधिकारियों के अनुसार जुलाई-सितम्बर में गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों में स्नातक (स्तर 4, 5 और 6) और गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों में स्नातक (स्तर 2 और 3) कनिष्ठ अभियंता व पैरामेडिकल श्रेणी में भर्ती होगी। जबकि अक्तूबर-दिसम्बर में स्तर-1 मंत्रिस्तरीय और पृथक श्रेणियों में भर्ती होंगी। उत्तर रेलवे ने कहा कि आरआरबी परीक्षा कैलेंडर के मुताबिक अब उम्मीदवार प्रभावी ढंग से अपनी तैयारी और रणनीतियों की योजना बना सकते हैं।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | "किलोमीटर 59.728 नौल्था पर सीमित ऊंचाई सबवे प्रदान करना और आरओके–पीएनपी सेक्शन पर संबद्ध कार्य" के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 26,80,003.35/- |
| 3. | बयाना राशि | Rs. 53,600/- |
| 4. | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 26.02.2024 (00.00 बजे) से 11.03.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5. | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई– निविदा खुलने की तारीख और समय | 11.03.2024 (15.00 बजे) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्याः 51–क.वि.- नई दिल्ली – 2023–24 दिनांकः 12.02.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 476/24


# संस्कार भारती कला संकुल में बसंत पंचमी पर हुई मां सरस्वती की पूजा अर्चना

नई दिल्ली। दिल्ली के कला प्रेमियों के बीच उभरते केंद्र संस्कार भारती कला संकुल में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। परंपरा के अनुसार बसंत पंचमी के अवसर भगवान ब्रह्मा के सृष्टि निर्माण के शुभारंभ और ज्ञान की देवी माता सरस्वती के प्राकट्य का स्मरण किया जाता है। बसंत पंचमी का दिन बच्चों की शिक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दिन को विद्या के आरंभ के रूप में माना जाता है और बच्चों को गुरुकुल शिक्षा के लिए भेजा जाता है। साथ ही अन्य महत्वपूर्ण संस्कार जैसे कि बच्चों का मुंडन, अन्नप्रासन संस्कार, भूमि पूजन, गृह प्रवेश, आदि भी संपन्न किए जाते हैं। इस आयोजन में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य बांके लाल गौड़, तबला वादक प्रदीप, कार्यालय के कार्यकर्ता बृजेश विश्वकर्मा, सत्यम शर्मा, शिवम् अरूप, विजेंद्र सहित कई गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पे एंड यूज़ पर डीलक्स शौचालय BOT और ROMT के आधार पर अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर **ई-बोली "जैसा है जहां है"** के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / साइट् |
|---|---|---|
| PaynUse01-2024 | दिनांक 01.03.2024 को 15:00 बजे | तिलक ब्रिज (TKJ) - 2 साइट्स, शिवाजी ब्रिज (CSB) - 1 साइट्, पटेल नगर (PTNR) - 1 साइट्, मेरठ कैंट (MUT) - 1 साइट्, कुरूक्षेत्र (KKDE) - 1 साइट्। कुल 6 साइट्स / स्थल |
| PaynUse02-2024 | 29.02.2024 को 15:00 बजे | ओखला (OKA) - 1 साइट्, हजरत निजामुद्दीन (HNZM) - 5 साइट्स। कुल 6 साइट्स / स्थल |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/**

**ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ :-**
**आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:**
- ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण–ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; - एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एस बी आई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है; वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नयातंत्र शुरू किया गया हैं, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

**सम्बंधित जानकारी हेतु, रेलवे प्राधिकारी** : वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055; Email: sanitationcell@gmail.com, Tel: 011-23743084

सं.: 7PUB/TN/Pay&UseToilets/Auction/2022 दिनांक: 13.02.2024 488/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# CATVISION LIMITED

CIN: L92111DL1985PLC021374
Regd. Office : H-17/202, Second Floor, Main Vikas Marg, Laxmi Nagar, Delhi-110092
Tel.:+91(120) 4936750, Website: www.catvisionindia.com Email: catvision@catvisionindia.com

**Extract of Un-audited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2023**

(Rs. in lakhs)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended 31.12.2023 (Un-audited) | Quarter ended 30.09.2023 (Un-audited) | Quarter ended 31.12.2022 (Un-audited) | Year ended 31.03.2023 (Audited) | Quarter ended 31.12.2023 (Un-audited) | Quarter ended 30.09.2023 (Un-audited) | Quarter ended 31.12.2022 (Un-audited) | Year ended 31.03.2023 (Audited) |
| 1 | Total Income from operations | 521.67 | 478.53 | 556.47 | 2162.69 | 521.67 | 478.53 | 556.47 | 2162.69 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (26.88) | (5.85) | 17.86 | (23.95) | (26.88) | (5.85) | 17.86 | (23.95) |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (26.88) | (5.85) | (28.82) | (70.63) | (27.35) | (12.37) | (42.28) | (86.88) |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (26.88) | (5.85) | (28.82) | (71.11) | (27.35) | (12.37) | (42.28) | (87.36) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | (26.88) | (5.85) | (28.82) | (71.11) | (27.35) | (12.37) | (42.28) | (87.36) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- each) | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 |
| 7 | Earnings Per Share (Face Value of Rs. 10/- each)<br>Basic: (in Rs.)<br>Diluted: (in Rs.) | (0.49)<br>(0.49) | (0.11)<br>(0.11) | (0.53)<br>(0.53) | (1.30)<br>(1.30) | (0.50)<br>(0.50) | (0.23)<br>(0.23) | (0.78)<br>(0.78) | (1.60)<br>(1.60) |

**Note:**
1) The above is an extracts of Un-audited Standalone & Consolidated Financial Results which were reviewed by the Audit Committee and thearefter approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 14th February, 2024.
2) The above results are prepared in accordance with the Indian Accounting Standards as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the relevant rules issued thereunder, as amended.
3) The above is an extract of the detailed format of the Un-audited Standalone & Consolidated Financial Results for the quarter and nine months ended 31st December, 2023, filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the above financial results are available on the website of the Stock Exchange www.bseindia.com and on the Company's website www.catvisionindia.com.

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
Syed Athar Abbas
Managing Director
DIN: 00770259

Place: Noida, U.P
Date: 14.02.2024



# BIHARIJI ISPAT UDYOG LIMITED

REGD. OFFICE: 38, COMMUNITY CENTRE, GROUND FLOOR, BASANT LOK, VASANT VIHAR, DELHI-110057.
CORPORATE OFFICE: SECTOR-45, MATHURA ROAD FARIDABAD, HARYANA, INDIA, 121003
Ph.:+91-11-32946682, 26414057, Tele-Fax:+91-11-41674116 Email Id: biharijiispat@gmail.com
CIN: L27109DL1974PLC007047; Web-site: www.biharijiispat.com

**Extract of Un-Audited Consolidated Financial Results for the Quarter ended December 31, 2023**

Rs. In Lakhs

| S. No. | PARTICULARS | Quarter Ended | | | Year to Date | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2023 | 30.09.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 |
| | | Un-audited | Un-audited | Un-audited | Un-audited | Un-audited | Audited |
| 1 | Total income from operations | 528.31 | 782.08 | 486.18 | 2054.82 | 2266.00 | 13314.00 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items.) | 25.72 | 18.43 | 31.95 | 88.03 | 38.10 | 9810.96 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 25.72 | 18.43 | 31.95 | 88.03 | 38.10 | 9828.73 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (2.09) | 23.56 | 4.33 | 54.67 | 5.10 | 9919.64 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period[ Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | (2.09) | 23.56 | 4.33 | 54.67 | 5.10 | 9919.64 |
| 6 | Equity Share Capital | 600.00 | 600.00 | 600.00 | 600.00 | 600.00 | 600.00 |
| 7 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | | | |
| | (a) Basic | (0.03) | 0.39 | 0.07 | 0.91 | 0.08 | 165.33 |
| | (b) Diluted | (0.03) | 0.39 | 0.07 | 0.91 | 0.08 | 165.33 |

**Notes:**
1. The above is an extract of the detailed format of Consolidated Audited Financial Results for the quarter Year ended on December 31, 2023, filed with the Mertopolitan Stock Exchange of India under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Un-audited Financial Results for the quarter ended on December 31, 2023 is available on the Stock Exchange website viz. www.msei.in and on Company's website viz. www.jstltd.com.
2. The above Un-audited financial results for the quarter Year ended on December 31, 2023 have been reviewed by the Audit Committee and have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 13-02-2024.
3. The Standalone Financial Results of the Company.

| S. No. | PARTICULARS | Quarter Ended | | |
|---|---|---|---|---|
| | | (31.12.2023) | (30.09.2023) | (31.12.2022) |
| | | Un-audited | Un-audited | Un-audited |
| 1 | Total Income from Operations | 528.31 | 782.08 | 486.18 |
| 2 | Profit before Tax | 25.78 | 18.49 | 31.95 |
| 3 | Profit after Tax | -2.03 | 23.62 | 4.33 |
| 4 | Total Comprehensive Income | -2.03 | 23.62 | 4.33 |

BIHARIJI ISPAT UDYOG LIMITED
Sd/-
(O.P. Bhardwaj)
Managing Director
DIN: 00060405

Place: New Delhi
Date: 13-02-2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरूवार, 15 फरवरी, 2024

# किसानों के मार्च का असर, दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था ध्वस्त; कम संख्या में राजधानी से रवाना हुई बसें

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



किसानों के दिल्ली कूच से सबसे अधिक परेशान यात्री हैं। प्रतिदिन लाखों लोग नौकरी, व्यवसाय, उपचार एवं अन्य कामों से दिल्ली आते हैं। दिल्ली सीमाओं पर बढ़ी चौकसी और सड़क बंद होने से आवागमन में परेशानी हो रही है।

मंगलवार को दिल्ली से काफी कम संख्या में हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के लिए बसें रवाना हुईं। इस कारण उत्तर दिशा में जाने वाली ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी। लोकल ट्रेनें और मेट्रो में भी भीड़ बढ़ गई। इस स्थिति का लाभ उठाते हुए विमान कंपनियों ने चंडीगढ़, अमृतसर और जम्मू का किराया बढ़ा दिया है।

हरियाणा, पंजाब जाने वाले यात्री आइएसबीटी कश्मीरी गेट पर भटकते रहे। वहां मौजूद कर्मचारी बसों के चलने की सही जानकारी देने में असमर्थता जता रहे है। सामान्य दिनों की तुलना में हरियाणा और पंजाब के लिए 20 प्रतिशत से भी कम बसें रवाना हुईं। पंजाब के यात्री तीन दिन से परेशान हैं।

ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी

लोकल ट्रेनों के साथ ही पंजाब व हरियाणा जाने वाली अन्य ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है। चंडीगढ़, लुधियाना व अमृतसर जाने वाली शताब्दी व वंदे भारत एक्सप्रेस में पहले आसानी से टिकट मिल जाता था। अब इन ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। जरूरत पड़ी, तो विशेष ट्रेन चलाने पर विचार होगा।

मेट्रो के कई स्टेशनों पर गेट बंद किए ब्लू लाइन, रेड लाइन, यलो लाइन सहित मेट्रो के अधिकांश कारिडोर पर यात्रियों की भीड़ रही। सुबह और शाम कार्यालय आने-जाने के समय पर अधिक भीड़ रही। केंद्रीय सचिवालय, पटेल चौक, राजीव चौक, कश्मीरी गेट सहित अन्य प्रमुख व इंटरचेंज मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों की अधिक भीड़ थी।

मेट्रो स्टेशन में प्रवेश के लिए कई स्टेशनों पर यात्रियों की लंबी लाइन लगी रही। पुलिस के निर्देश पर दिन में राजीव चौक, मंडी हाउस, केंद्रीय सचिवालय, पटेल चौक, उद्योग भवन, जनपथ और बाराखंभा रोड मेट्रो स्टेशन के कुछ गेट बंद कर दिए गए जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अधिकारियों का कहना है कि शाम सात बजे सभी बंद गेट खोल दिए गए थे।

ज्यादा किराया वसूल रहीं हैं विमानन कंपनियां

बसें नहीं चलने और ट्रेन में कंफर्म टिकट नहीं मिलने के कारण लोग विमान से यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। इस स्थिति का लाभ उठाते हुए विमान कंपनियों ने तीन से चार गुना तक किराया बढ़ा दिया है।

आम दिनों में अमृतसर का एयर टिकट साढ़े तीन से पांच हजार रुपये तक में मिलता है। अब 15 हजार तक किराया देना पड़ रहा है। साढ़े चार से सात हजार रुपये में मिलने वाला जम्मू का एयर टिकट बढ़कर 15 हजार से अधिक का हो गया है।

# 30 मिनट से एक घंटे की देरी से चल रही कई लोकल ट्रेनें



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मौसम में सुधार के साथ ही लंबी दूरी के यात्रियों को राहत मिलने लगी है। अधिकांश ट्रेनें अब समय पर चलने लगी हैं या फिर पहले की तुलना में कम विलंब से चल रही हैं। देरी से चल रही 30 ट्रेनें

बुधवार सुबह दिल्ली आने वाली 30 ट्रेनें एक घंटे से अधिक विलंब से चल रही हैं। इनमें से सिर्फ तेलंगाना एक्सप्रेस पांच घंटे से अधिक लेट है।

लंबी दूरी की ट्रेनें की स्थिति तो सुधरी हैं, लेकिन बुधवार को दैनिक यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। कई लोकल ट्रेनें 30 मिनट से लेकर एक घंटे की देरी से चल रही हैं।

पानीपत-नई दिल्ली मेमू विशेष, मथुरा-नई दिल्ली मेमू, मथुरा-गाजियाबाद मेमू, गाजियाबाद-पुरानी दिल्ली मेमू विशेष, पलवल-गाजियाबाद विशेष एक घंटे की देरी से चल रही है। चार घंटे से अधिक विलंब से दिल्ली पहुंचने वाली ट्रेनें

| ट्रेन | देरी |
|---|---|
| हैदराबाद-नई दिल्ली तेलंगाना एक्सप्रेस | आठ घंटे |
| प्रयागराज संगम-चंडीहढ़ ऊंचाहार एक्सप्रेस | पौने पांच घंटे |
| कामख्या-पुरानी दिल्ली ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस | पौने पांच घंटे |
| बरौनी-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस | सवा चार घंटे |

दिल्ली की सीमाओं पर कड़ी सुरक्षा

किसानों के दिल्ली कूच के कारण दिल्ली की सीमाओं पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और कई सड़कें बंद होने के कारण लंबा जाम लग रहा है। इस स्थिति में एनसीआर के अन्य शहरों से दिल्ली आने वाले यात्रियों के लिए लोकल ट्रेन एक मात्र सहारा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सुबह के समय कोहरा रहने के कारण कुछ ट्रेनें लेट हुई हैं।

# केजरीवाल को ईडी ने भेजा छठा समन



- शराब घोटाले में 19 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

शराब घोटाले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिर से समन भेजा गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री को छठी बार समन भेजा है। इससे पहले बार-बार एऊके समन को नजरअंदाज करने पर राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को समन जारी किया गया था। दिल्ली की कोर्ट ने ईडी की याचिका पर 17 फरवरी को पेश होने को कहा था। खास बात है कि कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में अरविंद केजरीवाल को ईडी पांच बार समन भेज चुकी है। हालांकि, मुख्यमंत्री एक बार भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए हैं। उधर बार-बार ईडी के समन को ठुकराने पर 07 फरवरी को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए 17 फरवरी को पेश होने को कहा था। हालांकि, उस दौरान आम आदमी पार्टी ने कहा कि वह कानून के अनुसार कार्रवाई करेंगे। हम अदालत के आदेश का अध्ययन कर रहे हैं और कानून के अनुसार कार्रवाई करेंगे। हम अदालत को सूचित करेंगे कि प्रवर्तन निदेशालय के सभी समन कैसे अवैध थे।

# उत्तर पूर्वी दिल्ली में होंगे सांसद खेल महोत्सव 15 फरवरी से : मनोज तिवारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी से होगा, जिसके तहत एथलेटिक्स, टेनिस बॉल क्रिकेट, स्केटिंग, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, महिला क्रिकेट, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें संसदीय क्षेत्र की 10 विधानसभा की 10-10 टीम में भाग लेंगी। यह प्रतियोगिताएं क्रमशः मल्का गंज के रोशनारा क्लब पूर्वी दिल्ली खेल परिसर ताहिरपुर और नंद नगरी के जिला पार्क में होंगी। मनोज तिवारी ने कहा कि संसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन वर्षों से मैं अपने संसदीय क्षेत्र में करता आ रहा हूं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर इस बार जो प्रतियोगिताएं आयोजित होगी उनमें उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के कोने-कोने से छिपी प्रतिभाओं को अवसर दिया जाएगा। तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह आह्वान पूरे देश में सांसदों के माध्यम से खेल प्रतिभाओं के लिए एक अच्छा और सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है, इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से कई ऐसी खेल प्रतिभाएं निकलेगी जो देश में दिल्ली का और दुनिया में देश का नाम रोशन करेंगी।

# 72वीं जयंती पर पूर्व केंद्रीय विदेश मंत्री एवं दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्रीमती सुषमा स्वराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में पूर्व केंद्रीय विदेश मंत्री एवं दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्रीमती सुषमा स्वराज को उनकी 72वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि सुषमा स्वराज भारतीय जनता पार्टी की मजबूत नेता थी। सुषमा जी को दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

सुषमा स्वराज एक कुशल वक्ता और मंझी हुई राजनेता थीं। उनके व्यक्तित्व में भारतीय संस्कृति की छाप स्पष्ट दिखती थी। उनके चेहरे पर मोहक मुस्कान, विचारों में दृढता और काम के प्रति उनका समर्पण उनकी विशिष्ट पहचान थी। बीमारी के बावजूद आजीवन उन्होंने देश के लिए अनथक परिश्रम किया।

# हर्षोल्लास से मनाया बसन्त उत्सव

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद द्वारा परिषद कार्यालय सभागार, लक्ष्मी नगर मे बसंत उत्सव का आयोजन किया गया। महासचिव अशोक जैन ने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम मे नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों ने रंग बिरंगें परिधानों मे हर्षोल्लास के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर, उपस्थित जन समुदाय का मन मोह लिया। नन्दिनी जैन के निर्देशन मे कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि निगम पार्षद अल्का राघव व परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन (मनोनीत निगम पार्षद) ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को उपहार भेंट कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर परिषद के संस्थापक अशोक जैन को 80वें वर्ष मे प्रवेश करने पर ढेरसारी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके स्वस्थ व दीघार्यु की कामना की। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी बच्चों व अतिथियों को रविन्द्र कुमार जैन द्वारा मिष्ठान व रजत जैन की ओर से उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर परिषद के उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन, सहसचिव आलोक जैन, संगठन सचिव राकेश जैन, राम किशोर शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित निगम, अजय जैन आदि उपस्थित रहे।

# बीसंत पंचमी पर आयोजित हुए विभिन्न सनातनी कार्यक्रम



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

वरिष्ठ भाजपा नेता व यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने रामा गार्डन, सैनी पंचायत शिव मंदिर, न्यू सीलमपुर, वेस्ट करावल नगर 20 फुटा रोड़ व वजीराबाद गांव में आयोजित वंसत पंचमी के कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए और वहां पर उपस्थित सनातनी भारतीयों को संबोधित करते हुए वसंत के दिन पीली चीजों के शुभ उपयोग का वैज्ञानित व आध्यात्मिक महत्व बताया। उन्होंने कहा कि पीली चीजों का प्रयोग, सरस्वती माता को प्रसन्न कर देता है और वह बुद्धि, विवेक और ज्ञान का आशीर्वाद देती है। इसी कारण से वसंत पंचमी को त्यौहार के रूप में मनाने का, सनातन धर्म में चिरकाल से प्रचलन है। इसके साथ ही श्री गोयल ने वीर हकीकत राय, जिन्होंने हिन्दू धर्म के अपमान का प्रतिकार किया व जबरन इस्लाम स्वीकारने के बजाए वसंत पंचमी के दिन ही मृत्यु को गले लगाया, को सभी जगह पर, भावपूर्ण श्रृद्धांजलि भी अर्पण की। साथ ही साथ पुलवामा आतंकी हमले की 5वीं बरसी पर वीर शहीदों को भी नमन किया और उनके बलिदान को याद करते हुए उन्हें भी श्रृद्धांजलि दी और कहा कि राष्ट्र सदैव इन बहादुरों की ऋणी रहेगा। श्री गोयल ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए बड़ा ही हर्ष हो रहा है कि मुस्लिम देशों में भी हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी सनातन की पताका को आकाश में फहरा रहे हैं, उन्होंने आज ही आबूधाबी (यूएई) में पहले हिन्दू मंदिर का उद्घाटन किया है। यह हम सब भारतीयों के लिए बड़े ही गर्व का पल है। सभी जगह पर राम के रंग में पूरी तरह से रंगे हुए रामभक्तों को अपने हाथ से अयोध्या का प्रसाद भी जय श्रीराम के उद्घोषों के बीच बड़े ही भाव व प्रेम से वितरण किया। आज के ही वसंत पंचमी के शुभ दिवस पर सेवा भारती द्वारा आयोजित जैन स्थानक धर्मशाला बलबीर नगर में सामूहिक विवाह समारोह में भी श्री गोयल सम्मिलित हुए और उन्होंने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए वर वधू को आशीर्वाद भी प्रदान किए।

# श्याम लाल कॉलेज में सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक गणित पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन: विजन इंडिया @2047 आयोजित



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज में सैद्धांतिक एवम्-व्यावहारिक गणित पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनः विजन इंडिया @2047 का सफल आयोजन किया गया। गणित में प्रगति के उद्देश्य से तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन श्याम लाल कॉलेज के गणित विभाग और आईक्यूएसी द्वारा आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य गणित के क्षेत्र में नवीनतम शोध और विकास पर चर्चा करने और भारत के भविष्य में गणित के महत्व को उजागर करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। सम्मेलन का उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों के डीन प्रोफेसर बलराम पाणि द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में अतिथि विशिष्ट के रूप में डॉ श्रीराम चौथाइवाले, अखिल भारतीय संयोजक, वैदिक गणित, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली और प्रोफेसर रुचि दास, गणित विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय उपस्थित थे। यह सम्मेलन श्याम लाल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रबि नारायण कर के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी दृष्टिकोण के तहत आयोजित किया गया। सम्मेलन के आयोजन में प्रोफेसर कुशा तिवारी (आईक्यूएसी निदेशक), डॉ सुबोध कुमार (संयोजक), श्री बलराम किंद्रा (सह-संयोजक) और एक समर्पित आयोजन समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस समिति में शामिल थेः डॉ सीमा गुगलानी, डॉ अनुज कुमार शर्मा, डॉ वीरेंद्र, डॉ रजनी अरोड़ा, डॉ सौभाग्यलक्ष्मी सिंह, डॉ विनोद कुमार, संदीप कुमार, डॉ सुधीर कुमार यादव, डॉ स्वाति यादव, डॉ मुकेश कुमार और डॉ राहुल बोध। तीन दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के प्रख्यात गणितज्ञों द्वारा आमंत्रित वार्ताएँ दी गईं। इन वाताओं में संख्या सिद्धांत, बीजगणित, ज्यामिति, विश्लेषण, संभाव्यता और सांख्यिकी जैसे गणित के विभिन्न क्षेत्रों में नवीनतम शोध शामिल थे। इसके अलावा, लगभग 200 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें गणित के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान शामिल था, जैसे कि गणित के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं पर शोध, विभिन्न विषयों में गणित के उपयोग पर शोध, और विभिन्न क्षेत्रों में गणितीय मॉडलिंग। सम्मेलन के समापन समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय, गणित विभाग के प्रोफेसर बी.के.दास की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति ने सम्मेलन को गरिमा प्रदान की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर चंद्र के जग्गी ने अपने प्रेरणादायक भाषण से सम्मेलन को यादगार बना दिया। डॉ सुबोध कुमार ने सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह सम्मेलन शानदार सफलता वाला रहा। इसने गणित के क्षेत्र में अग्रणी शोधकताओं को एक साथ लाकर और भारत में गणित शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मेलन ने गणित के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा शोधकताओं को भी प्रोत्साहित किया।

# डीयू के हिंदू अध्ययन केंद्र में बसंतपंचमी पर कार्यक्रम आयोजित





नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विश्व विद्यालय के हिन्दू अध्ययन केन्द्र में बसन्त पंचमी के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कत्थक-नृत्यांगना पद्म श्री नलिनी एवं कमीलिनी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ हिन्दू अध्ययन केन्द्र के निदेशक प्रो. ओमनाथ बिमली, सह निदेशक प्रो. प्रेरणा मल्होत्रा, प्रो. पंकज मिश्र, डॉ. आदित्य गुप्ता, डॉ. धनंजय कुमार आचार्य, डॉ. स्मिता अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, पद्मश्री नलिनी ने इस संसार रूपी रंगमंच में अपने किरदारों और कर्तव्यों का सुचारू रूप से निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अपने जीवन से जुड़ी हुई कई घटनाओं का भी उल्लेख किया जहां उन्होंने भारत का नेतृत्व कर देश के नाम को उजागर किया था। उन्होंने जीवन में गुरु की महत्ता को दशार्ते हुए बताया कि किस प्रकार से किसी व्यक्ति के जीवन में एक अच्छा गुरु जीवन की दिशा बदलकर नए आयामों की ओर ले जा सकता है। कार्यक्रम के आरंभ में केंद्र की सह निदेशक प्रो. प्रेरणा मल्होत्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम निदेशक प्रो. ओम नाथ बिमली ने भी स्वागत उद्बोधन देकर सभी को भारतीय ज्ञान पद्धति में सरस्वती तत्व को उजागर करते हुए ज्ञान एवं शिक्षा के विभिन्न आयामों से परिचित कराया। मुख्य वक्ता के भाषण के उपरांत छात्रा तान्या ने मां के ऊपर रचित कविता सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में भारत की एकता एवं अखंडता का परिचय देते हुए छात्रों ने क्षेत्रीय नृत्य प्रस्तुत किए। छात्र जयंत के द्वारा भारतीय सभ्यता में विद्या और ज्ञान में निहित सत्य और सत्य से शिव की परिकल्पना को पूरा करते हुए शिव तांडव की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद बिहार की गरिमा की प्रस्तुति लोकगीत के माध्यम से बच्चों ने की, जिसके बोल थे ह्यबताई दै बबुआ लोगवा देत काहे गारीह्ल। अंत में प्रो. प्रेरणा मल्होत्रा ने सभी के सहयोग हेतु सभी आयोजकों तथा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालक लावण्या एवं हिमांशु द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# निगम के सफाई कर्मचारियों ने किया मुख्यमंत्री निवास विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर बुधवार को चंदगीराम अखाड़ा से मुख्यमंत्री निवास पर विरोध प्रदर्शन किया और सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को माना नहीं गया तो पूरी दिल्ली में 27 फरवरी को सामूहिक हड़ताल करेंगे। इस हड़ताल के जिम्मेदार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल होंगे। जबकि इससे पहले भी सफाई कर्मचारियों ने विशाल धरना प्रदर्शन 10 जनवरी को सिविक सेंटर पर हजारों की संख्या में अपनी मांगों को लेकर विरोध किया था। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल की आग नहीं बुझी न तो रहम भी नहीं आया अपनी दमनकारी नीतियों को जारी रखे हुए हैं। सफाई कर्मचारीयो और कोर कमेटी यूनियनों के कार्यकताओं ने दिल्ली की जनता से अपील की है कि हम निर्दोष हैं दिल्ली सरकार दोषी है। प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए सुल्तानपुर माजरा के पूर्व विधायक जयकिशन ने कहा कि बहुत बड़ा झूठ के माहिर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लोगों को पूरे तरीके से बेवकूफ बनाने मे लगे हुए हैं। दिल्ली की जनता और देश की जनता के आंखों में धूल झोंक रहे हैं। अपने आप को सरदार भगत सिंह का हवाला देकर कट्टर ईमानदार बता रहे हैं और बाकी लोगों को बेईमान बता रहे हैं।

# एक-दूसरे को भ्रष्ट कहने वाली कांग्रेस और आप गठबंधन करने में लगी हैं : गोयल

नई दिल्ली। दिल्ली में कांग्रेस के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के बयान पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने हैरानी व्यक्त करते हुए कहा दिल्ली में लोक सभा कि सीटों पर आम आदमी पार्टी लगातार कांग्रेस को बेइज्जत कर रही है, फिर भी अरविन्दर सिंह लवली आम आदमी पार्टी के पीछे दौड़ रहे हैं। जो आम आदमी पार्टी कांग्रेस के भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सत्ता में आई थी और इसी आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के खिलाफ 370 पेज कि एफआईआर करवायी थी और उन्हें जेल भेजने की बात कही थी। उसी से गठबंधन की बात हो रही है। गोयल ने कहा कि गिरावट की हद होती है, कांग्रेस के अध्यक्ष लवली उसी आम आदमी पार्टी से दिल्ली के लोकसभा चुनाव में समझौता करने की बात कर रहे हैं। यदि आम आदमी इतनी अच्छी है तो अरविन्दर सिंह लवली को केजरीवाल की पार्टी में शामिल हो जाना चाहिए। कल तक कांग्रेस भी आम आदमी पार्टी के एक-एक भ्रष्टाचार गिनवा रही थी, चाहे वह मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का शीश महल हो, शराब या जल बोर्ड घोटाला हो। आम आदमी पार्टी रोज कांग्रेस को ठेंगा दिखा रही है और कांग्रेस अध्यक्ष लवली, लगता है पूरी अपनी पार्टी आम आदमी पार्टी को बेच देना चाहते हैं। गोयल ने कहा दोनों पार्टियां भारी भ्रष्टाचार में डूबी हैं और दोनों ने अपने-अपने राज में दिल्ली को खूब लूटा है और अब चोर-चोर मौसेरे भाई का खेल, खेल रहे हैं। गोयल ने अजय माकन और संदीप दीक्षित की चुप्पी पर भी हैरानी व्यक्त की। गोयल ने चुनौती दी, दोनों पार्टियां अगर मिलकर भी चुनाव लड़ लें तो भी दिल्ली की सातों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विजयी होंगी।

# नाटकों के विभिन्न रंगों को देखने दर्शकों की खूब हो रही जुटान

- भारत रंग महोत्सव में लगातार बेहतरीन प्रस्तुतियां

सुशील देव



राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में आज 5 कथाओं, 3 नुक्कड़ नाटक और पंजाब के भांगड़ा नृत्य के साथ महाराष्ट्र की लावणी की झलक दिखाई गई. भांगड़ा नृत्य में कलाकारों की ने पंजाब की मिट्टी की खुशबू बिखेरी। वहीं महाराष्ट्र की ऊजार्वान लावणी ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटकों में आज मिट्टी न होवे मातृये, एनी फ्रैंक, कोउस, सोरादांडी नालिके और शैडो ऑफ द ऑथेलो का मंचन किया गया.

नुक्कड़ नाटकों में आज किरोड़ीमल कॉलेज ने तीन महिलाओं की कहानी के जरिए शादी के बाद महिलाओं के उनकी सहमति की बात रखी. नाटक में महिलाओं पर शादी के बाद होने वाले अत्याचार पर भी प्रकाश डाला गया. जीबी पंत ऊएव ओखला कैंपस 1 ने हैप्पीनेस इंडेक्स पर अपनी प्रस्तुति दी और दिनचर्या के दौरान खुशी में आने वाले चुनौतियों के बारे में लोगों को बताया। वहीं, मायावी रंगमंच रंगालय फाउंडेशन ने थिएटर के महत्व और इसे कॉलेज और स्कूल में बढ़ावा देने के लिए अपनी बात रखी. फाउंडेशन ने थिएटर को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की बात कही. शैडो ऑफ द ऑथेलो में कुछ गावं के बेरोजगार, आवारा, आधे-नौकरीशुदा लोगों को दिल्ली के थिएटर कलाकार ज्ञानेंद्र राज अंकुर एक्टिंग, जीवन के बारे में ज्ञान देते हैं. गावं के लोग एक हिंदी फिल्म ओमकारा से प्रेरित होकर इसके कलाकारों की तरह एक्टिंग करना चाहते हैं लेकिन अंकुर ओथेलो को पर्दे पर दिखाना चाहते हैं. सोरदंति नालिके का निर्देशन भुवन मणिपाल ने किया है. ये नाटक मानव की भावनात्मक दुनिया में कारण और अकारण, वास्तविकता और भरम के बीच संघर्ष को दिखाता है. इस नाटक के जरिए ये बताया गया है कि काम में अत्यधिक व्यस्तता नुकसानदेह हो सकती है. मलयालम में प्रस्तुत किये गए कोहाउस पेपर स्कवायर पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित सोजन रोसम्मा सैम की कहानी सीओ का एक स्वंत्रत नाट्य रूपांतरण है. ये एक काल्पनिक रियलिटी शो है जहां प्रतियोगियों को एक सफेद कमरे में रहना पड़ता है और जीवित रहने के लिए एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करनी होती है और अंतिम व्यक्ति 50 करोड़ रुपये जीतता है.

एलटीजी ऑडिटोरियम में हुए एनी फ्रैंक नाटक डायरी ऑफ ए यंग गर्ल पर आधारित है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मन डायरीकार ऐनी फ्रैंक का व्यक्तिगत विवरण है. जो कि एक 13 साल की लडकी की मार्मिक कहानी है जिसने बंदियो के जीवन की व्यथा अपनी डायरी मे बयान की हैं। इसके निर्देशक हैं काजी अनीसुल हक बोरून।

मिट्टी न होवे मातृये कॉकेशियन चॉक सर्कल जर्मन आधुनिकतावाद नाटककार बर्टोल्ट ब्रेख्त का एक नाटक है. ये इसका पंजाबी संस्करण है. ब्रेख़्त के इपिक थिएटर का एक उदाहरण, यह नाटक एक किसान लड़की के बारे में एक दृष्टान्त है जो एक बच्चे को बचाती है और बच्चे के अमीर माता-पिता की तुलना में एक बेहतर मां बन जाती है. इस नाटक के निर्देशक केवल धालीवाल हैं.

रंगमच प्रेमियों के लिए कल दिल्ली में कल 5 बजे से श्री राम सेंटर में तोह राजहंस एक- 6 बजे से एलटीजी में पूर्णा पुरुषा, 7 बजे से कमानी ऑडिटोरियम में जीने भी दो यारो और अंतिम 7 बजे से मेघदूत में वितस्ता द ऑपेरा का मंचन किया जाएगा.

# जैविक फिल्टर कम करेगा वाहनों का जहरीला प्रदूषण, तुरई और शैवाल से बनाया बायोस्मोस्ट्रैप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

वाहनों से उत्सर्जित होने वाले प्रदूषीय गैस के कारण शहरों की हवा जहरीली हो रही है। इसका दुष्प्रभाव मानव शरीर पर बेहद घातक हो रहा है। राष्ट्रीय राजधानी समेत देश के कई शहर साल दर साल इसके दुष्प्रभाव को झेल रहे हैं। अब इसे कम करने के लिए पर्यावरण अनुकूल घरेलू संसाधन का उपयोग करने की तैयारी है। तुरई और शैवाल का एक लेमिनेट मिश्रण तैयार गया है, जिसे वाहनों के साइलेंसर में लगाकर जहरीली गैसों के उत्सर्जन को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। जल्द ही यह बाजार में काफी सस्ती दर पर उपलब्ध होगी। बायोस्मोट्रैप नाम के इस जैविक फिल्टर को पुणे स्थित डॉ. डीवाई पाटिल जैव संस्थान के माइक्रोबियल डायवर्सिटी सेंटर की टीम ने वाहनों से निकलने वाले प्रदूषक तत्वों को कम करने के लिए विकसित किया है। बायोस्मोट्रैप वाहनों से निकलने वाले कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रिक ऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और पीएम 2.5 जैसे प्रदूषकों को 70-80% कम कर सकता है। इस शोध को पेटेंट संरक्षण प्राप्त है। इसे जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद की ओर से गांधियन यंग टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन ग्रैंड अवार्ड मिल चुका है। परिषद की ओर से पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए इस नवाचार को मान्यता भी दी गई है। अब इसको एक कंपनी के माध्यम से वाणिज्यिक प्रक्रिया शुरू करने की पहल की गई है। वर्ष 2014 में शुरू किए गए इस शोध को वर्ष 2022 में पूरा करने के बाद इसे कई स्तर पर एक साल तक जांच की गई। जनवरी में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक विज्ञान प्रतियोगिता में शामिल हुए इस नवाचार को प्रथम पुरस्कार दिया गया था और विज्ञानियों ने इसे वायु प्रदूषण को कम करने में किफायती और अहम सफलता बताया था।

ऐसे किया जाएगा उपयोग

बायोस्मोट्रैप वाहनों के साइलेंसर के अंतिम सिरे पर लगाया जाएगा, ताकी बदलने में भी आसानी हो। इसके लिए एक एसेंबली होगी, जिसकी मदद से इसे साइलेंसर में लगा दिया जाएगा। इससे वाहन से होने वाला उत्सर्जन इसी फिल्टर के माध्यम से होकर गुजरा।

10 से 50 रुपये होगी कीमत

इस फिल्टर को हर 500 किमी यात्रा के बाद बदलने की आवश्यकता होगी। ऐसी स्थिति में सिर्फ फिल्टर को बदला जाएगा। फिल्टर की कीमत 10 से 50 रुपये तक होगी। दोपहिया वाहनों के लिए इसकी कीमत कम होगी और चारपहिया वाहनों के लिए अधिक होगी।

पुराने वाहनों के लिए और भी मददगार

राजधानी में प्रदूषण ज्यादा बढ़ने पर बीएस3 पेट्रोल और बीएस4 डीजल चालित वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया जाता है। बताया जाता है कि ये वाहन ज्यादा प्रदूषण करते हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में वाहन चालकों को परेशानी होती है। इसके परिणाम को देखते हुए उपयोगी माना जा रहा है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 15 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### श्रद्धांजलि सभा सह भोज का आयोजन



सहरसा। शिवालक आश्रम, प्रखंड कांग्रेस कार्यालय, सब्जी बाजार, सहरसा में प्रखंड कांग्रेस कमिटी, कहरा के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सहरसा कांग्रेस के राजनीतिक पितामह स्व0 जटाशंकर चौधरी, पूर्व मंत्री स्व0 पंडित रमेश झा और कद्दावर नेता स्व0 बीरेंद्र नारायण सिंह, मुखिया जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि सभा और चुरा-दही का भोज का आयोजन किया गया ' जिलाध्यक्ष -मुकेश कुमार झा ने कहा कि -तीनों महापुरुष महान समाज सेवी, दलितों के रक्षक, कोसी के विकास पुरुष, कांग्रेस के मार्गदर्शक और संघ्रषशील व्यक्ति थे ' स्व0 रमेश झा जी सहरसा का विकास की जो रेखा खींचा, वह आज भी हमें प्रेरणा दे रहा है ' ऐसे धरती पुत्र अभी तक कोसी क्षेत्र को नसीब नहीं हुआ है ' प्रखंड अध्यक्ष - पंकज कुमार सिंह ने कहा कि- - तीनों महापुरुष कोसी के धरोहर थे और कांग्रेस पार्टी को शिखर तक ले गये ' प्रदेश प्रतिनिधि - रामसागर पाण्डेय ने कहा कि -स्व0 जटा बाबू महान स्वतंत्रता सेनानी हीं नहीं बल्कि महान उदारवादी नेता थे जिन्होंने वर्ष 1952 ई में अपना पार्टी चुनाव का टिकट और चिन्ह रमेश झा जी को देकर जिताया और बिहार विधानसभा का विधायक बनाया ' आज के कार्यक्रम में -- जिला उपाध्यक्ष - कुमार हीरा प्रभाकर, सुरेंद्र नारायण झा गोपाल, मिथिलेश प्रसाद सिंह, रामानंद प्रसाद सिंह, नवीन कुमार सिंह, मुरली मनोहर सिंह, चमक लाल यादव, बीरेंद्र पासवान, जवाहर झा, मुकेश कुमार सिंह, शंकर झा, लाल मोहर मेहता, अनिल कुमार मिस्त्री, कैलाश प्रसाद दास, अनिल कुमार सिंह, परमानन्द खां, बुद्धि नाथ झा, बच्चन सिंह, नीलू सिंह, दिलीप चोबे, प्रमोद कुमार सिंह, बैधनाथ झा, अमित कुमार सिंह, मंगल झा, अमर जीत सिंह, गिरधारी सिंह, प्रकाश कुमार सिंह, मनोज झा नेता, अमित कुमार चौधरी, मृतुन्जय सिंह, श्री मती प्रतिभा सिंह, रंजीत सिंह, बेचन पासवान, रमेश मंडल, मणि भूषण यादव, कमल किशोर पोद्दार आदि थे।

# दूसरों के लिए जीने की प्रेरणा देता है दर्शन : एन पी तिवारी

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा ।भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के शैक्षणिक परिसर अवस्थित विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग में मानव जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना के सेवानिवृत्त प्रो. (डॉ.) नरेश प्रसाद तिवारी ने कहा कि प्रायः सभी मनुष्य सुख चाहते हैं। यदि सभी लोग सिर्फ अपने सुख की ही कामना करने लगेंगे, तो मानव जीवन मुश्किल हो जाएगा। अतः मात्र व्यक्तिगत सुख की प्राप्ति ही मानव जीवन का लक्ष्य नहीं होना चाहिए। अतः सच्चा दर्शन हमें दूसरों के लिए जीना सिखाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम् एवं सर्वेभवन्तु सुखिनः के आदर्शों पर आधारित है। इसमें सभी मनुष्यों एवं संपूर्ण चराचर जगत के सुख की कामना की गई है। इसमें समाज एवं राष्ट्र के कल्याणार्थ आपने व्यक्तिगत सुख एवं स्वार्थ के त्याग की शिक्षा दी गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय नैतिक मूल्य हमें परोपकार के लिए प्रेरित करते हैं। नैतिक मूल्यों के कारण ही लोग दूसरों के सुख के लिए अपने व्यक्तिगत सुखों को त्याग देते हैं। माँ अपने बच्चों के लिए त्याग करती हैं। सैनिक अपने देशवासियों की रक्षा हेतु खुद असह्य दुःख झेलते हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए पूर्व कुलपति प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी ने कहा कि मानव जीवन मूल्यों पर आधारित है। हम मूल्यों के कारण ही जीवित हैं और मूल्यों पर ही पूरी धरती टिकी है। इन मूल्यों के बगैर मानव-जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारा प्राचीन भारतीय दर्शन नैतिक मूल्यों का खजाना है। इसमें दर्शन, योग, आयुर्वेद, साहित्य, संस्कृति, राजनीति, अर्थशास्त्र आदि विषयों पर प्रचुर मात्रा में ज्ञान भरा पड़ा है। हमें भारतीय ग्रंथों में उपलब्ध ज्ञान पर विशेष शोध की आवश्यकता है। युवाओं को हमारी समृद्ध संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा से जोड़ने की जरूरत है। हम ऐसा कर सकेंगे, तो पुनः दुनिया में हमारे ज्ञान-विज्ञान की विजय पताका फहरेगी और हम पुनः विश्वगुरु बनकर उभरेंगे। उन्होंने कहा कि आज पश्चिमी जगत में भौतिकवाद का प्रकोप भारत से अधिक है। वहां परिवार एवं समाज टूट रहा है और लोग निराशा एवं हताशा में जीने को मजबूर हैं। ऐसे में दुनिया के सभी देशों के लोग भौतिकवाद से त्राण पाने के लिए और शांति की खोज में भारत की ओर आता रहा है। अतः हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम अपनी नैतिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करें और उसे अपने दुनिया के सामने लाएं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आर. के. मल्लिक ने कहा कि नैतिक मूल्य समय एवं स्थान के हिसाब से बदलते रहते हैं। लेकिन ये मानव जीवन के लिए हमेशा प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को हमेशा अपने जीवन में नैतिक मूल्यों का पालन करना चाहिए और अपनी अंतरात्मा की आवाज को सुनकर ही काम करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि निदेशक (आईक्यूएसी) प्रो. नरेश कुमार ने कहा कि मानवीय मूल्य ही हमें पशुओं से अलग करते हैं। यदि मानव जीवन में नैतिक मूल्य नहीं होगा, तो मनुष्य पशु हो जाएगा ।सम्मानित अतिथि हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. उषा सिन्हा ने कहा कि हमें जीवन में सकारात्मक होना चाहिए। बुराइयों को छोड़कर अच्छाइयों को जीवन में अपनाना चाहिए। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. राणा सुनील सिंह ने कहा कि नैतिकता जीवन एवं जगत के सभी आयामों से जुड़ा है। हमारे सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक सभी क्षेत्रों में नैतिकता की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने की। विभागाध्यक्ष ने बताया कि दर्शनशास्त्र विभाग शैक्षणिक रूप से काफी सक्रिय रहा है। आगे इसके समग्र शैक्षणिक उन्नयन हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इसके पूर्व अतिथियों को अंगवस्त्रम्एवं डायरी भेंटकर सम्मानित किया गया ।संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर विनय कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन अतिथि व्याख्याता डॉ. कुमार ऋषभ ने किया। इस अवसर पर एम. एड. विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. एस. पी. सिंह, बी. एड. विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. योगेश पांडेय, डॉ. मोनिका, डॉ. अजय कुमार, ले. गुड्डु कुमार, डॉ. शशांक मिश्र, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. मोहित गुप्ता, डॉ. राजकुमार, सुपेन्द्र कुमार सुमन आदि उपस्थित थे।

# केंद्र की तरह बिहार का बजट भी निराशाजनक : किशोर कुमार

प्रात: किरण, संवाददाता



सहरसा। बिहार विधानसभा में पारित 278000 करोड़ के बजट पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए पूर्व विधायक किशोर कुमार ने कहा कि केंद्र की तरह प्रदेश सरकार का भी बजट बिहार के लिए निराशाजनक है। इस बजट में कोई ऐसी बातें नहीं दिखती हैं, जिससे बिहार के पिछड़ेपन को दूर किया जा सके। आज एक पखवाड़ा हो गया केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार है बावजूद इसके सरकार की ओर से बिहार की उन्नति के लिए कोई विजन इस बजट में नहीं दिखता। बिहार को संसाधन की जरूरत है लेकिन बजट में इसका प्रावधान नहीं है। किशोर कुमार ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष योजना मद में एक लाख करोड़ का बजट लाया गया है और नए आने वाले वित्त वर्ष में भी योजना के लिये एक लाख करोड़ का बजट लाया गया। केंद्र से अनुदान की राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस बजट से बिहार का विकास होगा यह बेईमानी है जो लोग कह रहे हैं। इससे विकास को गति मिलेगी वह भी गलत है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र की भूमिका अहम होगी। इसलिए जब तक केंद्र से सहायता की अनुदान नहीं बढ़ती तब तक विकास की रफ्तार कम ही रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा यदि सहभागी बनी है तो बिहार के विकास को गति देने के लिए केंद्र सरकार से इंट्रेस्ट मद में 25000 करोड़ का सहायता दिलवाएं जो बिहार का हक भी है। एक बार फिर से बजट में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की बात गायब है ।डबल इंजन की सरकार विहार के साथ छल कर रही है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

# सौर बाजार पुलिस ने अभियान चला कर डीजे किया जब्त



प्रात: किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा- सरस्वती पूजा को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सौर बाजार पुलिस ने बुधवार को सुहथ गांव में एक पूजा स्थल से एक पिकअप पर बिना अनुमति के बजते डीजे को जब्त कर थाना लाया गया। ज्ञात हो कि थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के निर्देश पर बुधवार को फ्लैग मार्च निकाल कर विभिन्न पंचायत का भ्रमण किया जा रहा था उसी दौरान सुहथ गांव में बिना अनुमति के एक पिकअप पर बज रहे डीजे को जब्त कर थाना ले आए। थानाध्यक्ष ने बताया कि सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें जनप्रतिनिधि समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। शांति समिति की बैठक में जनप्रतिनिधि समेत अन्य गणमान्य लोगों से आग्रह किया गया था कि अपने-अपने गांव में सामाजिक तत्वों पर अपनी नजर रखनी है ताकि कोई भी किसी प्रकार की गड़बड़ी व अफवाहें नहीं फैला सके। असामाजिक तत्व के लोगों को चिन्हित किया जाएगा जहां असामाजिक तत्व के लोग किसी भी अफवाह या घटना को अंजाम देने की कोशिश करते मिले तो तुरंत थाने को सूचना दें। उन्होंने कहा कि जिन जगहों पर सरस्वती की प्रतिमा स्थापित होगी उन जगहों पर डीजे नहीं बजनी चाहिए। मूर्ति विसर्जन के समय जुलूस भी निकालने की अनुमति नहीं हैं। थाना अध्यक्ष ने बताया कि नियम का उल्लंघन करने वाले किसी भी सूरत में बख्से नहीं जाएंगे। उनके विरोध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चिचाकी स्टेशन पर तीन जोड़ी ट्रेनों का ठहराव

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। विदित हो कि पिछले दिनों जारी प्रेस विज्ञप्ति में रेलवे द्वारा उर्स के अवसर पर पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के नेताजी सुभाषचंद्र बोस गोमो-कोडरमा के मध्य स्थित चिचाकी स्टेशन पर दिनांक 20.02.2024 से 29.02.2024 तक अस्थायी रूप से तीन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का दो-दो मिनट का ठहराव प्रदान किये जाने की सूचना दी गयी थी । अब रेल प्रशासन द्वारा उर्स के अवसर पर आने वाले जायरिनों की सुविधा के मद्देनजर चिचाकी स्टेशन पर तीन जोड़ी ट्रेनों का ठहराव 15.02.24 से ही दिये जाने का निर्णय लिया गया है तथा यह ठहराव 29.02.24 तक प्रभावी होगा । ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है

- गाड़ी संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस 15.09 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 15.11 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी
- गाड़ी संख्या 18626 हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस 10.21 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 10.23 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी
- गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस 18.04 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 18.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी
- गाड़ी संख्या 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस 08.43 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 08.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी
- गाड़ी संख्या 13307 धनबाद-फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्सप्रेस 22.52 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 22.54 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी
- गाड़ी संख्या 13308 फिरोजपुर-धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस 03.04 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 03.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गयी विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा

प्रात: किरण, संवाददाता



मुरलीगंज, घेलाढ़(मधेपुरा) शहर के साथ साथ प्रखंड अंतर्गत गांव में भी बुधवार को धूम धाम से सरस्वती पूजा मनाई गई। सरस्वती पूजा मनाने को लेकर सुबह से ही सभी स्कूल व कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया। शहर के सभी पूजा पंडालों को आकर्षक तरीके से सजाया गया। बीआर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, एमपी पब्लिक स्कूल, एमपी क्लासेस, वेलडन फ्यूचर पब्लिक स्कूल, सक्सेस पॉइंट, संस्कार भारती, आदि स्कूल व कोचिंग संस्थानों में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई। वहीं शहर के विभिन्न जगहों पर छात्र व युवा द्वारा विद्या की देवी माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। मालूम हो कि माघ मास शुक्ल पक्ष की पंचमी को वसंत पंचमी कहा जाता हैं। इस वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती हैं। घैलाढ़ प्रातः किरण संवाददाता के अनुसार घैलाढ़ प्रखंड में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना के साथ बसंत पंचमी का त्योहार पूरे प्रखंड क्षेत्र में उल्लासपूर्ण माहौल में हुआ। इस दौरान शिक्षण संस्थानों, युवा क्लबों एवं देव मंदिरों में परंपरानुसार पूजा अनुष्ठान आयोजित किया गया। सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजा की विशेष धूम रही। इन संस्थानों में पूजा पंडाल को भव्य रूप से सजाकर वहां मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। सुबह दस बजे से शुरू हुई पूजा लगातार शाम तक चलती रही। इस दौरान पूजा पंडालों में गूंजते मंत्रोच्चार एवं भक्तिपूर्ण गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बसंत पंचमी की काफी चहल-पहल रही। जगह-जगह स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी रहा। स्थानीय मंदिरों में भी सुबह से ही पूजा के लिए भक्तों की कतार लगी रही। इधर इस मौके पर विभिन्न नाट्य संस्थाओं एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये कजहां कलाकारों ने अपनी कला प्रतिभा का जलवा बिखेरा।

# सरकारी व निजी विद्यालय में अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके संस्कृत कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता



सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न निजी व सरकारी विद्यालय, कोचिंग संस्थान व मंदिरों में बूधवार को पूरे विधि विधान से विद्या एवं वाणी की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई ।इस दौरान विभिन्न विद्यालयों में उसके छात्र छात्राओं द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया ।इसी सिलसिले में मध्य विद्यालय बिराटपुर, दार्जिलिंग पब्लिक स्कूल, मनौरी चौक स्थित ब्राईट फ्यूचर पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा शारदा इन एंड बैक्वेट हाँल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसका विधिवत उद्घाटन सिमरी बख्तियारपूर के डीएसपी मुकेश कुमार ठाकुर, ईस्ट एंड वेस्ट टीचर ट्रेनिग काँलेज व रामचन्द्र विद्यापीठ के चेयरमैन डां रजनीश रंजन एवं सिमरी बख्तियारपूर नगर परिषद् के चेयरमैन प्रतिनधि मों हस्सन आलम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।मौके पर डीएसपी ठाकूर ने कहा की बच्चों द्वारा इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए गौरव की बात है ।क्योंकि बच्चों को निखारने और संवारने का दायित्व सम्बधित संस्थान की ही होती है ।उन्हौन अपील करते हूए कहा की शिक्षा दान से बड़ा दान कूछ नहीं है इसलिए इसे दान ही रहने दे व्यवसाय न बनाएं ।वही ईस्ट एंड वेस्ट के चेयरमैन डां रजनीश रंजन ने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों को संबोधित करते हुए कहा जिदंगी में आगे बढ़ने के लिए ज्ञान व वाणी मूख्य आधार है ।गुरू व छात्र के बीच पूस्तक ही वो माध्यम है जिससे ज्ञान और वाणी दोनों को साधकर अपनी जिदंगी संवारी जा सकती है ।इस दौरान मध्य विद्यालय बिराटपुर प्रधानाध्यापक उमेश यादव ने अपने विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि मां सरस्वती ही हम लोग को ज्ञान देती है इसीलिए साल में एक बार हम लोग मां की पूजा बड़ी धूमधाम से मानते हैं और हर रोज मां सरस्वती कि पूजा अर्चना इसलिए करते हैं सोए हुए भाग को मां जागती है ।इसी दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा मौजूद अतिथियों का पाग चादर व पौधा देकर सम्मानित किया गया ।आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने राष्ट्र के महान साहित्यकार की मशहूर कृति गोदान का नाट्य मंचन व नृत्य संगीत का आयोजन का उपस्थित अभिभावको को भाव विभोर कर दिया ।नाट्य मंचन का निर्देशन अखिल मलहोत्रा नृत्य संगीत का संयोजन रौशन कुमार द्वारा किया गया ।मौके पर सोनवषार्राज के बीडीओ अरविंद कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि शेखर पासवान, सिमरी बख्तियारपूर नगर परिषद् उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सह वार्ड पार्षद विकास कुमार उर्फ विक्की, भाजपा के वरिष्ठ नेता अमीर राम, वार्ड पार्षद अरूण कुमार उर्फ लल्लु साह, जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह मुन्ना समित अनेकों गणमान्य व अभिभावक मौजूद थे।

# बिहार में सत्ता बदलते ही गरीबों-दलितों व आंदोलनकारियों पर बढ़ गया है दमन : माले



प्रात: किरण, संवाददाता

सहरसा। भाकपा माले के राज्यव्यापी आह्वान पर शहर के बिस्कोमान भवन के समीप पार्टी कार्यकत्ताओं ने आरा व्यवहार न्यायालय द्वारा अगिआंव से माले विधायक मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास के सजा के खिलाफ विरोध दिवस आयोजित किया। विरोध दिवस का नेतृत्व भाकपा माले जिला सचिव ललन यादव ने किया। मौके पर श्री यादव ने कहा कि माले विधायक मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा भाजपाई साजिश व राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है उन्होंने कहा कि कहा कि बिहार में सरकार बदलते ही गरीबों-दलितों और उसके मुखर आवाज को दबाने की शुरूआत हो गयी है सरकार बदलने के बाद यह बिहार और सामाजिक न्याय के तबकों के खिलाफ भाजपा नीत नीतीश नेतृत्व वाले एनडीए सरकार का दूसरा बड़ा हमला है वही माले नेता विक्की राम, युवा नेता कुंदन यादव, ट्रेड यूनियन एक्टू जिला सचिव मुकेश कुमार, वकील कुमार यादव, सागर कुमार शर्मा आदि नेताओं ने कहा कि मनोज मंजिल जो ह्लसड़क पर स्कूलह्व आंदोलन के चर्चित नेता व दलित- गरीबों के वास-आवास आंदोलन और कोरोना काल में जन सेवा की मिसाल कायम करने वाले माले के युवा विधायक है इन्हें भाजपाई साजिश का शिकार बनाया गया है भाजपाई जब सीधे तौर से नही निबट सकते तो इस तरह छल प्रपंच कर गरीबो, दलितों, सामाजिक न्याय आंदोलन के अगुआ नेता की आवाज को कुचलने में लगी है बाथे-बथानी से मियांपुर जनसंहार में सैंकडो गरीब दलितों, महिलाओं-बच्चों तक के जघन्य हत्यारे रणवीर सेना के अतातायी सामूहिक जनसंहारकर्ता सभी रिहा हो गए। कोर्ट तक ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाया। वहीं टाडा कानून रद्द होने के बाद भी बुजुर्ग व चर्चित माले नेता शाह चांद सहित दर्जनों नेता टाडा में सजायाफ्ता हो गए। नेताओं ने कहा कि दमन व जेल के जरिए दलित-गरीबों व सामाजिक न्याय की आवाज दबाई नहीं जा सकती। मौके पर माले नेता मो. यूनुस, मंटू यादव, मो. निजाम, वीणा देवी, महेंद्र राम, विलक्षण शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## सरस्वती पूजा के लिए किया फ्लैग मार्च



प्रात: किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा- थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के निर्देश पर शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा मनाने को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बुधवार को पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकल गया। लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च थाना परिसर से नगर पंचायत सौर बाजार, चन्दौर पुर्वी, चन्दौर पश्चिमी, समदा, कांप बाजार, नादो, रामपुर होते हुए थाना वापस लौटा। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस पदाधिकारी व बीएमपी के जवानों ने पूजा स्थलों का जायजा लिया। पूजा समितियां को डीजे एवं फुहर गीतों के साथ-साथ धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाले नारे या भाषणों पर पूरी तरह से प्रतिबंध रखें जाने की सख्त हिदायत दी गई।

# जिला परिवहन विभाग ने आयोजित किया जन जागरूकता कार्यक्रम

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा । समाहरणालय परिसर में अवस्थित जिला परिवहन विभाग के कार्यालय भवन के होल में सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतिम दिन सड़क सुरक्षा विषय पर चित्रकला, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिता जिला प्रशासन के अंतर्गत जिला परिवहन विभाग की और से आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी उत्साह के साथ सरकारी गैर-सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन किया। परीक्ष्यमान मोटरयान निरीक्षक शुभम शर्मा ने बताया कि वाद-विवाद प्रतियोगिता में आशु कुमारी, सौम्या राज, आंकाक्षा रानी, स्नेहा कुमारी और नेहा कुमारी क्रमश प्रथम द्वितीय तृतीय एवं उत्साहवर्धन स्थान प्राप्त किया जबकि चित्रकला में सिमरन सुमन, गुंजन, आयुष कुमार, रोहन कुमार और अनु प्रिया क्रमश प्रथम द्वितीय तृतीय एवं उत्साहवर्धन स्थान पर रही। वहीं निबंध लेखन में अकांक्षा रानी, नेहा कुमारी, लवली कुमारी, स्नेहा कुमारी, और अंकुश कुमार क्रमश प्रथम द्वितीय तृतीय एवं उत्साहवर्धन पुरस्कार के लिए चुना गया। सभी विधा के विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, उपहार से सम्मानित करने के उपरांत पुरस्कार प्रदानकर्ता जिला परिवहन पदाधिकारी कुमार सत्येन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति आम लोगों को यातायात नियम के प्रति जागरुकता हेतु विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता की सराहना करते हुए भाग लेने वाले सभी प्रतिभाओं को शुभकामनाएं दी। संबोधित करते हुए डीटीओ कुमार सत्येन्द्र यादव ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिताओं के आयोजन से और सृजन दर्पण टीम द्वारा शहर में जो नुक्कड़ नाटक के जरिए सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है साहारणीय है। उन्होंने कहा कि सड़क दुघर्टनाओं पर नियंत्रण तभी आ सकता है जब आप लोग सजग होंगे यातायात एवं सड़क नियमों का पालन करेंगे। सड़क पर अनुशासित ढंग से चलें एवं यातायात नियम का पालन करें। अपने लेन में वाहन चलान सुरक्षित है। नाटक सुरक्षा कवच के जरिए रंगकर्मियों ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक सड़क सुरक्षा माह 2024 के दौरान जिला परिवहन विभाग कि ओर से कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में विभिन्न जगहों पर सड़क सुरक्षा के प्रति सामाजिक सांस्कृतिक और साहित्यिक संस्था सृजन दर्पण के रंगकर्मियों ने अपने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूकता किया। कलाकारों का मूख उद्देश्य था व्यक्तियों, समुदायों और छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूक करना ।कार्यक्रम में युवा रंग निदेशक बिकास कुमार लिखित और निर्देशित सुरक्षा कवच नामक नुक्कड़ नाटक के संदेश मूलक मंचन के माध्यम से बताया कि सुरक्षित ड्राइविंग की आदतें अपनाएं गति सीमा का पालन करें, ध्यान भटकने से बचें और यातायात नियमों का पालन करें, घायलों का मदत करें डरे नहीं। यदि आप रोड़ पर गाड़ी चलाते हैं, किसी प्रकार के नशीली पदार्थ का सेवन न करें।

# राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है:कॉ. मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा । भाकपा माले ने आर व्यवहार न्यायालय द्वारा अभियानों से माले विधायक कामरेड मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व मधेपुरा जिला सचिव कामरेड रामचंद्र दास ने की तथा कॉलेज चौक पर सभा की गई। सभा को संबोधित करते हुए माले नेता सह किसान नेता का. शंभू शरण भारतीय ने कहा कि सामंती ताकतों द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत विधानसभा चुनाव 2015 के ठीक पहले जेपी सिंह की हत्या कांड मामले में भाजपा के स्थानीय नेताओं के इशारे पर कामरेड मनोज मंजिल सहित हमारे अन्य पार्टी नेताओं पर हत्या का झूठा मुकदमा ठोक दिया गया था। उस घटना के कुछ दिन पहले ही हमारे पार्टी के स्थानीय नेता कामरेड सतीश यादव की हत्या भाजपाइयों ने कर दी थी उनके हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं लेकिन दलित, गरीबों की लड़ाई लड़ने और सड़क पर स्कूल आंदोलन के चर्चित नेता कामरेड मनोज मंजिल को एक गहरी साजिश के तहत फसाकर कर सजा करवा दी गई। भाजपाई और इलाके की सामंती ताकत मनोज मंजिल की बढ़ती लोकप्रियता से काफी घबराई हुई थी। एक तरफ जहां हमारे नेताओं को सजा सुनाई गई वहीं न्यायालय ने दलित गरीबों के हत्यारों को लगातार बरी करने का काम किया है। बिहार में सत्ता बदलते ही भाजपाई अपने रंग में आ चुके हैं, लेकिन उनके नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। आइसा राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह आइसा विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली ने कहा बिहार के इस डबल इंजन एनडीए की सरकार अब विपक्ष के नेताओं को गिन गिन कर बदला ले रही है एवं गरीब, शोषित, वंचित, पिछड़ों को दबाने की अथक प्रयास कर रही है। आर वाई ए जिला संयोजक कृष्ण कुमार ने कहा वर्तमान सरकार अब जेल और दमन के सहारे नौजवान, दलितों, गरीबों की आवाज को खामोश करना चाहती है इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज 14 फरवरी को भाकपा माले, आइसा, आर वाई ए ने इस अन्यायपूर्ण फैसले के खिलाफ मधेपुरा में विरोध दिवस मनाया। विरोध दिवस में शामिल माले जिला सचिव रामचन्द्र दास, माले नेता सह किसान नेता शंभू शरण भारतीय, राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह आइसा विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली, आर वाई ए जिला संयोजक कृष्ण कुमार, माले नेता का. सीताराम रजक, सजदा खातून, चंदेश्वरी मंडल, एजाज अख्तर, बिट्टू रावण, उमेश मल्लिक, किरण देवी एवं अन्य साथी मौजूद थे।

# घैलाढ़ में तीन दिवसीय संतमत सत्संग का हुआ समापन



प्रात: किरण, संवाददाता

घैलाढ़, मधेपुरा घैलाढ़ प्रखंड मुख्यालय परिसर में तीन दिवसीय संतमत सत्संग का मंगलवार को शांतिपूर्ण वातावरण के साथ समापन हुआ। सत्संग के दौरान बड़ी संख्या में आस पास के श्रद्धालु मौजूद थे। सत्संग समापन होने के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच भंडारा का आयोजन किया गया क सत्संग के समापन समारोह को संबोधित करते हुए स्वामी श्री गुरुनंदन जी महाराज ने अपने बानी में कहा मानव जीवन की सार्थकता गुरु भक्ति में है । अटल श्रद्धा और प्रेम से गुरु के बताए मार्ग पर चलने से अवश्य ही गुरु कृपा होती है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को सफल बनाने के लिए नियमित ढंग से सदाचार का पालन करते हुए सत्संग तथा ध्यान अवश्य करना चाहिए । वहीं सत्संग में बाबा ने खाशकर युवाओं के विनम्रता के महत्ता पर प्रकाश डाले जिस सन्दर्भ में उन्होंने बताया कि श्रद्धा पूर्वक आयु, बल, विद्या, और ऐश्वर्या की प्राप्ति होती है ।वहीं उन्होंने आगे कहा कि ईश्वर भक्ति में तीन बातों की प्रधानता है स्तुति, प्रार्थना और उपासना स्तुति से मनोबल बढ़ता है । प्रार्थना से आत्मबल बढ़ता है तथा उपासना से परमात्मा के सानिध्य पहुंचाता है। सत्संग में हजारों की संख्या में सत्संगी उपस्थित हुए। जिसमे जिले एवं प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों से सत्संगियों ने सत्संग सुनने उपस्थित हुए। सत्संग समापन होने के उपरांत आयोजक मुखिया विमल कुमार ने सत्संग सुनने आए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सत्संग में इतनी बड़ी भीड़ देखकर खासकर मुझे काफी ऊर्जान्वित एवं मेरे मनोबल को बढ़ाया है मैं प्रत्येक साल तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन करते आ रहा हूं और आगे भी इस तरह का कार्यक्रम करता रहूंगा।

सम्पादकीय

## आखिर आई अच्छी खबर

कतर में सजायाफ्ता भारतीय नौ सेना के पूर्व कर्मचारियों की रिहाई की खबर सुखद आश्चर्य की तरह आई है। बेशक इसे संभव करा पाना भारत सरकार की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता है। ये कर्मी कतर की एक नौवहन कंपनी में नौकरी करने गए। लेकिन उन्हें वहां इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पिछले साल कतर की एक अदालत ने उन्हें इस जुर्म में मौत की सजा सुना दी। लाजिमी है कि इस घटनाक्रम से भारतवासी आहत थे। उसके बाद संभवतः भारत सरकार ने इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। दिसंबर में जब संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई गए, तब वहां उनकी कतर के अमीर से मुलाकात हुई थी। समझा जाता है कि वहीं से इन कर्मियों की रिहाई की जमीन तैयार हुई। पहले कदम के तौर पर एक अपील अदालत ने कैदियों के मृत्युदंड को माफ कर दिया। अब अचानक यह खबर आई है कि आठ में सात कर्मी भारत पहुंच चुके हैं। उनके सकुशल यहां आ जाने के बाद भारत सरकार ने यह खबर सार्वजनिक की। बहरहाल, यह मामला कुछ सवाल हमारे सामने छोड़ गया है, जिन पर गंभीर चर्चा की जरूरत है। आज के तीखे ध्रुवीकरण के माहौल में एक बड़ा नुकसान यह है कि ऐसी बारीक चर्चा की गुंजाइश बेहद सिकुड़ी हुई है। इसके बीच ऐसी हर घटना को प्रधानमंत्री मोदी की कामयाबी या नाकामी से जोड़ दिया जाता है। यह घटना भी इसका अपवाद नहीं है। बहरहाल, इस मुद्दे पर अवश्य चर्चा होनी चाहिए कि क्या विदेश में जाकर किसी अपराध में शामिल होने वाले हर भारतीय को बचाना भारत सरकार का कर्त्तव्य है? या कोई व्यक्ति अपने कार्यों के लिए खुद जवाबदेह है? यह सवाल उस समय और महत्त्वपूर्ण हो गया है, जब भारत सरकार ने अन्य देशों के साथ समझौता करके अपने श्रमिकों को वहां भेजने की नीति अपना ली है। वैसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि क्या ऐसी नीति वाजिब है? क्या व्यक्तिगत रूप से कहीं आने-जाने की स्वतंत्रता और सरकारी नीति के तहत लोगों को कहीं भेजने की योजना में फर्क नहीं किया जाना चाहिए?

## कांग्रेस में पुराने नेता दावेदार


राज्यसभा के दोवार्षिक चुनावों में कांग्रेस की 11 सीटें खाली हो रही हैं और अगर बिहार व झारखंड में सहयोगी पार्टियों ने सद्भाव नहीं दिखाया तो उसे नौ सीटें मिलेंगी। इन नौ सीटों के लिए कांग्रेस के कई पुराने नेता दावेदारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि केंद्र की राजनीति छोड़ कर मध्य प्रदेश चले गए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्यसभा सीट की दावेदारी की है। वे छिंदवाड़ा सीट से नौ बार सांसद रहे हैं लेकिन पिछले चुनाव में उन्होंने बेटे नकुल नाथ को वह सीट दे दी। वे दो बार से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे थे। अब भी वे विधायक हैं। लेकिन राज्य में कांग्रेस को मिलने वाली एक राज्यसभा सीट पर उन्होंने दावेदारी की है। सोनिया गांधी से मिल कर उन्होंने इसका दावा किया है। छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी चाहते हैं कि उनको राज्यसभा मिले। वे भी विधायक हैं लेकिन दिल्ली की राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा चाहते हैं कि हिमाचल प्रदेश की एक सीट से उनको राज्यसभा में भेजा जाए। वे कई बार राज्यसभा के सांसद ही रहे हैं और अब भी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़नाा चाहते हैं। पश्चिम बंगाल से राज्यसभा सांसद अभिषेक सिंघवी का कार्यकाल खत्म हो रहा है और वे अपने गृह राज्य राजस्थान से उच्च सदन में जाने के जुगाड़ में लगे हैं। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन और भंवर जितेंद्र सिंह की दावेदारी भी मजबूत है। पार्टी की सर्वोच्च नेता सोनिया गांधी और उनकी बेटी व पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम की भी चर्चा है।

## तीन साल में दूसरा किसान आंदोलन

केंद सरकार की वादाखिलाफी और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ न्याय की आवाज उठाए हजारों किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ने लगे हैं। किसान मजदूर मोर्चा (केकेएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (गैरराजनैतिक) ने पहले ही 13 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया था, जिसके लिए किसानों ने तैयारी शुरू कर दी थी। इधर केंद्र सरकार ने भी किसानों को रोकने के लिए सीमाओं को सील करने से लेकर सड़कों पर कांटेदार जाल बिछाने और कीलें लगाने जैसी सारी तैयारियां कर ली थीं। पंजाब-हरियाणा के गांवों में लाउडस्पीकर से ऐलान करके किसानों को मार्च में शामिल न होने की परोक्ष धमकियां दी गईं। पुलिस की मॉक ड्रिल करवाई गई कि किस तरह किसानों को रोका जाए। पंजाब और हरियाणा से दिल्ली आने वाले रास्तों पर सीमेंट और भारी पत्थरों से बैरिकेडिंग कर किसानों को आगे बढ़ने से रोका गया, और किसान फिर भी नहीं रुके, तो उन पर शंभू बार्डर पर आंसू गैस के गोले दागे गए। केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार से बवाना स्टेडियम को अस्थायी जेल में बदलने तक का प्रस्ताव भेजा था, ताकि किसानों को आगे बढ़ने से पुलिस न रोक पाए, तो उन्हें जेल में तब्दील स्टेडियम में कैद कर लिया जाए। हालांकि दिल्ली सरकार ने इस प्रस्ताव को मानने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि किसानों की मांगें जायज हैं। दिल्ली सरकार के गृहमंत्री कैलाश गहलोत ने यह भी कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इसलिए, किसानों को गिरफ्तार करना गलत है। दिल्ली सरकार के गृहमंत्री जो कह रहे हैं, केंद सरकार के गृहमंत्री शायद उससे इत्तेफाक नहीं रखते। किसान राजनीति के पुरोधा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने वाली सरकार किसानों का ही नहीं, लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान भी नहीं कर पा रही है। सबसे बड़ी बात यह कि केंद्र सरकार अपनी पिछली गलती से न कोई सबक ले रही है, न ही उस गलती के लिए पछतावे का कोई भाव दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि 2020 के अंत में किसान आंदोलन शुरू हुआ था। केंद्र सरकार ने किसानों से चर्चा किए बगैर, सारे पहलुओं को जांचे बिना ही तीन कृषि कानून लागू कर दिए थे। इन कानूनों से किसानों से उनकी जमीन और उपज दोनों ही कार्पोरेट के पास चले जाने का रास्ता साफ हो गया था। इससे किसानों का तो नुकसान था ही, देश को भी दीर्घकालिक नुकसान होता। देश के बेहतर भविष्य की खातिर तब किसानों ने काले कानूनों को वापस लेने के लिए खेतों को छोड़ सड़कों पर उतरने का फैसला लिया था। केंद्र सरकार ने तब कई दौर की बातचीत किसानों से की, लेकिन वह दिखावा ही साबित हुई क्योंकि किसानों की मांगों और उनकी समस्याओं को सरकार ने समझने की कोशिश नहीं की। 2020 से शुरू हुआ आंदोलन 2021 तक चलता रहा। इस दौरान किसानों को कभी आतंकवादी और खालिस्तानी कहा गया, कभी उनके रास्ते में कांटे गाड़े गए, कभी उनके शिविरों में लगे एसी और आंदोलन स्थल पर मिल रहे भोजन को लेकर तंज कसे गए कि किसान ऐश कर रहे हैं। उस आंदोलन में कम से कम 7 सौ किसानों की मौत हो गई। लेकिन सरकार तब भी विचलित नहीं हुई। सबसे दुखद पहलू यह था कि किसानों के इस आंदोलन पर जनता भी गुमराह नजर आई। आंदोलन के कारण ट्रैफिक में दिक्कतें आ रही हैं, यह तो लोगों को दिखाई दिया, लेकिन यह बात समझ नहीं आई कि कुछ दिनों की दिक्कत सालों साल की बदहाली से बेहतर है। अगर कृषि कानून लागू हो जाते तो देश में हुई हरित क्रांति का कोई अर्थ नहीं रह जाता, क्योंकि खेतों से लेकर गोदामों तक कुछ उद्योगपतियों का कब्जा होता। किसानों ने तब देश को एक बड़ी बबार्दी की ओर धकेलने से बचा लिया था, और अब फिर से उन्हें उन्हीं कारणों और मांगों के साथ आंदोलन पर मजबूर होना पड़ा है। पिछली बार प्रधानमंत्री मोदी ने साल भर चले किसान आंदोलन के आगे झुकते हुए तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया था और कहा था कि शायद उनकी तपस्या में कोई कमी रह गई, तभी वे इन कानूनों का लाभ किसानों को समझा नहीं पाए। मौजूदा हाल देखते हुए लगता है कि प्रधानमंत्री ने अपनी तपस्या में हुई कमी को दूर करने का कोई प्रयास ही नहीं किया। तभी एक बार फिर किसानों को सड़कों पर उतरना पड़ा है, एक बार फिर किसानों पर उन्हीं अत्याचारों को दोहराने की सरकार की तैयारी है और एक बार फिर जनता को किसानों के खिलाफ किया जा रहा है कि वे कानून-व्यवस्था के लिए खतरा हैं। मोदी सरकार के 10 सालों में किसानों ने कई बार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, लेकिन इस दूसरे कार्यकाल में तीन साल के भीतर दूसरी बार किसान सड़कों पर हैं, तो निश्चित ही सरकार की कृषि अर्थव्यवस्था को लेकर समझ और किसानों के लिए संवेदनशीलता में कमी है। इस कमी को तभी दूर किया जा सकता है जब सरकार किसानों से खुलकर चर्चा करे। लेकिन पिछली बार की तरह इस बार भी आंदोलन से पहले किसान प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के नुमाइंदों के बीच बातचीत असफल रही है। एमएसपी की कानूनी गारंटी, कर्जमाफी, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 में संशोधन, किसान आंदोलन में मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा, लखीमपुर खीरी में किसानों को कुचलने वाले अपराधियों को सजा और प्रभावित किसानों को न्याय, ऐसी महत्वपूर्ण मांगें सरकार के सामने किसानों ने रखी हैं।

# डबल इंजन की सरकार : यहां भी है वहाँ भी

**पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के झाबुआ के गोपालपुरा में जनजातीय समुदाय के सम्मेलन को संबोधित करते हुये अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया व अनेक योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जहां सरकार की अनेक योजनाओं का जिक्र किया वहीं उन्होंने बड़े गर्व के साथ यह भी बताया कि-ह्लमध्यप्रदेश देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है कि डबल इंजन की सरकार कैसे काम करती हैह्ल। यहां एक अहम सवाल यह उठता है कि नरेंद्र मोदी स्वयं जब 2001 से लेकर प्रधानमंत्री बनने से पहले यानी 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे उस दौरान उनके शुरूआती मुख्यमंत्रित्व काल में ही यानी 2004 तक ही केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार सत्ता में थी। यह वही वाजपेई काल था जब 2002 के गुजरात नरसंहार के बाद वाजपेई ने मोदी को राजधर्म निभाने का उपदेश दिया था और गुजरात की बेलगाम हिंसा से आहत होकर कहा था कि ह्यमैं दुनिया को क्या मुंह दिखाऊंगा?ह्ल जबकि उसके बाद 2014 तक यानी दस वर्षों तक तो केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार सत्ता में थी। परन्तु नरेंद्र मोदी ने इसी दौरान गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात और इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किये तथा उद्योग व पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने का प्रयास किया। यहाँ तक कि गुजरात के उसी कथित विकास मॉडल को लेकर 2013 में चुनाव प्रचार के दौरान यह भी कहते सुने गये कि केंद्र में सत्ता में आने के बाद पूरे देश में गुजरात मॉडल लागू करेंगे।**



**निर्मल रानी-**
**लेखिका पत्रकार हैं।**



विगत दस वर्षों से भारतीय राजनीति में कई नवगढ़ित शब्दों ने राजनैतिक शब्दावली में अपनी जगह बनाई है। ऐसा ही एक शब्द है ह्यडबल इंजन की सरकार। यानी जिस दल की केंद्र में सरकार उसी दल की सरकार का राज्य में भी होना। और यदि ह्यडबल इंजन की सरकार बन भी जाये तो भी सत्ताधीशों की हवस यहीं खत्म नहीं होती। बल्कि फिर यह ह्यट्रिपल इंजन की सरकार की बात भी करने लग जाते हैं। यानी इनकी इच्छानुसार स्थानीय निकाय से लेकर दिल्ली की संसद तक हर जगह एक ही दल का परचम लहराये। हालांकि स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान जहाँ एक मजबूत सरकार होती है वहीं मजबूत विपक्ष भी उस मजबूत सरकार को नियंत्रित रखने के लिये जरूरी समझा जाता है। परन्तु 2014 में नरेंद्र मोदी के केंद्रीय सत्ता में आने के बाद विपक्ष विहीन लोकतंत्र स्थापित करने की कोशिश की जा रही है और राज्यों में यह माहौल पैदा किया जा रहा है कि केवल डबल इंजन की सरकार ही किसी राज्य को तरक़्क़ी के रास्ते पर ले जा सकती है। दुर्भाग्यवश ऐसी भी कई मिसालें हैं जहाँ भाजपा चुनाव परिणामों में तो कई राज्यों में सत्ता में नहीं आ सकी परन्तु उसने खरीद-फरोख़्त कर या डरा धमका कर या फिर लोभ लालच देकर यानी येन केन प्रकारेण डबल इंजन की अपनी सरकार बना डाली। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के झाबुआ के गोपालपुरा में जनजातीय समुदाय के सम्मेलन को संबोधित करते हुये अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया व अनेक योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जहां सरकार की अनेक योजनाओं का जिक्र किया वहीं उन्होंने बड़े गर्व के साथ यह भी बताया कि-ह्लमध्यप्रदेश देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है कि डबल इंजन की सरकार कैसे काम करती हैह्ल। यहां एक अहम सवाल यह उठता है कि नरेंद्र मोदी स्वयं जब 2001 से लेकर प्रधानमंत्री बनने से पहले यानी 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे उस दौरान उनके शुरूआती मुख्यमंत्रित्व काल में ही यानी 2004 तक ही केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार सत्ता में थी। यह वही वाजपेई काल था जब 2002 के गुजरात नरसंहार के बाद वाजपेई ने मोदी को राजधर्म निभाने का उपदेश दिया था और गुजरात की बेलगाम हिंसा से आहत होकर कहा था कि ह्यमैं दुनिया को क्या मुंह दिखाऊंगा? जबकि उसके बाद 2014 तक यानी दस वर्षों तक तो केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार सत्ता में थी। परन्तु नरेंद्र मोदी ने इसी दौरान गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात और इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किये तथा उद्योग व पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने का प्रयास किया। यहाँ तक कि गुजरात के उसी कथित विकास मॉडल को लेकर 2013 में चुनाव प्रचार के दौरान यह भी कहते सुने गये कि केंद्र में सत्ता में आने के बाद पूरे देश में गुजरात मॉडल लागू करेंगे। गोया नरेंद्र मोदी के अनुसार गुजरात ने उनके कार्यकाल में ही विकास की अभूतपूर्व इबारत लिखी। सवाल यह कि जब राज्य में उस समय डबल इंजन की सरकार नहीं थी तो गुजरात का विकास बिना केंद्र सरकार के सहयोग के कैसे संभव हुआ? दिल्ली व पंजाब सहित उड़ीसा, दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर के कई राज्य इस समय भी गैर भाजपाई सरकारें चला रहे हैं। क्या वहां विकास नहीं हो पा रहा? और इस बात की भी क्या गारंटी है कि डबल इंजन की सरकार ही विकास कर सकती है? यदि वे मध्य प्रदेश की सरकार को देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बताते हुये यह कहते हैं कि डबल इंजन की सरकार ही विकास का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बन सकती है।

# भारत की पीएलआई योजना की उपलब्धि और भविष्य की संभावनाओं का मूल्यांकन

**अपने शुभारंभ के बाद से, पीएलआई योजना ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।746 आवेदनों को मंजूरी मिलने के साथ, इस योजना ने कुल 1.07 लाख करोड़ रुपये का निवेश अर्जित किया है। रोजगार सृजन पर भी काफी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों में, रोजगार के लगभग 7 लाख नए अवसरों का सृजन हुआ है। इसके अलावा, उत्पादन और बिक्री बढ़कर 8 .70 लाख करोड़ रुपये हो गई है तथा प्रोत्साहन के रूप में 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं।प्रत्यक्ष लाभार्थियों में 8 पीएलआई क्षेत्रों की 176 एमएसएमई शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2028-29 तक सात साल की अवधि में, पीएलआई योजना के तहत, 14 प्रमुख क्षेत्रों में 3 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गयीं हैं, जिसमें फॉक्सकॉन, सैमसंग, विप्रो, टाटा, रिलायंस, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू, डाबर जैसी भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय अग्रणी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली है।पीएलआई योजना स्मार्टफोन निर्माण में विशेष रूप से प्रभावी साबित हुई है, जिसने मोबाइल निर्यात में लगभग नगण्य से 2022-23 के 11 बिलियन डॉलर की उल्लेखनीय वृद्धि में योगदान दिया है। अगले 2-3 वर्षों में शेष 14 क्षेत्रों पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ने का अनुमान है। मोबाइल विनिर्माण (वर्तमान में 20 प्रतिशत) जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त स्थानीय मूल्यवर्धन की कमी के बारे में कुछ लोगों द्वारा व्यक्त की गई आशंकाएं एक हद तक गलत प्रतीत होती हैं, जब हम इस क्षेत्र के साथ-साथ ई-वाहन जैसे क्षेत्रों में स्थानीयकरण के लगातार बढ़ते रुझान को देखते हैं, जहां घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) न्यूनतम 50 प्रतिशत है।**





**राजेश कुमार सिंह-**
**लेखक - सचिव, डीपीआईआईटी**

भारत की उल्लेखनीय विकास गाथा में यदि कोई चुनौती अभी तक बनी हुई है, तो यह निस्संदेह विनिर्माण क्षेत्र से जुड़ी है, जिसकी भारत के जीवीए में हिस्सेदारी मात्र 17.4 प्रतिशत पर बनी हुई है। यह हिस्सेदारी, कृषि की हिस्सेदारी से भी कम है। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को सशक्त बनाने के सरकार के लगातार प्रयासों के अंतर्गत विभिन्न पहलों की शुरूआत की गयी है। इन पहलों में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुरू की गयी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सबसे प्रमुख है। घरेलू विनिर्माण में आमूल-चूल बदलाव के लक्ष्य के साथ शुरू की गई पीएलआई योजना का उद्देश्य क्षमता व दक्षता को बढ़ाना और वैश्विक चैंपियन का निर्माण करना है। इसके व्यापक लक्ष्यों में शामिल हैं- रोजगार सृजन करना, पर्याप्त निवेश आकर्षित करना, निर्यात बढ़ाना और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना। इसके गुणक प्रभाव से सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान में संभावित वृद्धि हो सकती है तथा घरेलू कंपनियों का क्षेत्रीय और वैश्विक उत्पादन नेटवर्क के साथ निर्बाध एकीकरण हो सकता है। अपने शुभारंभ के बाद से, पीएलआई योजना ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। 746 आवेदनों को मंजूरी मिलने के साथ, इस योजना ने कुल 1.07 लाख करोड़ रुपये का निवेश अर्जित किया है। रोजगार सृजन पर भी काफी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों में, रोजगार के लगभग 7 लाख नए अवसरों का सृजन हुआ है। इसके अलावा, उत्पादन और बिक्री बढ़कर 8.70 लाख करोड़ रुपये हो गई है तथा प्रोत्साहन के रूप में 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। प्रत्यक्ष लाभार्थियों में 8 पीएलआई क्षेत्रों की 176 एमएसएमई शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2028-29 तक सात साल की अवधि में, पीएलआई योजना के तहत, 14 प्रमुख क्षेत्रों में 3 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गयीं हैं, जिसमें फॉक्सकॉन, सैमसंग, विप्रो, टाटा, रिलायंस, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू, डाबर जैसी भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय अग्रणी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली है। पीएलआई योजना स्मार्टफोन निर्माण में विशेष रूप से प्रभावी साबित हुई है, जिसने मोबाइल निर्यात में लगभग नगण्य से 2022-23 के 11 बिलियन डॉलर की उल्लेखनीय वृद्धि में योगदान दिया है। अगले 2-3 वर्षों में शेष 14 क्षेत्रों पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ने का अनुमान है। मोबाइल विनिर्माण (वर्तमान में 20 प्रतिशत) जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त स्थानीय मूल्यवर्धन की कमी के बारे में कुछ लोगों द्वारा व्यक्त की गई आशंकाएं एक हद तक गलत प्रतीत होती हैं, जब हम इस क्षेत्र के साथ-साथ ई-वाहन जैसे क्षेत्रों में स्थानीयकरण के लगातार बढ़ते रुझान को देखते हैं, जहां घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) न्यूनतम 50 प्रतिशत है। घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के क्षेत्र में भी डीवीए पहले से ही 45 प्रतिशत है और इसे 2028-29 तक 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके अलावा, पीएलआई योजना का डिजाइन यह सुनिश्चित करता है कि यह प्रोत्साहन राशि जारी होने से पहले बिक्री (निर्यात सहित) के साथ-साथ अतिरिक्त निवेश को भी गति प्रदान करे। इसका मतलब यह है कि शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) के संदर्भ में यह योजना अपने आप में आत्मनिर्भर है, क्योंकि वितरित किए जाने वाले प्रोत्साहनों की तुलना में राजस्व प्रवाहों (जीएसटी और प्रत्यक्ष कर संग्रह के रूप में) को हिसाब में शामिल किया जाए, तो यह अपने लिए अधिक भुगतान प्राप्त करती है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि इकाइयों द्वारा दुकान स्थापित करने और सब्सिडी प्राप्त करने के बाद इन्हें बंद करने की बहुत कम संभावना है या कोई संभावना नहीं है, जैसा सब्सिडी से जुड़ी अन्य सरकारी योजनाओं के मामले में अक्सर होता है। सरकार ने स्थानीय विनिर्माण को मजबूत करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण सहित अतिरिक्त उपायों को पीएलआई योजना के लिए पूरक बनाया है। उदाहरण के लिए, इस रणनीतिक दृष्टिकोण ने खिलौना क्षेत्र को आगे बढ़ाया है, जिसका निर्यात 96 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 326 मिलियन डॉलर हो गया है। इसी तरह, स्थानीय खरीद और रक्षा गलियारों को खोलने जैसी नीतियों से उत्साहित रक्षा क्षेत्र के निर्यात में भारी वृद्धि दर्ज की गयी है। रक्षा निर्यात 2014-15 के 700 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। ये सफलताएं एक मजबूत और आत्मनिर्भर इकोसिस्टम के क्रमिक विकास का संकेत देती हैं। उन्नत प्रौद्योगिकियों पर पीएलआई योजना का ध्यान, मौजूदा श्रम बल के कौशल को बेहतर करने, तकनीकी रूप से पुरानी मशीनरी को बदलने और विनिर्माण क्षेत्र को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में सक्षम बनाएगा। विशेष रूप से दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के क्षेत्र में, बढ़ी हुई उत्पादन मात्रा बढ़ती उपभोक्ता मांग को पूरा कर रही है, जहां योजना के समय पर लागू होने से पूरे भारत में 4जी और 5जी उत्पादों को तेजी से अपनाने की सुविधा मिली है। इसके अतिरिक्त, ई-वाहन, सौर पैनल जैसी हरित प्रौद्योगिकियों में पीएलआई ने, फेम योजना और नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग को बढ़ाने जैसे मांग पक्ष के उपायों के साथ मिलकर, भारत को नवीकरणीय ऊर्जा पर अपने एनडीसी लक्ष्यों से भी पार जाने में मदद की है। पीएलआई के तहत बढ़ी हुई बिक्री के लिए बेहतर लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी की आवश्यकता होगी, जिसका समाधान पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान का उपयोग करके हमारी अवसंरचना में भारी निवेश द्वारा किया गया है। अवसंरचना में भारी निवेश से पूरे भारत में विनिर्माण क्षेत्रों को मल्टीमॉडल परिवहन-संपर्क प्रदान करना संभव होगा। प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना के साथ क्लस्टर पार्क विभिन्न क्षेत्रों में विनिर्माण को अतिरिक्त समर्थन प्रदान करते हैं। राज्यों के साथ घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से प्राप्त एक समावेशी दृष्टिकोण, भारत के आंतरिक क्षेत्रों में उद्योगों और कारीगरों को देश की विकास गाथा का अभिन्न अंग बनने के लिए सशक्त बना रहा है। एक-जिला-एक-उत्पाद और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ाने के लिए क्लस्टर-आधारित योजना- स्फूर्ति, जैसी पहलें भारत और उसके उद्योगों के लिए कथित प्रतिस्पर्धी नुकसान को अल्पकालिक और दीर्घकालिक फायदे में बदल रही हैं। महामारी और परिणामी वैश्विक सामाजिक-आर्थिक उथल-पुथल से उत्पन्न चुनौतियों ने पीएलआई योजना के सुविचारित उद्देश्यों की पुष्टि की है। इसका संबद्ध इकोसिस्टम यह सुनिश्चित करता है कि भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी), जो आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण में योगदान देतीं हैं और अशांत वैश्विक परिदृश्य में राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाती हैं, के साथ एकीकृत होने की रणनीतिक स्थिति में है। एक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर वैश्विक चैंपियन के रूप में उभरने के देश के दृष्टिकोण के साथ जुड़कर, भारतीय निमार्ता अपने सुविधा-क्षेत्र से आगे बढ़ने के प्रति उत्साहित हैं। निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि पीएलआई योजना भारत के विनिर्माण परिदृश्य को नया आकार देने वाली एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरी है। इसकी उपलब्धियां, रणनीतिक पहलों की परिवर्तनकारी शक्ति और भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की क्षमता को रेखांकित करती हैं। यह योजना भारत को नवाचार तथा सतत व समावेशी विकास के भविष्य की ओर आगे बढ़ाती है। देश विनिर्माण उत्कृष्टता के एक नए युग के मुहाने पर खड़ा है।

# किसानों की मांगों पर सहानुभूति से विचार हो

**डॉ. अमरीक ठाकुर-**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

प्रधानमंत्री मोदी की मजबूत प्रतिबद्धता में से एक किसानों का सशक्तिकरण है। किसानों को सशक्त बनाना व उनकी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री की ग्रामीण भारत की बेहतरी के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता है, जो भारत की अधिकांश आबादी को सशक्त बनाने और किसान समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित हैं। समावेशी विकास पर एक मजबूत ध्यान देने के साथ, उनकी नीतियों और कार्यक्रमों को ग्रामीण और शहरी भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और नीम-लेपित यूरिया उर्वरक को बढ़ावा देने जैसी पहलों को लागू करके, मोदी ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों की भलाई सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की खाद्य टोकरी में विविधता लाने और टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया है। बाजरा लचीला, पौष्टिक और जलवायु-स्मार्ट फसलें होने के नाते, खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने और किसानों की आजीविका में सुधार करने की क्षमता रखती हैं। इस पहल का उद्देश्य बाजरा की खेती, खपत और व्यावसायीकरण को पुनर्जीवित करना है, जो अंततः किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभान्वित करता है। श्री अन्न वर्ष 2023 जैसी पहलों के माध्यम से, श्री अन्न की खेती के लिए किसानों को बहुत मशक्कत नहीं करनी पड़ती। धान के मुकाबले मोटे अनाज की खेती में पानी की खपत कम होती है। यूरिया और दूसरे रसायनों की जरूरत नहीं पड़ती है। इसकी खेती पर्यावरण के लिए भी बेहतर है। पिछले कुछ सालों की तरह अगर दुनिया में यूं ही श्री अन्न की मांग बढ़ती है तो किसान कम लागत पर ज्यादा फायदा देने वाली फसल की पैदावार को और बढ़ा सकेंगे। भारत में उगाए जाने वाले मोटे अनाजों में पर्ल मिलेट, ज्वार, फिंगर मिलेट और प्रोसो मिलेट, कोदो मिलेट, छोटा मिलेट, कंगनी मिलेट, ब्राउनटॉप मिलेट, बार्नयार्ड मिलेट, चौलाई और बकवीट जैसे गौण श्री अन्न शामिल हैं। भारत में मोटा अनाज खाने की परंपरा रही है। यह इनसान को सेहतमंद रखता है। भारत यही परंपरा अब दुनिया तक पहुंचाना चाहता है। पीएम मोदी ने मोटे अनाज को बढ़ावा देने की बात कही। हाल में मन की बात में भी उन्होंने इसका जिक्र किया है। सरकार की पहल के तहत ही संसद की कैंटीन में भी मोटे अनाज से बने व्यंजनों की शुरूआत हुई है। कैंटीन में देश के अलग-अलग इलाकों में फेमस मोटे अनाज से बने व्यंजन को खाने की सूची में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, इस साल भारत में आयोजित होने वाले जी-20 कार्यक्रम में मोटे अनाज से बने पकवानों को विदेशी मेहमानों और वर्ल्ड लीडर्स के सामने पेश किया है। भारत श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। दुनिया भर में बाजरा को लोकप्रिय बनाने में भारत सबसे आगे रहा है। वेबएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, मोटा अनाज मोटापा, दिल की बीमारियां, टाइप-2 डायबिटीज और कैंसर का खतरा घटाता है। यह बॉडी में ऐसे बैक्टीरिया की संख्या को बढ़ाता है जो आंतों की सेहत दुरुस्त रखते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है इसमें मौजूद फाइबर और पोषक तत्व। यही वजह है कि मोटे अनाज को सुपर फूड भी कहते हैं। मोटे अनाज में फाइबर के साथ विटामिन-बी, फोलेट, जिंक, आयरन, मैग्नीशियम, आयरन और कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटने, वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया है। किसान समुदायों की आबादी के बीच आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने किसान समुदायों की आबादी में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। देश भर के किसानों का उत्थान किया है। उनके समर्पित फोकस के परिणामस्वरूप कई प्रभावशाली पहल हुई हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने औपचारिक ऋण तक पहुंच की सुविधा प्रदान की है, जिससे ग्रामीण उद्यमियों को अपने व्यवसाय को स्थापित करने और विस्तार करने में सक्षम बनाया गया है। इससे ग्रामीण समुदायों की जीवन स्थितियों में काफी सुधार हुआ है। पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम कृषि सिंचाई योजना और पीएम फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से किसान कल्याण के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता स्पष्ट है।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा चुनाव तक किसी राजनीतिक दल के नेता का स्वागत नही करेंगा दारूल उलूम देवबंद

सहारनपुर जिले के देवबंद स्थित इस्लामिक शिक्षण संस्थान दारुल उलूम ने घोषणा की है कि लोकसभा चुनाव तक उसके इंतेजामिया से जुड़े लोग किसी भी राजनीतिक दल के नेता का इस्तकबाल (स्वागत) नहीं करेंगे और न ही उनके साथ फोटो खिंचवायेंगे। दारूल उलूम देवबंद के प्रवक्ता अशरफ उस्मानी ने बताया कि संस्थान के मोहतमिम (कुलपति) अबुल कासिम नोमानी के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है। उस्मानी ने कहा, ह्यह्यदेश में करोड़ों लोग दारुल उलूम देवबंद के फैसलों का अनुपालन करते है और बहुत सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। ऐसे में मतदाताओं को साधने के लिए चुनाव के समय नेता दारुल उलूम का रुख करते है ओर इंतेजामियां के लोगों के साथ फोटो खिंचवाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करते हैं। उस्मानी ने बताया कि ह्यह्यमोहतमिम नोमानी ने कहा है कि चुनाव के दौरान दारुल उलूम किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं करेगा, क्योंकि मत हर नागरिक का अपना अधिकार है और उसे देशहित में अपनी सोच के अनुसार ही मतदान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि दारूल उलूम कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहता, जिससे किसी विशेष या धर्म विशेष के मतदाता का मत प्रभावित होता हो। उन्होंने कहा कि सामान्य दिनो में नेता जब दारुल उलूम आते हैं तो उनका स्वागत किया जाता है लेकिन चुनाव को देखते हुए किसी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि या नेता का स्वागत और मुलाकात अब देवबंद दारुल उलूम की इंतेजामिया नहीं करेगी। प्रवक्ता उस्मानी ने बताया कुछ वर्ष पूर्व एक राजनीतिक दल के मुखिया दारूल उलूम आये थे और उनके साथ कुछ स्थानीय नेता भी थे जिंहोने पूर्व मोहतमिम का हाथ स्थानीय नेता के सिर पर रखवाकर तस्वीर खिंचवाई थी और उक्त तस्वीर का दुरुपयोग किया था।

### दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक कॉलोनी में किराये के मकान में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि 12 फरवरी को पड़ोस में रहने वाला अली उसकी 14 वर्षीय बेटी को जबरन एक मकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने धमकी दी कि वह किशोरी से प्रेम करता है अगर किसी ने हस्तक्षेप किया तो हत्या कर देगा। शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### जिले में कुष्ठ रोग के 33 नए मरीज मिले

जिले में कुष्ठ रोग के 33 नए मरीज मिले हैं। इसके बाद कुष्ठ रोगियों की संख्या बढ़कर 123 पहुंच गई हैं। स्वास्थय विभाग ने रोगियों के 10-10 संपर्को की जांच करना शुरू कर दिया है। इसके चलते जिले में और ज्यादा कुष्ठ रोगियों के मिलने की आशंका बनी हुई है। उप जिला कुष्ठ रोग उन्मूलन अधिकारी डा. आरके गुप्ता ने बताया कि कुष्ठ रोगियों से डोर टू डोर संपर्क किया जा रहा है और उनके 10-10 संपर्को की जांच शुरू कर दी गई हैं। जिले के त्वचा रोग विशेषज्ञों से मिले डाटा और स्क्रीनिंग से 33 नए मरीजों की पुष्टि हुई हैं। सभी का इलाजद शुरू कर दिया गया है। जिले में कुल 123 सक्रिय मरीज हो गए हैं। इनमें शहरी क्षेत्र में 52, लोनी शहर में 22, लोनी ग्रामीण में आठ, रजापुर ब्लॉक में नौ, मुरादनगर शहर में आठ, मुरादनगर ग्रामीण में तीन, मोदीनगर में एक, भोजपुर ग्रामीण में नौ और खोड़ा में एक मरीज सक्रिय है।

# विश्व रेडियो दिवस: श्री वेंकटेश्वरा में मन की बात-रेडियो के साथ एवं गीतों का कारवॉ कार्यक्रम का आयोजन

**रेडियो हमारे संवाद एवं मनोरंजन का सबसे प्राचीन एवं कभी न भुलाये जाने वाला साधन**

- प्रधानमंत्री ने ह्यह्यमन की बातह्यह्य से रेडियो युग को फिर से जीवन्त कर दिया - डॉ. सुधीर गिरि
- रेडियो की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं होगी:- डॉ. राजीव त्यागी



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में जर्नलिज्म एवं मॉस कम्यूनिकेशन विभाग की ओर से विश्व रेडियो दिवस पर मन की बात-रेडियो के साथ एवं एक सुरमयी शाम गीतों का कारवॉ कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक संगीत एवं रेडियो प्रेमियों ने गीतों एवं गजलों के माध्यम से शानदार तरीके से विश्व रेडियो दिवस को सेलीब्रेट किया। इसके साथ ही बौद्ध संस्थान पश्चिमी यू.पी. के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा सम्मानित एवं विश्व के सबसे बड़े रेडियो संग्रहालय के अध्यक्ष रामसिंह बौद्ध को रेडियो भेंटकर एवं पटका-पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के रविन्द्रनाथ टैगोर के सभागार में ह्यह्यविश्व रेडियो दिवसह्यह्य पर आयोजित ह्यह्यगीतों का कारवॉह्यह्य एक सुरमयी शाम एवं ह्यह्यमन की बात-रेडियो के साथह्यह्य कार्यक्रम का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि मन की बात रेडियों संग्रहालय के अध्यक्ष रामसिंह बौद्ध, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. अनिल कुमार शुक्ला, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके दिया। इसके बाद आकाशवाणी लखनऊ की प्रसिद्ध गायिका एवं उद्घोषक विनीता सिंह ने ह्यह्यराम आयेंगे आयेंगे, राम आयेंगेह्यह्य भजन से शुरूआत करके माहौल को भक्तिमय कर दिया। इसके बाद उन्होंने लता जी का ह्यह्यइस मोड़ से जाते हैंह्यह्य गीत सुनाकर खूब तालियाँ बटोरी। विख्यात कवियत्री डॉ. मधु चतुर्वेदी ने ह्यह्यचाँदनी रात हो आपका साथ हो, रोज यूँ जिंदगी से मुलाकात होह्यह्य गजल सुनाकर सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया। रेडियो जॉकी राहुल शर्मा ने ह्यह्यतेरी आवाज सुनकर दिल ही दिल में मुस्कुराता हूँ, तेरी आवाज ना आये तो पल में टूट जाता हूँह्यह्य, शानदार गीत सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी एवं कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे ने ह्यह्यरेडियो जर्नीह्यह्य पर गीतों के माध्यम से प्रकाश डाला, डॉ. दिव्या गिरधर ने भी शानदार गजल प्रस्तुत की।इस अवसर पर प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, समूह सलाहकार आर.एस. शर्मा, प्रतिकुलपति राकेश यादव, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. सी.पी. सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, एस. एस. बघेल, रिंकी शर्मा, अरूण कुमार गोस्वामी, डॉ. स्नेहलता गोस्वामी, मारूफ चैधरी, अभिषेक जैन, मेरठ परिसर से निर्देशक डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, आदि लोग रहे। समारोह का शानदार संचालन जर्नलिज्म एवं मॉस कम्यूनिकेशन की डीन डॉ. दिव्या गिरधर ने किया

# जोया ब्लॉक में जागरूकता शिविर कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। गजेंद्र सिंह जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया की उत्तर प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग के माध्यम से रोजगार सृजन हेतु संचालित योजनाओं एवं क्रिया कलापों तथा कार्यरत उद्यमियों को उत्पाद विकास, गुणवत्ता एवं आधुनिक तकनीक की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा मंगलवार को विपणन विकास सहायता (एस.सी.एस.पी.) योजनान्तर्गत खण्ड विकास कार्यालय जोया परिसर मे जागरूकता शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभा अग्रवाल खण्ड विकास अधिकारी, जोया, मिठ्ठूराम अग्रणी जिला प्रबन्धक केनरा बैंक, योगेश कुमार काउन्सलर वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र, स्वाति एवं श्रीमती सिम्मी कोर्डिनेटर टीआरआई०, स्वाधीन कुमार आशीष कुमार आदि उपस्थित रहें। जागरूकता कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गजेन्द्र सिंह द्वारा नवयुवक/नवयुवतियों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं मुख्यमन्त्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, प्रशिक्षण व माटीकला उद्योग आदि से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी के साथ-साथ आवेदन करने हेतु आवश्यक प्रपत्रों, पंजीकरण / प्रमाण पत्रों प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने एवं विपणन सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई,

अग्रणी जिला प्रबन्धक मिठ्ठूराम द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए बैंक स्तर से पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। योगेश कुमार काउन्सलर वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र द्वारा बैंकों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी, खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल द्वारा प्रतिभागियों से उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक संख्या में लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

# कुरी हाउस में बजी शादी की शहनाइयां: चौधरी समीर रहमान के वलीमा में हजारों आम और खास लोगों ने की शिरकत

**मेहमानों ने दूल्हा चौधरी समीर व दुल्हन नाशरा चौधरी को दुआओ से नवाजा**



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। क्षेत्र की शराफत सादगी, ईमानदारी और हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल माने जाने वाले स्योहारा के मशहूर राजनैतिक घराने कुरी हाउस के सदस्य मरहूम चौधरी अजीम उर रहमान के बेटे और स्योहारा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेसी नेता चौधरी फईम उर रहमान के भतीजे चौ.समीर का वलीमा बड़े ही खुशी और शानो ओ शौकत से किया गया। जिसमें क्षेत्र के अनेक जानी मानी राजनीतिक हस्तियों के साथ साथ हजारों आम और खास लोग शामिल हुए। जिनके लिये बहुत अच्छे अच्छे जायकेदार खानों का इंतजाम किया गया।समीर रहमान का निकाह (शादी) दिल्ली के रहने वाले अब्दुल सुब्हान अख्तर की बेटी नाशरा चौधरी के साथ हुआ शादी में आए सभी मेहमानों ने दूल्हा समीर रहमान और दुल्हन नाशरा चौधरी को शादी की मुबारकबाद देकर अपनी दुआओं से नवाजा और उनके अच्छे मुस्तकबिल के लिए दुआ दी। शादी में आए सभी मेहमानों का कुरी हाउस के सदस्यों चौधरी उबेद उर रहमान, चौधरी नसीम उर रहमान, चौधरी जकी उर रहमान, चौधरी जुनैद उर रहमान, चौधरी फहीम उर रहमान, हाजी वकील अहमद उर्फ बब्बू, नय्यर चौधरी,चौधरी नासिर उर्फ आदिल चौधरी, मुफ़्ती अब्दुल मतीन अली चौधरी वली उर रहमान, चौधरी खुसरो ,चौधरी ओसामा रहमान,खुर्रम चौधरी ,फैज रहमान, जैद रहमान त्यागी, राफे चौधरी, मनसूब चौधरी,तल्हा चौधरी आदि ने सभी मेहमानों का दिल खोलकर खैर मखदम कर शुक्रिया अदा किया। चौधरी फईम उर रहमान के अजीजों,रिश्तेदारों ने शादी में आये मेहमानों की जमकर खातिरदारी की। शादी समारोह में मुख्य रूप पूर्व सांसद शीश राम सिंह रवि, फैसल वारसी चेयरमैन नगर पालिका स्योहारा, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.मनोज कुमार वर्मा, हाजी मौहम्मद इल्यास, चौधरी सुखबीर सिंह अधिशासी अध्यक्ष शुगर मिल, प्रियंकर राणा, उदित नारायण सिंह, वकार वारसी (एन. आर.आई. लंदन), सोनू राणा, ठाकुर अमित चौहान,अधिशासी उपाध्यक्ष अशोक मित्तल, गन्ना प्रबंधक चौधरी बलवंत सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश रस्तौगी, धीरज गुप्ता, महेश पाल सिंह शाखा प्रबंधक (एस.बी. आई), रोहित रस्तोगी सर्वेंद्र रस्तोगी निशांत रस्तोगी, रियान चौधरी जिला महासचिव यूथ कांग्रेस, हाजी शहबाज जमाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर कमाल धामपुर, अरशद जमील, अहसन जमील, खलीक चौधरी नगर अध्यक्ष कांग्रेस, महफूज चौधरी एडवोकेट, सदस्य पीएससी जफर मलिक एडवोकेट डॉ मारूफ जैदी, आदिल चौधरी, राजेंद्र सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष बसपा, अख्तर जलील पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका,शुऐब असलम उर्फ शन्नू अंसारी,नोशद प्रिंस,उमेर जावेद,अयान जावेद यूथ महासचिव बिजनौर, नुसरतुल्लाह एडवोकेट,अफजाल चौधरी आदिल चौधरी आदि सहित हजारों आम ओ खास शामिल हुए।

# अवध शुगर मिल एंड एनर्जी लिमिटेड मे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शिविर में 300 मरीजों की हुई मुफ्त जांच और दी गई दवाइयां**




प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

स्योहारा।अवध शुगर मिल एंड एनर्जी लिमिटेड के तत्वाधान में शुगर मिल में रोगियों के लिये निशुल्क एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया प्रबंधन तंत्र के द्वारा शिविर में मुरादाबाद के सिद्ध अस्पताल के चिकित्सकों ने सैकड़ो रोगियों का निशुल्क परीक्षण, जांच और उपचार किया।इनमें से अनेक रोगियों को निशुल्क औषधियां भी प्रदान की गई।यह जानकारी देते हुए चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह, एच. आर.विवेक श्रीवास्तव , डॉक्टर श्रीवास्तव, राजेश शर्मा एडवोकेट ने बताया कि इस शिविर लगभग 300 रोगियों ने विभिन्न रोगों की जांच कराई।शिविर में डॉक्टर अनुराग मल्होत्रा हृदय रोग विशेषज्ञ तथा अध्यक्ष सिद्ध अस्पताल, डॉक्टर शिल्पी अग्रवाल, डॉक्टर नूपुर गुप्ता बाल रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर नेहा चंद्रा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर शरीफ अहमद ऑर्थो सर्जन, डॉक्टर मोहित टंडन फिजिशियन एवं किडनी रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सुहैल अहमद चर्म रोग विशेषज्ञ आदि के द्वारा लगभग 300 रोगियों को परीक्षण किया गया। इस मौके पर हृदय जांच, शुगर की जांच, रक्तदाब की जांच तथा अन्य परीक्षण निशुल्क किए गए।शिविर को सफल बनाने में अमित सक्सेना मार्केटिंग मैनेजर ,दिनेश जैन और सिद्ध अस्पताल की टीम तथा चीनी मिल के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में स्योहारा और ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने अपनी जांच कराकर और दवाइयां पाकर स्वास्थ्य केंद्र का आयोजन करने वाली अवध चीनी मिल की टीम तथा विशेष कर अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह को धन्यवाद दिया और इस समाजिक कार्य की सराहना की।

# जनपद में 34 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती की परीक्षा, तैयारियों का दिया जा रहा अंतिम रूप

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। जिले में 34 केंद्रों पर प्रस्तावित पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों को पुलिस-प्रशासन स्तर पर अंतिम रूप दिया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होने वाली परीक्षा के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहेंगे। डीएम-एसपी ने गोष्ठी के दौरान जिम्मेदार अफसरों को शासन की गाइडलाइन के अलावा अन्य जरूरी दिशा- निर्देश दिए। आगामी 17 व 18 फरवरी को जिले में 34 केंद्रों पर पुलिस भर्ती 2024 की परीक्षा प्रस्तावित है। शांतिपूर्ण माहौल में नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए इन केंद्रों को जोन व सेक्टर में बांटते हुए जिम्मेदार पुलिस-प्रशासनिक अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। हर केंद्र पर एक दरोगा के अलावा एक शस्त्रधारी समेत दो पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा महिला अभ्यर्थियों की संख्या के मुताबिक केंद्रों पर महिला कांस्टेबल की भी तैनाती रहेगी। बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में डीएम राजेश कुमार त्यागी व एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने परीक्षा के संबंध में गोष्ठी की। अधीनस्थ पुलिस-प्रशासनिक अफसरों को शासन की गाइडलाइन की जानकारी दी। तैयारियों को परखते हुए डीएम ने लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने व परीक्षा संपन्न होने के बाद वापस स्थलों तक नहीं लौटने तक प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। एसपी ने पूर्व में विभिन्न परीक्षाओं के दौरान पकड़े गए परीक्षा लीक करने वाले एवं साल्वर गैंग के साथ ही असामाजिक तत्वों का चिन्हीकरण कर निगरानी करते रहने की बात कही। दोनों अफसरों ने कहा कि परीक्षा केंद्रों का स्थलीय भ्रमण कर जरूरत के मुताबिक पुलिस बल उपलब्ध कराते हुए सुरक्षा के नजरिए से प्रभावी कार्रवाई करें। परीक्षा केंद्रों के आस-पास ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग तथा परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, आईटी गैजेट्स एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थियों की तलाशी में सहयोग के लिए केंद्र के बाहर महिला व पुरूष पुलिस कर्मी तैनात करें। केंद्रों के आस-पास स्थित फोटो स्टेट की दुकानों, साइबर कैफे और मोटरसाइकिल स्टैंड आदि के पास जरूर चेकिंग की जाए। स्टेशन एवं बस स्टैंड पर भीड़ नियंत्रण के लिए पूर्व में योजना बनाकर कार्य किया जाए। परीक्षा के दौरान या पूर्व में सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर भी सतर्क दृष्टि रखते हुए उनका खंडन करने का निर्देश दिया।

# बसंत पंचमी पर पूर्व सांसद ने कराया 151 बेटियों का विवाह

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। पूर्व सांसद/ प्रसिद्ध समाजसेवी चौ० कंवर सिंह तंवर ने अपने फार्म हाऊस/ कैम्प कार्यालय चौ० कंवर सिंह तंवर सेवा केन्द्र झनकपुरी, ठल्ल-9, गजरौला (अमरोहा) पर हर वर्ष की भांति आज बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर 151 बहन बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कर हिन्दू रीति रिवाजों से बड़ी धूम धाम के साथ सम्पन्न कराया। जिसमें अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन माननीय अशरफ सैफी, जिला प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया,जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, शिक्षक विधायक डॉ० हरि सिंह ढिल्लो, विधायक डॉ० जयपाल सिंह व्यस्त , धनौरा से मा० विधायक राजीव तरारा , अमरोहा नगर पालिका चेयरमैन शशि जैन , भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरि गौस्वामी, जिला प्रभारी संगठन सत्यपाल सिंह पाल, लोकसभा प्रभारी राजीव सिसोदिया , जिला संयोजक, सह संयोजक एवं पूर्व विधायक तोताराम व समस्त जिला पंचायत सदस्य गण, समस्त ब्लॉक प्रमुख, व समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व लाखों की संख्या में क्षेत्रवासियों व शुभ चिन्तकों ने नव वर-वधु को अपना शुभाशीष प्रदान किया।


## कार्यालय नगर पंचायत अगवानपुर- जनपद मुदादाबाद

पत्रांकः 251/ न0पं0 अ0/ निविदा/ कुटेशन - 2023- 2024 दिनांकः 12- 02-2024

### अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना

एत द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अगवानपुर, मुरादाबाद की कान्हा गौशाला में रखे गये निराश्रित एवं वेसहारा गौवंश पशुओं के भरण-पोषण हेतु राज्य वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से भूसे का क्रय किया जाना है। इस हेतु नगर पंचायत कुटेशन आमन्त्रित (प्रति कुन्तल की दर से) करती है। सम्बन्धित फर्म / ठेकेदार / संस्था भूसा आपूर्ति हेतु प्रति कुन्तल के हिसाव से अपनी कुटेशन दिनांक 20.02.2024 दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत अगवानपुर में दे सकता है। जो उसी दिन सायं 4.00 बजे समस्त निविदा/कुटेशन अध्यक्ष महोदय, नगर पंचायत अगवानपुर, मुरादाबाद के समक्ष खोली जायेगी। कुटेशन की विस्तरित नियम व शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है।

(सुनील कुमार धनवंता)
अई.ए.एस
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अगवानपुर
जनपद मुदादाबाद

(गुलरेज खान)
अध्यक्ष
नगर पंचायत अगवानपुर
जनपद मुदादाबाद


# सपा नेता राम गोविंद चौधरी ने स्वामी प्रसाद मौर्य का समर्थन किया, राजभर ने ड्रामा बताया

बलिया, एजेंसी



स्वामी प्रसाद मौर्य के समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय सचिव राम गोविंद चौधरी ने बुधवार को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखकर उनसे मौर्य का इस्तीफा स्वीकार न करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा द्वारा फैलाए गए जहर का मुकाबला कर रहे थे। मौर्य ने मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव के पद से यह आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया था कि पार्टी नेतृत्व उनकी टिप्पणियों को लेकर उनका बचाव करने के बजाय उनके साथ भेदभाव कर रहा है। चौधरी ने सपा प्रमुख यादव को पत्र में लिखा है, आपके यशस्वी नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता और और नेता साम्प्रदायिकता और पाखंड के इस जहर का असर कम करने के लिए संघर्ष कर रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य भी भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस जहर का मजबूती से प्रतिवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इसलिए वह भाजपा और संघ के निशाने पर हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य पिछड़े समाज से आते हैं। अपने जुझारू स्वभाव की वजह से इस समाज में उनका एक विशेष स्थान हैं। उनका पदाधिकारी बने रहना समाजवादी पार्टी के हित में है। इसलिए मेरा आग्रह है कि आप उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं करें। मौर्य ने रामचरितमानस और अयोध्या मंदिर प्रतिष्ठा समारोह पर विवादित बयान दिये थे। इस्तीफे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, सपा के पूर्व सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रमुख, ओम प्रकाश राजभर ने कहा, यह सिर्फ एक ड्रामा (नाटक) है। पार्टी के पद से इस्तीफा देने के बजाय, उन्हें एमएलसी पद से इस्तीफा देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सपा के बल पर एमएलसी (विधान पार्षद)बने हैं और इससे इस्तीफा देंगे तब माना जायेगा कि इस्तीफा दे रहे हैं। राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दिए हैं और एमएलसी बने रहेंगे, सपा में बने रहेंगे। सपा के विधान परिषद सदस्य मौर्य ने पार्टी अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा था कि उन्होंने पार्टी का जनाधार बढ़ाने का काम अपने तौर-तरीकेह्न से जारी रखा और भाजपा के मकड़जाल में फंसे आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के स्वाभिमान को जगाने की कोशिश की। इस पर पार्टी के ही कुछ नेताओं ने उनकी टिप्पणियों को उनका निजी बयान कहकर उनके प्रयास की धार को कुंद करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, ह्यह्नहैरानी तो तब हुई जब पार्टी के वरिष्ठतम नेताओं ने चुप रहने के बजाय मौर्य जी का निजी बयान कह कर कार्यकताओं का हौसला तोड़ने की कोशिश की।

## संक्षिप्त खबरें

### भोजपुर में विभिन्न विद्यालयों में सरस्वती पूजा का किया गया आयोजन

आरा। बालिका उच्च विद्यालय एवं शिशु संस्थान महादेवा रोड आरा में प्रत्येक वर्ष की तरह सरस्वती पूजा का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। पूजन दशम वर्ग की छात्रा क्रमशः कुमारी सौम्या, सुप्रिया राज, रिया केशरी, दिव्या कुमारी आदि ने किया। विद्यालय के आचार्य चन्द्र भूषण उपाध्याय ने पूर्ण विधि विधान के साथ विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राम तिवारी ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाली छात्राओं की सफलता के लिए माँ सरस्वती से मंगल कामना की। प्रधानाध्यापिका डॉ निरुपमा सिंह ने परीक्षार्थी छात्राओं को एकाग्रचित होकर परीक्षा देने की सलाह दी एवं माँ सरस्वती की कृपा सभी छात्राओं पर बनी रहे इसकी कामना की। पूजन में सभी वर्गों के छात्र छात्राओं के साथ साथ काफी संख्या में उनके अभिभावक तथा शिक्षक सुरेश कुमार, एकता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### पुलवामा शहीदों की 5वीं बरसी पर देश की आंखे हुई नम : डॉ. मनीष

बिक्रमगंज (रोहतास)। पुलवामा शहीदों के 5वीं बरसी पर बुधवार को पुनः एक बार देश की आखें नम हो गई। ज्ञात हो कि जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के पुलवामा में 14 फरवरी सत्र 2019 को हुए आतंकी हमले को पांच साल पूरे हो गए हैं। जिस हमले में जैश-ए मोहम्मद के आतंकी आदिल अहमद डार ने 350 किलो विस्फोटक से भरी एसयूवी बस से भिड़ा दी थी। जिस हमला में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के 40 जवान शहीद हो गए थे। जिस आतंकी हमले हादसे की कहानी सुनकर आज भी देशवासियों की रूह कांप जाती है। इस क्षण को भावुक होकर याद करते हुए भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन ने शहीद जवानों को दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही बताया कि 14 फरवरी भारत के इतिहास में काला दिवस के समान है। जिस दिन आतंकवादियों ने कायराना हरकत से हमारे देश चालीस जवानों को मौत के आगोश में सुला दिया था। जिस दिन हर भारतीयों की आंखे नम हो गई थीं। लेकिन इसका बदला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर लिया था।

### 16 फरवरी को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

बिक्रमगंज (रोहतास) नारायणपुर ग्रिड में 132 केवी वोल्ट सप्लाई कार्य रिपेयरिंग को लेकर विद्युत आपूर्ति बाधित होगी। जिस कार्य तहत ग्रिड से निकलने वाले सभी फीडर बिक्रमगंज, तरारी, सूर्यपुरा, नटवार, संझौली, दावथ, नोनहर, कोआथ, सकला की विद्युत आपूर्ति 16 फरवरी को 11 से 14 बजे तक बन्द रहेगी। उक्त अवधि में ग्रिड द्वारा मरम्मती का कार्य किया जायेगा। सहायक कार्यपालक अभियंता संचरण अवर प्रमंडल बिक्रमगंज उपेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि शीतकालीन मरम्मती के कारण ग्रिड से निकलने वाली 33 केवी फीडर का विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की प्रबल संभावना है। जिसको लेकर उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपनी जरूरी काम निपटा लेंगे।

### थानाध्यक्ष को जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मानित

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना में पदस्थापित नवनियुक्त थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी को जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मानित। जानकारी देते हुए काराकाट प्रखंड के जदयू प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने कहा कि थानाध्यक्ष को पार्टी के अन्य कार्यकर्ता सहित सहयोगियों ने गुलदस्ता व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। जनप्रतिनिधियों ने थानाध्यक्ष को सम्मानित करने के उपरांत शुभकामनाएं व बधाई दी। थानाध्यक्ष श्री चौधरी ने जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हरसंभव आप सबकी सुरक्षा में सदैव तत्पर रहूंगा। साथ ही साथ थाना क्षेत्र में लॉयन ऑर्डर, अमन शांति एवं विधि-व्यवस्था कायम रखूंगा। साथ ही जनता की सुरक्षा व विधि-व्यवस्था में काराकाट पुलिस सदैव तत्पर रहेगी। मौके पर अध्यक्ष आशुतोष सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रामगढ़ में धूम धाम से की गई मां सरस्वती की पूजा अर्चना

कैमूर। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर रामगढ़ कैमूर में बुधवार को विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजन भैया बहनों वह आचार्य के द्वारा धूमधाम से किया गया साथ ही साथ मातृ पितृ पूजन दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय में पढ़ने वाले भैया बहनों के आए हुए माता-पिताजी का विधिवत पूजन भी किया गया। । विद्यालय में इस प्रकार का कार्यक्रम सदैव होते रहते हैं अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजीव रंजन जी ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना का आशीर्वाद दिए।

# मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास के खिलाफ पूरे जिले में हुआ आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। आरा व्यवहार न्यायालय द्वारा अगिआंव से माले विधायक का. मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा के आक्रोशित जनता ने पूरे जिले में आक्रोशपूर्ण प्रतिरोध मार्च निकाला।

आरा में यह मार्च जिला कार्यालय से निकल जवाहर टोला, नवादा होते हुए स्टेशन परिषर में पहुंचा। जहां एक सभा की गई। सभा को भाकपा - माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने किया।

मार्च में जिला सचिव जवाहर लाल सिंहः, केंद्रीय कमिटी सदस्य राजू यादव, तरारी विधायक सुदामा प्रसाद, राज्य कमिटी सदस्य कयामुद्दीन अंसारी, आइसा राज्य सचिव सबीर कुमार, आरवाईए राज्य सचिव शिव प्रकाश रंजन, राज्य कमिटी सदस्य विजय , सुधीर कुमार, जिला कमिटी सदस्य नन्द जी, राजनाथ राम, विकाश कुमार, निरंजन केसरी, संगीत सिंह, शोभा मण्डल, अमित कुमार बंटी, सुशील पाल, सहित सैकड़ों छात्र - युवा नेता शामिल थे। सभा की संचालन नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने किया।

अगिआंव के पवना में पार्टी प्रखण्ड कार्यालय से बिरोध मार्च निकला गया। विरोध मार्च में शामिल ब्लॉक सचिव रघुबर पासवान, जिला कमिटी सदस्य भोला यादव, ब्लॉक कमिटी सदस्य चंदेश्वर मास्टर, भूषण यादव, बिष्णु मोहन, प्रमोद यादव, फअ युवा नेता अखिलेश कुमार, अप्पू यादव जितेंद्र पासवान, रणधीर कुमार, रमेश कुमार, परमात्मा, नवीन कुमार, मुखिया आजाद राम, समिति उदय पाल सहित हजारो कार्यकता मौजूद रहे।

सन्देश में प्रखण्ड सचिव संजय सिंह, जित्तन चौधरी, संजय गुप्ता , बीरबल यादव, भरत सिंह, साधु कुशवाहा शिव कुमार राम के नेतृत्व में निकला।

तरारी प्रखण्ड में प्रखण्ड सचिव रमेश जी युवा नेता सुधीर यादव कब नव्तृत्व में निकला।इसके अलावे सहार, पीरो, सहित सभी प्रखण्डों में निकाला गया।

## डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह को राज्य सभा प्रत्याशी बनाए जाने पर लोगों ने दिया बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। राज्य सभा चुनाव 2024 मे बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष एवं बिहार कांग्रेस के लोकप्रिय नेता डाक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह को एक बार फिर से राज्य सभा सदस्य के रूप में प्रत्याशी बनाए जाने पर पुर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे जी तथा देश के जननायक नेता राहुल गांधी जी के प्रति भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी आभार व्यक्त करती है। जिलाध्यक्ष अशोक राम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति गहरी निष्ठा के साथ साथ उदगार व्यक्त करते हैं कि डाक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह को पुनः दुबारा राज्य सभा में बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए मोका प्रदान किया है इनके कुशल नेतृत्व में बिहार कांग्रेस मजबूत और सशक्त बन रहा है और पार्टी का सांगठनिक ढांचा जमीनी स्तर पर मजबूत हो रहा है। भोजपुर जिला के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ साथ ज़िले वासियों में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालो में डॉ शशि कुमार सिंह शिवकुमार सिंह लाल शरण सिंह बिरेन्द्र मिश्रा रजी अहमद अशोक यादव अमित द्विवेदी श्रीधर तिवारी पन्नग कुमार त्रिपाठी जितेंद्र शर्मा संतोष पाण्डेय प्रमोद राय सत्य प्रकाश राय सत्यनारायण सिन्हा रवि राम सुर्य प्रकाश रतन धामालीया रविन्द्र तिवारी आदि लोग रहे।

## भोजपुर और बिहार में गरीबों की लड़ाई को रोकने और उनके आवाज को खामोश कर देने की साजिश है : दीपंकर भट्टाचार्य

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भाकपा - माले जिला कार्यालय में प्रेस को सम्बोधित करते हुए भाकपा - माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि मनोज मंजिल और उनके साथ और 22 सक्रिय साथियों जिसमे 90 के उम्र तक की सजा पूरी तरह से झूठे मुकदमा जो राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित भाजपा की साजिश का हिस्सा है। ये दुर्भाग्य की बात है। जो सजा दी गई वह तथ्य पर आधारित नही है। जो अन्याय है।

मनोज मंजिल लगतार न्याय के लिए लड़ते रहे हैं। गरीबों - दलितों के अधिकार के लिए लड़ते रहें हैं। सामाजिक उत्पीड़न, आर्थिक शोषण, बिहार के पिछड़ेपन के खिलाफ बच्चों के पढ़ाई, किसानों की खेती के लिए लड़ते रहें हैं। लेकिन आज उनके साथ ही इतना बड़ा अन्याय हो गया। जाहिर है कि भोजपर और बिहार में गरीबों की लड़ाई को रोकने और उनके आवाज को खामोश कर देने की साजिश है। इसके साथ हीआज के दौर में पूरे देश मे विपक्ष पर जबरदस्त हमला हो रहा है। विपक्ष के सरकारों को चलने नही दिया जा रहा है।

सांसदों को निलंबित कर दिया गया। पूरे विपक्ष पर हमला है तो हमारे नेताओं पर भी हमला है। इसके खिलाफ पूरे बिहार और देश मे मिल कर लड़ेंगे। जो कानूनी प्रक्रिया है उसे लड़ेंगे और जनता के अदालत में इस बात को लेजाएँगे। जनता जानती है कि अलग -अलग दौर में अलग - अलग तरीके आए जनता के दावेदारी को कुचलने की कोशिश हुआ। कभी जनसंहार तो कभी नेताओ की हत्या किआ गई। आज इस नए दौर में भाजपा के नेतृत्व में सामंती ताकते गरीबों के दावेदारी को कुचलने की कोशिश कर रही है। जिसके खिलाफ भोजपुर ही नही पूरा बिहार लड़ेगा और इस को चकनाचूर करेगा। कल गड़हनी में हमारे सक्रीय साथियों का बैठक है जिसमे आगे की रणनीति बनाएंगे। और एक सप्ताह पूरे भोजपर में यह विरोध कार्यक्रम चलेगा।

## बसन्तोत्सव-2024' का भव्य सांस्कृतिक किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय 'शान्ति स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय, शुभ नारायण नगर, मझौवों, आरा में 'बसन्त पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती का पूजनोत्सव तथा 'बसन्तोत्सव-2024' का भव्य सांस्कृतिक आयोजन किया गया। यह आयोजन दो सत्रों में सम्पन्न हुआ। समारोह के प्रथम सत्र में पूरे विधि-विधान से माँ सरस्वती का पूजन किया गया तथा वैदिक मन्त्रों के साथ हवन-यज्ञ सम्पन्न हुआ। विद्यालय के छात्राओं ने अपने मधुर सामूहिक स्वर में माँ सरस्वती की संगीतमय आरती प्रस्तुत किया। माँ सरस्वती के जयकारे तथा वैदिक मन्त्रों के उच्चारण से आस-पास का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

समारोह के द्वितीय सत्र में विद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'बसन्तोत्सव-2024' का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र और प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त-रूप से किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षक-कर्मचारियों तथा अभिभावकों को बसन्त पंचमी की शुभकामनायें देते हुए निदेशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन ही नहीं बल्कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कार से परिचित कराने का एक व्यापक अभियान है। इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में नैतिक मूल्यों की नींव डाली जाती है।

बसन्तोत्सव-2024 के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संगीत शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार, अमितेश रंजन और श्री सुंदरम नाथ मिश्रा के दिशा-निर्देश में भक्ति-संगीत की सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे अतिथि, अभिभावक तथा विशिष्ट लोगों को भाव-विभोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत 'सरस्वती बंदना वीणा वादिनी ज्ञान की देवी से हुई, जिसे छात्र-छात्रा तपस्या भारद्वाज, सोम्या सिंह, अर्पिता केशरी, आस्था रानी, अन्नया केशरी, निशिता कुमारी, कृषि कुमारी, विवेक राज, आर्यन कुमार, रंजन तिवारी तथा आर्यन सिंह ने प्रस्तुत किया। समूह गीत देखो आई बंसत मतवारी रे को शिशु शाखा की छात्रा तृषा, शिल्पी, आराध्या, मुस्कान, जाहन्वी, नंदनी, अंशिका तथा आराध्या ने प्रस्तुत कर दर्शक दिर्घा में बैठे लोगों को झुमने पर मजबुर कर दिया। इसी तरह होली गीत मोहन के बाजेला बासुरियाँ, सुने गोकुल नगरियाँ हो को अर्पिता, तपस्या, नाब्या साह, खुशबू, मनीषा यादव, तान्या सिंह, रिया तथा निशिता कुमारी ने आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आपस में रंग-गुलाल खेल कर बसंत आगमन का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी पर पाश्चात्य संस्कृति हावी न हो इसके लिए हमें अपनी संस्कृति एवं संस्कार से जुड़े गीत-संगीत एवं मूल्यों को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने वर्तमान युवा पीढ़ी में नैतिक मूल्यों के हरास पर चिन्ता व्यक्त की। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप-प्राचार्य ऋषिकेश ओझा ने किया। मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षक श्री अरविंद ओझा ने किया।

## द होली सेवियर चर्च रमना आरा में उपवास प्रार्थना के साथ संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। एस वेडनेसडे ईसाइयों का महा उपवास काल प्रार्थना का आरंभ द होली सेवियर चर्च रमना आरा में उपवास प्रार्थना के साथ हुआ पास्टर अनिल जीउत के अगुवाई में मोमबत्तियां जलाकर प्रभु यीशु कि आराधना के गीत प्रस्तुत किया गया "जैसे माता संभालती है ऐसे यीशु संभालेगा"," यीशु तेरा नाम मेरा शरण स्थान हृदय से स्तुति करूंगा ","प्रभु महान विचारों कार्य तेरे कितने अद्भुत जो तूने बनाई"," एक आग हर दिल में हमको जलाना है भटके हुए जीवन को प्रभु से मिलना है" गीतों को गाकर प्रभु यीशु की आराधना स्तुति किया गया सामूहिक बाइबल पाठ निर्मला, आरती ,गीता, रिंकी ने पढ़ा मती उसका सातवां अध्याय 1 से 10 इस अवसर पर पादरी अनिल जीउत ने बताया कि आज एस वेडनेसडे यानी राख बुधवार का महा उपवास काल का पहला दिन है आज से ईसाई समुदाय के लोग 40 दिनों का उपवास प्रार्थना करते हैं 40 दिनों का उपवास प्रार्थना हमारे आत्मिक बल बुद्धि और आर्थिक सम्पंदिता के लिए किया जाता है हमें दुनियादारी से मन फिरा कर परमेश्वर पर भरोसा रखना है जो कुछ भी हम प्रार्थना करते हैं परमेश्वर हमारी प्रार्थनाओं को सुनता है हमें परमेश्वर से प्रार्थना करना है कि हे प्रभु हमें प्रार्थना करना सीखा जब हमारे अंदर प्रार्थना करने की आत्मा रहती है तब हम परमेश्वर को पहचान सकते हैं वह कितना महान है कितना दयालु है वह हमें क्षमा करने के लिए सीखते हैं हमारे प्रतिदिन की रोटी हमें प्रदान करते हैं वह हमें परीक्षाओं से बचाते हैं प्रार्थना द्वारा हम परिस्थितियों को बदल सकते हैं हमें जो भी आवश्यकता है विश्वास के साथ अपने परमेश्वर से मांगना चाहिए क्योंकि परमेश्वर ने हमारे लिए अपने प्राण को दे दिया गतसमणी के बैग में प्रभु यीशु ने प्रार्थना किया जब उनका पसीना मानो लहू की बूंद बन के टपक रहा था हमें भी अपने दुखों में समस्याओं में प्रार्थना करना है परमेश्वर के सामने हमें उसकी स्तुति करना है अपने पापों का अंगीकार करना है परमेश्वर को किए हुए कामों के लिए धन्यवाद करना है और अपने निवेदन को परमेश्वर के सामने प्रस्तुत करना है प्रभु यीशु मसीह हमें शांति देते हैं और हमारे देश पर तरस का हाथ को बढ़ाते हैं क्योंकि वह हर एक जन से प्यार करते हैं प्रार्थना परमेश्वर से बात करना और परमेश्वर की सुनना है 40 दिनों की यह प्रार्थना घर-घर पर होगी कई गांव में जाकर प्रार्थना होगा और इसके अंत में खजूर रविवार ,गुड फ्राइडे और ईस्टर पर्व मनाया जाएगा इस अवसर पर चर्च में सोनू कुमार, हरे कृष्ण, लाल जी ,अनमोल, गीता ,आरती, निर्मला ,रिंकी आदि ने देश मे आने वाले लोकसभा का शान्तिपूर्ण चुनाव, राज्य सरकार और जिले,गांव मे अमन-चैन के लिए प्रार्थना किया।

## जैन धर्मावलंबियों ने निकाली भव्य पालकी शोभायात्रा

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। महाजन टोली नंबर दो स्थित श्री 1008 दिगंबर जैन पंचायती मंदिर प्रांगण से भगवान पार्श्वनाथ की भव्य पालकी शोभायात्रा जैन धर्मावलंबियों के द्वारा निकाली गयी। पालकी शोभायात्रा में पुरुष-महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में बच्चें भी शामिल थे। शोभायात्रा में युवा धोती-दुपट्टा में श्रीजी की पालकी को कंधों में लेकर काफी उत्साहित थे। शोभायात्रा में शामिल लोग हाथों में पचरंगा जैन ध्वज को लहराते हुए प्रभु की जयकारा लग रहे थे। भक्तगण रिमझिम बारिश के बीच भक्ति में झूम रहे थे। पालकी शोभायात्रा के मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया बसंत पंचमी के पावन शुभ अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के द्वारा वार्षिक रथयात्रा सह पालकी शोभायात्रा निकालने की परंपरा रही है यह शोभायात्रा पंचायती मंदिर प्रांगण से निकालकर शहर के गोपाली चौक, जेल रोड, शिवगंज, हॉस्पिटल रोड, बड़ी मठिया, महादेवा रोड, बिजली रोड, बड़ी चौक होते हुए पुनः पंचायती मंदिर परिसर में पहुंचेगी वहां भगवान पार्श्वनाथ की बड़े ही भक्तिपूर्वक पंचामृत अभिषेक पूजन एवं वृहद शांतिधारा संपन्न होगा। श्रीजी का पंचामृत अभिषेक करने का सौभाग्य डॉ राकेंद्र चंद्र जैन, आदेश जैन, समता जैन, प्रकाश चंद जैन, अभय कुमार जैन, अशोक कुमार जैन, शील जैन, डॉ विकास चंद्र जैन, अरुण कुमार जैन, अभिषेक जैन, सुगून कुमार जैन, पंकज जैन, अज्जू जैन, नीलम जैन, शीलभद्र जैन परिवार को प्राप्त हुआ। पूजन संयोजक डॉ शशांक जैन ने विधिवत पूजन कार्य सम्पन्न कराएं। पूजन के पश्चात साधर्मी वात्सल्य की व्यवस्था समाज के द्वारा आयोजित था जिसे सभी भक्तों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण कर आनंदित थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन, उपाध्यक्ष रीना जैन, सचिव डॉ आदित्य बिजय जैन, बिभु जैन, धीरेंद्र चंद्र जैन, शोभायात्रा संयोजक विमलेश जैन, पंचायती मंदिर संयोजक आकाश जैन, अज्जू जैन, डॉ श्वेता जैन, मनोज जैन, सिद्धांत जैन, ओंकार अग्रवाल, अंशुल जैन, प्रशांत जैन, प्रतीक जैन इत्यादि लोग मुख्य रूप से शामिल थे।

## सुधाकर सिंह ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर आयोजित कार्यक्रम स्थल की तैयारीयों का लिया जायजा

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बक्सर संसदीय क्षेत्र के रामगढ़ विधानसभा के दुर्गावती प्रखंड में जोर शोर से तैयारी चल रही है। जहां एक तरफ डोर टू डोर जाकर लोगों से काफी से काफी संख्या में धनेछा हाई स्कूल के मैदान में 16 फरवरी को 12:00 बजे दिन में उपस्थित होने के लिए अपील किया जा रहा है। तो वहीं दूसरी तरफ पूर्व कृषि मंत्री सह रामगढ़ विधानसभा के विधायक सुधाकर सिंह खुद तैयारीयों का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह महागठबंधन के कार्यकताओं के साथ छनेछा हाई स्कूल पहुंचे जहां पर तैयारीयों का जायजा लिया। वहीं उन्होंने बताया कि 16 फरवरी को 12:00 बजे दिन में राहुल गांधी और बिहार सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का भारत जोड़ो यात्रा के तहत दुर्गावती में आगमन होने जा रहा है जिसे लेकर धनेछा हाई स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर सभी तैयारियां की जा रही है। वहीं श्री सिंह ने लोगों ने अपील किया कि काफी से काफी संख्या में 16 फरवरी को धनेछा हाई स्कूल के मैदान में पहुंचकर अपने नेता के विचारों को सुने और इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस मौके पर राजद युवा किसान मोर्चा के प्रदेश महासचिव आनंद कुमार सिंह, राजद के दुर्गावती प्रखंड प्रभारी पिंकू सिंह सहित काफी संख्या में महा गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मां सरस्वती पूजन पर माई छोटा स्कूल के बच्चों ने की वंदना

बिक्रमगंज (रोहतास) बुधवार के दिन पूरे प्रखंड में धूमधाम से बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा मनाया गया। जिस अवसर पर पूजा समितियों तथा शैक्षणिक संस्थानो में प्रतिमा स्थापित कर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। जिस पूजा अवसर पर नगर परिषद बिक्रमगंज के अंजबित सिंह कॉलेज रोड़ स्थित ' माई छोटा स्कूल ' में सैकड़ों मासूम बच्चों ने मां सरस्वती के प्रतिमा समक्ष दीप जलाते हुए पूजा अर्चना करते हुए मां की वंदना किया। जिस पूजा पर स्कूली बच्चों में नित्या प्रकाश, नैना गुप्ता, सौम्या गुप्ता, शिवांगी त्रिपाठी, अनीता आर्यन, रुद्र पाठक, सुधांशु कुमार, शिवांश मोदी, रुहीन खां सहित उपस्थित अन्य बच्चें भी काफी उत्साहित थें। वही स्कूल की निदेशक रेणु सिंह ने बसंत पंचमी व मां सरस्वती पूजा के अवसर पूजा अर्चना करते हुए बताया कि हिदू पंचांग के अनुसार इसे सबसे शुभ दिन माना गया है।

## ज्ञान ज्योति नटखोट जोन 'ए प्ले स्कूल' का हुआ उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। ज्ञान की देवी माँ सरस्वती पूजा (बसंत पंचमी) के दिन ज्ञान ज्योति नटखोट जोन ह्यए प्ले स्कूलह्न का भव्य उद्घाटन आरा नगर के बीच नाला मोड, एम.पी.बाग के नजदीक हुआ। ज्ञात हो कि ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, बामपाली, आरा के अन्तर्गत इस प्ले स्कूल की स्थापना की गई है।

विद्यालय का विधिवत उद्घाटन डॉ. एस. के. रूंगटा, डॉ. सविता रूंगटा, डॉ. कुमार जितेन्द्र, सुमन जैन, निदेषक डॉ. आदित्य बिजय जैन, प्राचार्या डॉ. सीपी जैन, डॉ. हर्षित बिजय, रेषू जैन, प्राची जैन, अरिहन्त बिजय, सिद्ध बिजय, जिनवाणी आदि द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।विद्यालय के निदेषक डॉ. आदित्य बिजय जैन ने बताया कि नन्हे बच्चे जब षिक्षा प्राप्त करना प्रारम्भ करते हैं तो उनके माता-पिता उन्हें स्वयं विद्यालय पहुंचाने आने के लिए उत्सुक होते हैं। कुछ नन्हे बच्चों के अभिभावकों को बामपाली स्थित विद्यालय थोड़ा दूर लगता था। अभिभावकों के इस फीडबैक पर विचार करते हुए ज्ञान ज्योति परिवार ने यह महसूस किया कि नगर के बीच एक प्ले स्कूल की आवष्यकता है। आज यह विद्यालय उन अभिभावकों की आकांक्षा पूरी कर रहा है। प्राचार्या डॉ. सीपी जैन ने बताया कि यह विद्यालय प्ले ग्रुप से वर्ग 2 तक यहां संचालित होगा। तत्पष्चात अग्रेत्तर षिक्षा के लिए बामपाली स्थित विद्यालय में ट्रांस्फर कर दिया जाएगा। प्राचार्या के अनुसार आज के इस आधुनिक युग में नन्हे बच्चों को प्ले स्कूल में जिन सुविधाओं की आवष्यकता होती है, वे सभी सुविधाएं यहां उपलब्ध कराई गई है। अपने लम्बे अनुभव को साझा करते हुए प्राचार्या ने बताया कि इस विद्यालय में बच्चों को क्लास रूम के अन्दर एजुकेषनल खिलौनों के माध्यम से खेल-खेल में पढ़ाई कराई जाएगी। नई षिक्षा प्रणाली को ध्यान में रखते हुए आज के समय की मांग के अनुसार क्रिएटिव प्रोजेक्ट आदि की तैयारी कराई जाएगी।

विद्यालय संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही जिनवाणी जैन ने बताया कि इस प्ले स्कूल में नन्हे बच्चों के लिए मैथ लैब, लैंग्वेज लैब, कम्प्यूटर लैब, डांस एण्ड म्यूजिक, ऑडियो-विडियो क्लास रूम, एजुकेषनल खिलौने आदि के माध्यम से बच्चों को षिक्षा प्रदान की जाएगी। बच्चों के उपर पढ़ाई का भार नहीं पडेगा, अपितु वे खेल-खेल में ही अत्यधिक ज्ञान अर्जित कर लेंगे। साथ ही बच्चों के मनोरंजन और शारीरिक एक्टिविटि के लिए आउटडोर गेम्स जैसे प्ले स्टेषन, मिनी बास्केट बॉल, क्रिकेट, विभिन्न प्रकार की ट्वाय गाड़ियां आदि भी उपलब्ध हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रो. रणविजय कुमार, शम्भू चैरसिया, अजित राय, प्रेम शंकर सिंह, नीषित ज्ञान, अभिषेक जैन, मिनाली जैन, साकेत जैन, वीणा जैन, आलोक वर्मा, आदित्य खेमानी, लक्ष्मी खेमानी, सुदिष तिवारी, अक्षत जालान, पंकज प्रभाकर, मनीष अग्रवाल, रवि चन्द अग्रवाल, परिमल जैन, अंजनी श्रीवास्तव, अमित वर्मा, डॉ. सर्वेष कुमार, सुनील कुमार, संजय जालान, तबस्सुम बानो, चतुरानन ओझा, नेहा, दीक्षा, महेष मिश्र, रूक्साना, विजय आदि समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता





नावानगर (बक्सर) अखिल भारतीय पुरुष एवं महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भोजपुर जिले के बखोरापुर गांव में किया। जाएगा। इसकी जानकारी देते बखोरापुर गांव निवासी भारत प्लस एथेनॉल कंपनी लिमिटेड के सीएमडी सह वरीय समाजसेवी अजय कुमार सिंह ने बताया कि स्व रामाधार सिंह की 11वीं पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय पुरुष एवं महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि बखोरापुर स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय के मैदान में 16 फरवरी को खेला जाएगा।आगे आयोजक भारत प्लस एथेनॉल लिमिटेड कंपनी के सीएमडी सह उद्योगपति बखोरापुर गांव निवासी अजय कुमार सिंह ने बताया कि पुरुष एवं महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय महिला बॉलीबॉल की खिलाड़ी जय श्री राठी सहित राज्य एवं देश स्तर के कई महिला तथा पुरुष खिलाड़ी इस बॉलीबॉल प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे ज्ञात हो कि स्व रामाधार सिंह की 11वीं पुण्यतिथि पर आयोजित इस बॉलीबॉल प्रतियोगिता में बिहार में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी का पदार्पण होगा। इसकी पुष्टि करते उद्योगपति अजय कुमार सिंह द्वारा 16 फरवरी को बखोरापुर की धरती पर बिहार के इतिहास में पहली बार बखोरापुर के राजकीय बुनियादी विद्यालय के मैदान में अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों को बॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए उतारा गया है।साथ ही स्व. रामाधार सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जहां गीता पाठ,पुष्पांजलि एवं स्व रामाधार सिंह की धर्मपत्नी समाजसेवी देव कुमारी देवी द्वारा जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया।

## गैस सिलेंडर से घर में लगी भीषण आग,दो जख्मी, लाखों समान जलकर खाक

बिक्रमगंज (रोहतास) नगर परिषद बिक्रमगंज के धारूपुर वार्ड संख्या 21 में स्थित शिव मंदिर के समीप गैस सिलेंडर से लीकेज होने के कारण घर में लगी भीषण आग , लाखों रुपए के समान जलकर हुए खाक , दो आंशिक रूप से जख्मी । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि नगर परिषद बिक्रमगंज क्षेत्र के धारूपुर वार्ड संख्या 21 में स्थित शिव मंदिर के समीप बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे के आसपास खाना पकाने के क्रम में गैस सिलेंडर से लीकेज होने के कारण घर में भीषण आग लग गई । उक्त घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने घटनास्थल पर पहुंच आग बुझाने में जुट गए । जिसकी सूचना ससमय अग्निशमन कार्यालय को दूरभाष के द्वारा दी गई । जिसकी सूचना मिलते ही त्वरित घटनास्थल पर तीन अग्निशमन वाहनों के साथ पहुंच अग्निशमन अधिकारी व कर्मी लोग आग बुझाने में जुट गए ।

## किसानों ने 44 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना रखा जारी

### 16 फरवरी को भारत बंद के दौरान सड़क को करेंगे जाम

प्रात : किरण संवाददाता

चांद। उचित मुआवजा की मांग को लेकर किसान बुधवार को बर्षा में अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। धरना पर बैठे किसानों ने बर्षा से भीगते रहे जय जवान जय किसान के नारे बुलंद करते रहे । दोपहर में तेज बर्षा होने पर किसानों ने टेंट लगा लिया। भूमि पर बहते पानी एवं लगातार बर्षा होने के बावजूद भी किसान धरना से एक मिनट के लिए नहीं हटे । किसानों में आंदोलन के प्रति समर्पण को दशार्ता है। अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे किसान अवधेश कुमार सिंह रविशंकर पटेल श्यामसुंदर सिंह भूपेंद्र सिंह विकास उपाध्याय आदि ने कहा किसानों के एमएसपी गारंटी कानून उचित मुआवजा सहित अन्य मांगों के लिए किसान संगठनों द्वारा 16 फरवरी को भारत बंद का समर्थन किया जाएगा। किसानों ने कहा किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर के द्वारा 16 फरवरी को भारत बंद में दोपहर एकता चौक पर जाम किया जाएगा। अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे किसान 16 फरवरी को भारत बंद का समर्थन करते हुए कैम्प स्थल मसोई के सामने सड़क जाम करेंगे। धरना पर बैठे किसानों में सरकार की उपेक्षा से आहत हैं। उन्होंने ने कहा बिना उचित मुआवजा मिले एक इंच सड़क का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण में किसानों की अधिग्रहण की भूमि की बहुत ही कम मुआवजा दी जा रही है। जिसे लेकर किसान पिछले 2 साल से कैमूर जिले में आंदोलन कर रहे हैं। लगातार आंदोलन कर रहे किसानों के मांग पर सरकार की अड़ियल रवैए से किसानों ने तय किया है बिना उचित मुआवजा मिले एक इंच सड़क निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।जिसे लेकर कैमूर के किसान सड़क निर्माण नहीं होने पाए इसके लिए जबरदस्त मोचार्बंदी की हुई है। किसानों के आंदोलन के चलते एनएचएआई ने एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए पायलिंग लेबलिंग एवं डीपीआर तैयार नहीं कर पाई है। एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं चांद प्रखंड में एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण में किसी प्रकार का काम नहीं होने देना चाहते हैं। किसानों के अड़ियल रवैए के चलते एनएचएआई अधिकारियों ने किसानों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता करने की इच्छा जताई हुई है। किसानों ने उचित मुआवजा की मांग को लेकर वार्ता करने के लिए तैयार हैं। कैमूर जिले में एक्सप्रेस-वे निर्माण में कुल 93 मौजा की सैकड़ों एकड़ भूमि अधिग्रहण की गई है। कैमूर जिले में चांद चैनपुर रामपुर भभुआ एवं भगवानपुर प्रखंड की सैकड़ों एकड़ भूमि अधिग्रहण की गई है। इस संबंध में किसानों ने कहा भूमि अधिग्रहण में किसानों की बहुफसली एवं किमती जमीन है।



# विद्या बालन के बाद भूल भुलैया 3 से जुड़ीं माधुरी दीक्षित?

भूल भुलैया देश की पसंदीदा हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी है। इसकी पहली किस्त में विद्या बालन और अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद इसका सीक्वल भूल भुलैया 2 आया, जिसमें कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू ने मुख्य भूमिका निभाई। अब फैंस इसकी तीसरी किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन लीड रोल में होंगे। इसके अलावा विद्या बालन मंजुलिका के किरदार को दोहराने के लिए तैयार हैं। इसी कड़ी में इससे 90 के दशक की एक और हसीना का भी नाम जुड़ गया है, जिसने फैंस के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। विद्या बालन और कार्तिक आर्यन ने यह खुलासा करके सभी को आश्चर्यचकित कर दिया कि वे भूल भुलैया 3 के लिए टीम बना रहे हैं। वहीं, एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भूल भुलैया 3 में विद्या बालन और कार्तिक आर्यन के साथ माधुरी दीक्षित भी होंगी। भूल भुलैया यूनिवर्स में अपनी शुरुआत करते हुए, माधुरी भी इस फिल्म में दिखाई देंगी।

### माधुरी के किरदार पर बड़ा अपडेट

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि फिल्म में माधुरी एक भूतनी का किरदार निभा रही हैं। एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया है, टीम को लगा कि कहानी में एक और भावना जुड़ जाएगी तो, यह रूह बाबा बनाम माधुरी और विद्या द्वारा निभाए गई दो भूतनी होंगी। दोनों प्रमुख अभिनेत्रियों को पहली बार स्क्रीन पर एक साथ लाकर निर्माताओं ने तुरुप का पत्ता खेला है। भूल भुलैया 3अगले महीने फ्लोर पर जाएगी।

### कौन होंगी भूल भुलैया 3 की मुख्य अभिनेत्री?

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि सारा अली खान को फिल्म की मुख्य महिला बनाने पर विचार जारी है। हालांकि, शरवरी वाघ को पिछले हफ्ते टी सीरीज ऑफिस में कार्तिक आर्यन के साथ देखा गया था और ऐसी अफवाहें हैं कि वह प्रमुख महिला हो सकती हैं।



# इको फ्रेंडली शादी की तैयारी में जुटे रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी 21 फरवरी को शादी करने जा रहे हैं। शादी गोवा में होगी। बताया जा रहा है दोनों ने इसे इको फेंडली तरीके से मनाने का निर्णय लिया है। शादी का कार्यक्रम 9 फरवरी से शुरू होगा और 21 फरवरी को शादी संपन्न होगी। सूत्र बताते हैं कि इस जोड़े ने मेहमानों को डिजिटल आमंत्रण दिया है। इको फेंडली थीम को ध्यान में रखते हुए शादी में कोई आतिशबाजी नहीं की जाएगी। रकुल और जैकी ने अपनी शादी के बाद पौधारोपण करने की भी योजना बनाई है। कुछ साल तक डेटिंग करने के बाद, रकुल और जैकी ने अपनी शादी के लिए गोवा को चुना। कथित तौर पर उन्हें उसी स्थान पर प्यार हुआ था। जैकी की पहली फिल्म कल किसने देखा थी, जो 2009 में आई थी। इसके बाद उन्होंने फालतू, अजब गजब लव, रंगरेज और यंगिस्तान जैसी कई अन्य फिल्मों में अभिनय किया। रकुल ने 2009 में कन्नड़ फिल्म गिल्ली से अभिनय की शुरुआत की। उन्होंने यारियां से हिंदी सिनेमा की दुनिया में कदम रखा जिसके बाद उन्होंने दे दे प्यार दे, रनवे 34, छतरीवाली, आई लव यू और डॉक्टर जी सहित कई अन्य फिल्मों में अभिनय किया।

# सैयामी खेर के हाथ लगा बड़ा प्रोजेक्ट

सैयामी खेर बॉलीवुड की उन चुनिंदा कलाकारों में से एक हैं जिन्हें अगर अच्छी भूमिका मिले तो वे कमाल कर सकती हैं। अभिनेत्री ने अपनी पिछली फिल्म घूमर से इस बात को साबित किया है। फिल्म समीक्षकों से लेकर आम दर्शक, सभी ने इस फिल्म की खूब तारीफ की है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो निर्देशक नीरज पांडे को घूमर में सैयामी का काम इतना पसंद आया कि उन्होंने अभिनेत्री को अपनी आगामी फिल्म के लिए साइन कर लिया है।

### स्त्री केंद्रित होगी फिल्म

सैयामी खेर इन दिनों लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। सूत्रों की मानें तो सैयामी निर्देशक नीरज पांडे की अगली फिल्म में नजर आ सकती हैं। नीरज की यह फिल्म स्त्री केंद्रित होगी। इस फिल्म में सैयामी एक लेखिका की भूमिका में नजर आ सकती हैं।

### 30 दिन में पूरी होगी फिल्म

नीरज पांडे अपनी आगामी फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्हें फिल्म घूमर में सैयामी का काम काफी पंसद आया था। इस फिल्म को देखने के बाद उन्होंने तय कर लिया कि वे अपनी अगली फिल्म सैयामी के साथ ही बनाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नीरज एक ही शेड्यूल में इस पूरी फिल्म की शूटिंग समाप्त कर लेना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने तैयारियां भी शुरू कर दी है। उम्मीद की जा रही है कि 15 फरवरी से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।

### नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी

सैयामी खेर की फिल्म घूमर ने भले ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं किया हो, लेकिन बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक नीरज पांडे तो बस एक ऐसी स्क्रिप्ट के इंतजार में थे जिसमें सैयामी फिट हो सकें। सैयामी को भी नीरज की फिल्म की कहानी काफी पसंद आई और उन्होंने भी इस फिल्म के लिए तुरंत हां कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सैयामी की यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी।





# सारा अली खान की ऐ वतन मेरे वतन 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर होगी रिलीज

**विश्व रेडियो दिवस पर फिल्म ऐ वतन मेरे वतन के निर्माताओं ने घोषणा करते हुए कहा कि यह 21 मार्च को डिजिटल रूप से रिलीज होगी। तारीख का खुलासा एक मोशन पिक्चर के साथ किया गया, जिसमें मुख्य अभिनेत्री सारा अली खान की आवाज थी, जिसमें वह उषा बनकर एक गुप्त रेडियो के माध्यम से ब्रिटिश राज के खिलाफ देश को एकजुट होने का जोशपूर्ण आग्रह करती नजर आ रही है।**

कन्नन अय्यर द्वारा निर्देशित यह फिल्म दरब फारूकी और अय्यर द्वारा लिखी गई है। इसमें सचिन खेडेकर, अभय वर्मा, स्पर्श श्रीवास्तव, एलेक्स ओनील और आनंद तिवारी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इमरान हाशमी इसमें एक विशेष भूमिका में हैं। ऐ वतन मेरे वतन एक साहसी युवा लड़की के नेतृत्व में एक भूमिगत रेडियो स्टेशन के बारे में दिलचस्प कहानी बताती है, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम की दिशा बदल दी। स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की उल्लेखनीय यात्रा से प्रेरणा लेते हुए यह फिल्म प्रसिद्ध और गुमनाम दोनों नायकों को श्रद्धांजलि देती है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भारत के युवाओं की बहादुरी, देशभक्ति, बलिदान और दृढ़ता को भी दर्शाती है। ओरिजिनल्स इंडिया और साउथ ईस्ट एशिया प्राइम वीडियो की प्रमुख अपर्णा पुरोहित ने कहा, फिल्म ऐ वतन मेरे वतन सिर्फ एक फिल्म से कहीं अधिक है। यह उन असंख्य अदम्य नायकों को श्रद्धांजलि है, जिनके बलिदान ने भारत की स्वतंत्रता की राह को परिभाषित किया। कहानी ने हमारे साथ गहरा जुड़ाव पैदा किया और हमें सहज रूप से इसे जीवन में लाने की जरूरत महसूस हुई। यह फिल्म धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन है और इसका निर्माण करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने किया है। धर्माटिक एंटरटेनमेंट के करण जौहर ने कहा, दशकों से रेडियो जनता का मनोरंजन करने के एक माध्यम के रूप में विकसित हुआ है, जो बात का प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐ वतन मेरे वतन देश को एकजुट करने और हर भारतीय के दिल में आग भड़काने और भारत छोड़ो आंदोलन को और बढ़ावा देने में रेडियो द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को दिखाता है। ऐ वतन मेरे वतन का निर्माण एक सपना रहा है और मैं प्राइम के साथ इस यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। धर्माटिक एंटरटेनमेंट के अपूर्व मेहता ने कहा, फिल्म साहस, बलिदान, लचीलेपन और अपने देश के प्रति अटूट समर्पण की एक दिलचस्प कहानी है और जिसे हम दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। धर्माटिक एंटरटेनमेंट के सोमेन मिश्रा ने कहा, ऐ वतन मेरे वतन, मेरे लिए, सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह एक भावना है। विश्व रेडियो दिवस पर प्राइम वीडियो ने अपनी मूल फिल्म ऐ वतन मेरे वतन के विश्वव्यापी प्रीमियर की घोषणा की, जिसका प्रीमियर 21 मार्च को होगा।



# यामी ने की आर्टिकल 370 के लिए महिला अधिकारी के कार्यों की सराहना

यामी गौतम की आगामी फिल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर जारी हो चुका है। ट्रेलर में कश्मीर घाटी का हालात बयां किए गए हैं। फिल्म आर्टिकल 370 को हटाने में किस तरह के प्रयास और जटिलताएं सामने आईं इसकी एक झलक भी देखी जा सकती है। यह फिल्म 23 फरवरी को रिलीज होगी। अब फिल्म की रिलीज से पहले यामी गौतम ने पोस्ट साझा कर बताया है कि वे फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। साल 2012 में विक्की डोनर से बॉलीवुड में डेब्यू करने से पहले यामी गौतम ने कई भारतीय भाषाओं की फिल्मों में काम किया। पिछले साल ओएमजी 2 के साथ बड़े पर्दे पर धूम मचाने के बाद, अभिनेत्री आर्टिकल 370 थ्रिलर के साथ आने के लिए उत्साहित हैं। आर्टिकल 370 दर्शाता है कि कैसे भारत सरकार ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू और कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द कर दिया। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर फिल्म से जुड़े होने के अपने अनुभव को साझा किया है। यामी ने लिखा, मैं हमारे दर्शकों को उन घटनाओं को दिखाने के लिए उत्साहित हूं, जिनके बारे में किसी को पता भी नहीं है और हमारी फिल्म में और भी बहुत कुछ है। विशेष रूप से महिला एनआईए अधिकारी द्वारा की गई साहसिक कार्रवाई, जिसे देख आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे।






# हार्ट अटैक के बाद वेलकम टू द जंगल की शूटिंग पर लौटे श्रेयस

अभिनेता श्रेयस तलपड़े के लिए बीता कुछ महीने काफी मुश्किल भरा रहा। बॉलीवुड और मराठी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से लोगों दिल जीतने वाले श्रेयस को 14 दिसंबर 2024 को दिल का दौरा पड़ा था, इस दौरान वे जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे। हालांकि, सही समय पर इलाज मिलने से उनकी सेहत में सुधार हुआ और फिर उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। फिलहाल, श्रेयस की हालत स्वस्थ है और अब वे काम पर लौट चुके हैं। इस बीच एक साक्षात्कार में श्रेयस ने अपने इस मुश्किल घड़ी के बारे में बात की और अपने फैंस और चाहने वालों का धन्यवाद किया। साक्षात्कार में श्रेयस ने कहा कि वे अब पहले से ठीक हैं और हर दिन बेहतर महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सावधानी के साथ दोबारा से काम शुरू कर दिया है। श्रेयस ने आगे कहा, सोचता हूं कि इस जीवन में लोगों का कर्ज चुकाना बहुत मुश्किल है। सभी डॉक्टरों, अस्पताल के कर्मचारियों और मेरे लिए दुआ करने वाले अनगिनत लोगों का धन्यवाद। डॉक्टर की सलाह से अब चीजें बेहतर होने लगी हैं। फिलहाल, श्रेयस वेलकम फिल्म सीरीज के तीसरे पार्ट वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगे, जिसकी शूटिंग जारी है। इस फिल्म श्रेयस के अलावा अक्षय कुमार, रवीना टंडन, दिशा पटानी, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज, कृष्णा-अभिषेक, किकू शारदा, दलेर मेहंदी, मीका सिंह, राहुल देव, मुकेश तिवारी जैसे कलाकार शामिल है।

# सेक्शन 108 में वकील की भूमिका में नजर आएंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आगामी फिल्म सेक्शन 108 में डबल धमाल होने वाला है। मूवी की शूटिंग कंप्लीट हो गई है। इसके लिए सभी टीम के साथियों ने केक काटकर सेलिब्रेट किया है। यह एक क्राइम थ्रिलर मूवी है। जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी का हाई वोल्टेज एक्टिंग (ड्रामा) देखने को मिलेगा। वह एक वकील की भूमिका में नजर आएंगे। अरबाज खान और रेजिना कैसेंड्रा सहित शानदार कलाकारों वाली इस फिल्म का निर्देशन रसिख खान ने किया है और सिनेमावाला प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। नवाजुद्दीन ने फिल्म में बीमा क्लेम करने वाले वकील ताहूर खान की भूमिका निभाई है, जिसे अरबाज द्वारा अभिनीत एक अरबपति के गायब होने के बाद लाया गया था। अदालत ने उसे मृत मान लिया है। बीमा कंपनी का मानना है कि परिवार का दावा गलत है, यह एक तरह की धोखाधड़ी है। इसमें कैसंड्रा बीमा कंपनी की एक अधिकारी शिखा सक्सेना की भूमिका में नजर आएंगी। कहानी का अतिरिक्त विवरण गुप्त रखा जा रहा है। अब शूटिंग पूरी होने के साथ, पोस्ट-प्रोडक्शन का काम जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। सेक्शन 108 के निर्माताओं के अनुसार, यह एक मनोरम सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है, जिसमें नवाजुद्दीन एक बार फिर प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ अपने बहुमुखी अभिनय कौशल का प्रदर्शन करेंगे। फिल्म में आसिफ खान, रूमी खान, सानंद वर्मा, अलीशा ओहरी और सहर्ष कुमार शुक्ला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दाखिल किया अपना डीआरएचपी

**मुंबई एजेंसी।** एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।एफएंडएस रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान राजस्व, उत्पादन क्षमता और सेवा प्रदान किए गए क्लाइंट्स के मामले में सबसे बड़ा भारत-केंद्रित फार्मास्युटिकल अनुबंध विकास और विनिर्माण संगठन (सीडीएमओ) है (एफएंडएस द्वारा मूल्यांकन किए गए सीडीएमओ के बीच)। कंपनी अंकित मूल्य ? 2 प्रत्येक के इम्टी शेयरों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। इश्यू ऑफर में ? 680 करोड़ तक के इम्टी शेयरों का नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 18,598,365 इम्टी शेयर तक की बिक्री की पेशकश (ऑफर फॉर सेल) शामिल है।कंपनी नए इश्यू से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग 1। हमारी कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों की ऋणग्रस्तता का पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान; 2. हमारी कंपनी की वृद्धिशील कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को फ़ाइनेंस सुविधा उपलब्ध कराने; 3. अधिग्रहण के माध्यम से इन ओर्गेनिक विकास पहल को आगे बढ़ाने; और 4. सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य की ओर करने का प्रस्ताव करती है।

### सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लि. ने शानदार अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम पेश किया

**मुंबई, एजेंसी।** सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड पावर और वितरण ट्रांसफार्मर निर्माण उद्योग की एक प्रमुख खिलाड़ी, ने वित्त वर्ष 24 के 9 महीने और तीसरी तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री वी राजमोहन ने कहा, हम पेश की गई तिमाही के प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन की रिपोर्ट देकर हर्षित है. हमारा परिचालन कार्य कुशलता और व्यूहात्मक पहल पर फोकस सकारात्मक परिणाम देने तक बना हुआ है।

### 5 किमी मैराथन में विशेष ज्यूपिटर हॉस्पिटल के 150 मरीज शामिल हुये

**इंदौर ।** विशेष ज्यूपिटर हॉस्पिटल इंदौर के 150 लोगों ने रोबोटिक घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद बेहतर जीवनशैली अपना रहे है। इसी खास क्षण का जश्न मनाने के लिए 5 किमी की मैराथन में भाग लिया। इसमें ऐसे व्यक्ति शामिल हुये जो गंभीर गठिया,ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी कई तरह की गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के बाद सर्जरी करवा चुके है। इसमें हाइटेक तकनीक के साथ घुटना रिप्लेसमेंट में हाइटेक तकनीक का इस्तमोल किया गया। इससे बेहतर इलाज के बाद मरीज को स्फूर्ति के साथ बेहतर अनुभव कर आम दिनचर्या में वापस आ गए है। डॉ. अरविंद रावल,निदेशक आर्थोपेडिक्स एवं वरिष्ठ ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन विशेष ज्यूपिटर हॉस्पिटल ने कहा कि घुटना रिप्लेसमेंट अब वह डराने वाली प्रक्रिया नहीं रही जिसे पहले माना जाता था। हाइटेक सर्जिकल तकनीकों के साथ रोबोटिक्स और इलाज के बाद सही देखभाल के कारण कई मरीजों का जीवन बेहतर हो सका है।

# बदलती वैश्विक आर्थिक तंत्र का भारत चमकता सितारा...

## नोबेल विजेता ने बताया कैसे 70 साल पुराना सिस्टम हो रहा ध्वस्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन और जर्मनी समेत दुनिया के कई देश आर्थिक मोर्चे पर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन भारत की इकॉनमी रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रही है। दुनियाभर के अर्थशास्त्री भी भारत की इकॉनमी का लोहा मान रहे हैं। इनमें नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री माइकल स्पेंस भी शामिल हैं। उनका कहना है कि इस समय भारत में ग्रोथ रेट की संभावना सबसे ज्यादा है। अब तक भारत सबसे बेहतर डिजिटल इकॉनमी के तौर पर उभरने में सफल रहा है। साथ ही भारत का फाइनेंस आर्किटेक्चर भी दुनिया में सबसे बेहतर है। यह खुला और प्रतिस्पर्द्धी है जो देश के कोने-कोने में समावेशी सेवाएं दे रहा है। अमेरिका के दिग्गज इकनॉमिस्ट स्पेंस को साल 2001 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

बेनेट यूनिवर्सिटी में छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि



ग्लोबल इकॉनमी में व्यवस्था बदल रही है। महामारी, भूराजनीतिक तनाव और क्लाइमेट से जुड़े मुद्दों के कारण 70 साल पुरानी व्यवस्था दरक रही है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद से चली आ रही ग्लोबल इकॉनमी में अब बदलाव हो रहा है। यह वैश्विक व्यवस्था एफिशंट सप्लाई सिस्टम्स और कंपरेटिव एडवांटेज पर बनाई गई थी लेकिन इसमें अब तेजी से बदलाव हो रहा है। आज की दुनिया में कभी भी कोई संकट सिर उठा सकता है। ऐसी स्थिति में सिंगल सोर्स पर निर्भर रहना समझदारी नहीं है। इसका केंद्र अब पूर्व की तरफ शिफ्ट हो रहा है और इसलिए ग्लोबल इकॉनमी में एक बुनियादी बदलाव हो रहा है। सप्लाई चेन डाइवर्सिफाई हो रही है और ग्लोबल गवर्नेंस पहले से कहीं ज्यादा जटिल हो रही है।

### लागत में गिरावट

स्पेंस ने कहा कि यह चुनौती वाला समय है लेकिन इसके बावजूद उम्मीद कायम है। साइंस और टेक्नोलॉजी ने काफी तरक्की की है जो मानव कल्याण में योगदान दे सकती है। इनमें जेनरेटिव एआई, बायोमेडिकल लाइफ साइंसेज और एनर्जी ट्रांजिशंस शामिल है। उन्होंने कहा कि पहले डीएनए सीक्वेंसिंग की लागत 10 मिलियन डॉलर थी जो अब केवल 250 डॉलर रह गई है। हालांकि उन्होंने साथ ही आगाह किया कि टेक्नोलॉजिकल ग्रोथ का फायदा बड़े और छोटे कारोबारियों को समान रूप से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब हमारे पास ऐसे साइंटिफिक और टेक्नोलॉजिकल टूल्स हैं, जिनका सही इस्तेमाल होने पर बड़ी संख्या में लोगों का भला हो सकता है।

# अनिल अंबानी की कंपनी को खरीदने के लिए हिंदूजा के भी छूटे पसीने, सस्ता कर्ज देने को कोई नहीं तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारी कर्ज में डूबे कारोबारी अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल बिकने जा रही है। हिंदूजा ग्रुप इसके बैंकरप्सी कोड के तहत खरीदने की तैयारी में है। लेकिन इसके लिए कंपनी को फंड जुटाना मुश्किल हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक इसके लिए वह नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी 360 वन प्राइम से 4,000 करोड़ रुपये उधार लेने के लिए बातचीत कर रहा है। 360 वन प्राइम को पहले आईआईएफएल वेल्थ प्राइम के नाम से जाना जाता था। हिंदूजा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी इंडसइंड इंटरनेशल होल्डिंग्स इस डील के लिए कुल 8,000 करोड़ रुपये उधार लेने की तैयारी में है। लेकिन उसे प्राइस से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि क्रेडिट फंड्स ज्यादा रेट मांग रहे हैं।

एक सूत्र ने ईटी को बताया कि 360 वन प्राइम ने 14 से 15 प्रतिशत के रेट पर 4,000 करोड़ रुपये ऑफर किए हैं। साथ ही कई और प्राइवेट क्रेडिट फंड्स ने भी



क्रेडिट देने में दिलचस्पी दिखाई है लेकिन वे बहुत ज्यादा रेट मांग रहे हैं। इनमें ह्वह्ह्य स्स्त्र भी शामिल हैं। एक और सूत्र ने कहा कि लोन के लिए रिलायंस कैपिटल के एसेट्स को गिरवी रखा जा रहा है। दिवालिया हो चुकी यह कंपनी इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग से गुजर रही है। ऐसे में प्राइवेट क्रेडिट फंड्स कम रेट पर लोन देने को तैयार नहीं हैं। 360 वन प्राइम के प्रवक्ता ने इस पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया जबकि इंडसइंड इंटरनेशनल के प्रवक्ता ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

### कितना है ऑफर

हिंदूजा ग्रुप के ऑफर को अभी कोर्ट और रेगुलेटरी अथॉरिटीज से अप्रूवल नहीं मिला है। ग्रुप ने रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए 9,650 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था जिसे कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ने पिछले साल जुलाई में मंजूरी दी थी। दिसंबर ने कंप्टीशन कमीशन ऑफ इंडिया ने रिलायंस कैपिटल में हिस्सा खरीदने के आईआईएचएल, आईआईएचएल बीएफएसआई (इंडिया) की योजना को हरी झंडी दी थी। रिलायंस कैपिटल में करीब 20 फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां हैं। इनमें सिक्योरिटीज ब्रोकिंग, इंश्योरेंस और एक एआरसी शामिल है। आरबीआई ने भारी कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को 30 नवंबर 2021 को भंग कर दिया था और इसके खिलाफ इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग शुरू की थी।

# चलते रहेंगे क्यूआर कोड, मर्चेंट्स को कोई और विकल्प तलाशने की जरूरत नहीं: पेटीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के सख्त एक्शन का सामना कर रहे पेटीएम पेमेंट्स बैंक की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। आरबीआई ने पेमेंट्स बैंक पर 29 फरवरी से डिपॉजिट लेने की रोक लगा दी है। इसके चलते पेटीएम का इस्तेमाल कर रहे मर्चेंट्स संकट में हैं। डर की वजह से धीरे-धीरे लोग अन्य विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। ऐसे में पेटीएम ने कहा कि उन्हें घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पेटीएम के क्यूआर कोड 29 फरवरी के बाद भी चलते रहेंगे। पेटीएम मर्चेंट्स को कोई और विकल्प तलाशने की कोई जरूरत नहीं है।

कंपनी ने कहा कि पेटीएम के क्यूआर के अलावा साउंड बॉक्स और कार्ड मशीनें भी बिना किसी रुकावट के काम करती रहेंगी।




आरबीआई ने 31 जनवरी को पेमेंट्स बैंक के खिलाफ सख्त फैसला सुनाया था। इसके चलते मार्केट में लोग पेटीएम की मशीनों और क्यूआर कोड पर भी शक कर रहे हैं। कंपनी को रोजाना नए-नए झटके मिलते रहते हैं। हाल ही में पेमेंट्स बैंक की इंडिपेंडेंट डायरेक्टर मंजू अग्रवाल ने बोर्ड से इस्तीफा दे दिया था। पेटीएम ने कहा कि यदि मर्चेंट का अकाउंट पेमेंट्स बैंक के साथ है तो उन्हें किसी अन्य बैंक के साथ जोड़ दिया जाएगा। बैंक का चयन करते समय वह अपनी प्राथमिकता भी बता सकते हैं। इससे क्यूआर कोड के जरिए आने वाला उनका पैसा बिना किसी समस्या के आता रहेगा। सोमवार को ही एक्सिस बैंक ने पेटीएम के साथ काम करने की इच्छा जताई थी। बैंक के एमडी एवं सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा था कि अगर आरबीआई मंजूरी दे तो एक्सिस बैंक पेटीएम के साथ काम करने को तैयार है।

# एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने छठे पशु विकास दिवस पर 1 लाख से अधिक मवेशियों का इलाज किया गया

## डेयरी फार्मिंग में महिलाओं की भूमिका को सम्मनित किया गया

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** भारत की अग्रणी एनबीएफसी में से एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) ने अपना छठा पशु विकास दिवस (पीवीडी) आयोजित किया। यह देश में सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर के रूप में जाना जाता है। इस दौरान एक लाख से अधिक मवेशियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 14 राज्यों में 460 से अधिक स्थानों पर एक साथ शिविर आयोजित किए गए। भारत में, 8 करोड़ से अधिक परिवार सीधे तौर पर डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और इनमें इनमें



महिलाएं 70त्र कार्यबल का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन महिलाओं की भूमिका के सम्मान के लिए, छठा पशु विकास दिवस डेयरी फार्मिंग में महिलाएं के रूप में मनाया गया। यह पहल श्वस्त्र ढांचे के सामाजिक पहलू को दर्शाती है, जो सामाजिक उत्थान को आगे बढ़ाने में लैंगिक विविधता और समावेशन के महत्व पर जोर देती है। मवेशियों की देखभाल के अलावा, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 4 फरवरी से 10 फरवरी 2024 तक देश भर में लोगों के लिए 300 से अधिक स्वास्थ्य देखभाल शिविरों का भी आयोजन किया, जिससे 30,000 से अधिक लोगों को लाभ हुआ। छठे पशु विकास दिवस ने कुल मिलाकर 1,25,000 से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया।कंपनी का विविध कार्यबल 600 कस्बों और 65,000 से अधिक गांवों में अखिल भारतीय ग्राहक आधार को पूरा करते हैं।

# अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए सी-डैक के साथ टीओटी समझौता

**मुंबई एजेंसी।** प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) समझौते के माध्यम से एक प्रौद्योगिकी साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी प्रमा इंडिया को एक प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में नवीन समाधानों के निर्माण, विपणन और समर्थन करने में सक्षम बनाती है।

प्रमा इंडिया ने हाल ही में थर्मल कैमरा टेक्नोलॉजी के लिए भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक) के साथ एक टीओटी (प्रौद्योगिकी हस्तांतरण) समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस महत्वपूर्ण पहल के साथ, प्रमा इंडिया ने भारतीय सुरक्षा उद्योग में एक नया मानदंड बनाया है। प्रमा इंडिया की यह नई पहल अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देगी और नवीन थर्मल प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों को विकसित करने में मदद करेगी।

इस प्रौद्योगिकी साझेदारी की आधिकारिक घोषणा सी-डैक द्वारा आईआईआईटीएम, नई दिल्ली में आयोजित डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स लॉन्च इवेंट में माननीय श्री राजीव चंद्रशेखर, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और उद्यमिता और जल शक्ति,राज्य मंत्री, भारत सरकार, की उपस्थिति में की गई। श्री राजीव चन्द्रशेखर ने डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स लॉन्च किया है और डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स समिट 2024 में मुख्य भाषण दिया, जो डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स के माध्यम से अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन को उत्प्रेरित करने पर केंद्रित है। उन्नत कंप्यूटिंग के विकास केंद्र (सी-डैक) आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स और संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) का प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठन है।

# वालमार्ट वृद्धि ने डिजिटल ट्रेनिंग एवं मेंटरशिप के माध्यम से रिटेल सप्लाई चेन का हिस्सा बनने के लिए 50,000 से ज्यादा एमएसएमई को सशक्त किया

## फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस से जुड़े एमएसएमई पूरे भारत मेंफ्लिपकार्ट के 50 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों तक अपनी पहुंच को विस्तार देते हुए कारोबारी विकास करने में इस प्रोग्राम का लाभ उठा रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वालमार्ट के सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वालमार्ट वृद्धि ने पांच वर्ष से भी कम समय में 50,000 से ज्यादा एमएसएमई को सशक्त करने के लक्ष्य को पूरा कर लिया है। कंपनी ने आज इसकी जानकारी दी। दिसंबर, 2019 में लॉन्च किए गए इस प्रोग्राम के माध्यम से कंपनियों को आगे बढ़ने, विस्तार करने और उन्हें घरेलू सप्लाई चेन से इंटीग्रेट करने में मदद के लिए निशुल्क ट्रेनिंग, मेंटरिंग और डिजिटल टूल्स प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम ने 50 हजार एमएसएमई को सशक्त करने के अपने लक्ष्य को निर्धारित समय से काफी पहले ही प्राप्त कर लिया है।

वालमार्ट के प्रोग्राम पार्टनर स्वस्ति के साथ मिलकर यह कार्यक्रम स्थानीय सप्लायर्स को फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर कदम रखते समय ट्रेनिंग, मेंटरिंग एवं कारोबार से संबंधित विभिन्न सलाह पाने का मौका देता है। एमएसएमई को दी जाने वाली डिजिटल ट्रेनिंग में फाइनेंस, मार्केटिंग, वर्कफोर्स मैनेजमेंट एवं एनवायरमेंट सस्टेनेबिलिटी जैसे बिजनेस मैनेजमेंट के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को कवर किया जाता है। यह प्रोग्राम उद्यमियों को सफल एवं सस्टेनेबल बिजनेस मॉडल तैयार करने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने में योगदान के लिए भी सशक्त बनाता है।

इस प्रोग्राम को पूरे भारत में लागू किया गया है और इसने महत्वपूर्ण केंद्रोंजैसे मुरादाबादएवं आगरा (उत्तर प्रदेश), पानीपत (हरियाणा), भोपाल (मध्य प्रदेश), सूरत (गुजरात), गुवाहाटी (असम) और तिरुपुर (तमिलनाडु) के एमएसएमई को एक-दूसरे से जोड़ने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। देशभर के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के इस अवसर को साकार करने में संबंधित राज्य सरकारों के साथ गठजोड़ की भी भूमिका रही है। वालमार्ट वृद्धि से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले ऐसे कारोबारी, जो पहले से ही फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस से जुड़े हुए थे, उन्होंने यहां से प्रशिक्षण के बाद सालाना आधार पर करीब 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

वालमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ङ्क सप्लायर डेवलपमेंट जेसन फ्रेमस्टैड ने कहा,एमएसएमई को सशक्त बनाना समावेशी विकास को समृद्ध करने की वालमार्ट की प्रतिबद्धता के केंद्र में रहा है। मैं इस पहल को लेकर अटूट समर्पण के लिए वालमार्ट वृद्धि से जुड़े 50,000 से ज्यादा एमएसएमई की सराहना करता हूं। उन एमएसएमई का तेज विकास इस प्रोग्राम के मजबूत पाठ्यक्रम, प्रभाव और हर कदम पर इसके माध्यम से दिए जाने वाले सहयोग का प्रमाण है। हम आशा करते हैं कि ये एमएसएमई अपने स्थानीय समुदायों के बीच रीइन्वेस्ट करेंगे, नई नौकरियां पैदा करेंगे, लोकल वैल्यू चेन एवं इकोनॉमी को प्रोत्साहित करेंगे और भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगे।

फ्लिपकार्ट के मार्केटप्लेस हेड एवं वाइस प्रेसिडेंट राकेश कृष्णन ने कहा, फ्लिपकार्ट का मिशन इस डिजिटल दुनिया में तेजी से आगे बढ़ने के लिए सेलर्स को अवसर प्रदान करना है। वालमार्ट वृद्धि प्रोग्राम ने एक प्रेफर्ड प्लेटफॉर्म के रूप में सर्विस देने की फ्लिपकार्ट की क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है। इसने फर्स्ट-टाइम सेलर्स को संपर्क स्थापित करने और देशभर के बायर्स तक पहुंचने में सक्षम बनाया है, बड़े पैमाने पर ईकॉमर्स की व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाया है और एक ऐसे चेन रिएक्शन की शुरूआत की है, जो ज्यादा आजीविकाओं के सृजन और समृद्धि में योगदान दे रहा है। स्वस्ति के प्रोग्राम डायरेक्टरजोसेफ जुलियन ने कहा, स्वस्ति को वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम के माध्यम से 50,000 से अधिक एमएसएमई को डिजिटल एवं सशक्त करने में भागीदार बनने का सम्मान मिला है।

# बजाज आलियांज़ लाइफ इंश्योरेंस ने प्लैंकथॉन के साथ एक और गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स टीएम खिताब हासिल किया

**बेंगलुरु , एजेंसी।** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज़ लाइफ ने चंद्रयान और सौर मिशन, आदित्य एल1 के संबंध में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए बेंगलुरु के श्री कांतीरावा आउटडोर स्टेडियम में ह्रप्लैंकथॉन के चौथे संस्करण का आयोजन किया। यह ऑन-ग्राउंड प्लैंकथॉन कार्यक्रम कंपनी के बेहद लोकप्रिय अभियान ह्रप्लैंकफॉरएसेज़ का समापन था, जिसके तहत भारत में लोगों को एब्डॉमिनल प्लैंक का वीडियो अपलोड कर इसरो के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को धन्यवाद देने के लिए एक साथ आने के लिए आमंत्रित किया गया था। बेंगलुरु में प्लैंकथॉन कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन मुख्यालय के क्षमता निर्माण और सार्वजनिक संपर्क विभाग के निदेशक, श्री एन सुधीर कुमार उपस्थित थे। भारतीय सिनेमा की प्रखर अभिनेत्रियों में से एक सुश्री तापसी पन्नू ने पूरे ऑन-ग्राउंड पर पूरे प्लैंकथॉन कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उन्होंने मिशन मंगल सहित कई लोकप्रिय हिंदी फिल्मों में काम किया है और उनकी सबसे ताज़ातरीन फिल्म डंकी है। सुश्री पन्नू के साथ बजाज आलियांज़ लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य विपणन अधिकारी श्री चंद्रमोहन मेहरा भी उपस्थित थे। गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक ने बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस को एब्डॉमिनल प्लैंकथॉन पोज़ीशन वाले लोगों के सबसे बड़े ऑनलाइन वीडियो एल्बम के लिए नए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब धारक के रूप में घोषित किया। ह्रप्लैंकफॉरएसेज़ के तहत विभिन्न वर्गों के लोगों ने 5,194 वीडियो अपलोड किए।





# ओकाया ईवी ने सीमित समय के लिए संपूर्ण उत्पाद लाइन-अप में 18,000 रुपये तक कीमतों में कटौती की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन ब्रांड, ओकाया ईवी ने अपने सभी इलेक्ट्रिक वाहन मॉडलों की कीमतों में पर्याप्त कटौती की घोषणा की है, जिससे इलेक्ट्रिक स्कूटर अधिक किफायती हो जाएंगे और 18,000 रुपये तक की छूट 29 फरवरी 2024 तक वैध रहेगी। ओकाया के इलेक्ट्रिक स्कूटर मॉडल अब 74,899 रुपये से शुरू होते हैं, जिससे ग्राहक प्रति चार्ज 75 किलोमीटर की रेंज का आनंद ले सकते हैं। फास्ट 4, अब पिछले ?1,37,990 से कम कीमत पर ?1,19,990 पर उपलब्ध है, प्रति चार्ज 140 से 160 किलोमीटर की रेंज का दावा करता है और दो बैटरी से लैस है, जो 4.4 केडब्लूएच का कुल आउटपुट प्रदान करता है। उद्योग में सबसे अधिक बैटरी क्षमता।

बीएलडीसी हब मोटर से लैस, सभी ओकाया इलेक्ट्रिक स्कूटर एआईएस 156 संशोधन चरण 2 के तहत आईसीएटी प्रमाणित हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि मजबूत आईपी67 वॉटरप्रूफ और धूल प्रतिरोधी इलेक्ट्रिक स्कूटर के साथ हर सवारी सुरक्षित है। ओकाया ईवी टिकाऊ परिवहन विकल्पों को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रिक वाहनों को आम जनता के लिए अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ओकाया ईवी दोपहिया वाहन एलएफपी (लिथियम आयरन फॉस्फेट) बैटरी से लैस हैं, जिसे भारतीय मौसम की स्थिति के लिए सबसे सुरक्षित तकनीक माना जाता है। केवल कुछ इलेक्ट्रिक स्कूटर कंपनियां एलएफपी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रही हैं, जो एनएमसी बैटरियों की तुलना में लंबी उम्र का दावा करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाथ में पकड़ा था कॉफी का कप, एक हाथ से पकड़ा क्रिकेट फैंस ने शानदार कैच



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच तीसरे टी-20 मैच के दौरान ऑस्ट्रेलिया के पर्थ का एक क्रिकेट प्रशंसक अपने एक हाथ से लिए गए शानदार कैच के कारण वायरल हो गया है। उक्त व्यक्ति के हाथ में कॉफी का गिलास भी था लेकिन उसने बिना एक भी बूंद गिराए अपने दूसरे हाथ से कैच पकड़ लिया। उक्त घटना तब हुई जब शेरफेन रदरफोर्ड ने स्पेंसर जॉनसन को डीप फाइन लेग पर सिक्स मारा था। उक्त प्रशंसक कॉफ़ी पी रहा था। वह अपनी सीट से उठा और पलक झपकते ही एक हाथ से कैच लपक गया। देखें वीडियो-

मुकाबले की बात करें तो पर्थ के मैदान पर विंडीज ने 37 रनों से जीत हासिल की। विंडीज 3 टी-20 मैचों की सीरीज गंवा चुका है क्योंकि सीरीज के पहले 2 मुकाबले में उन्हें हार झेलनी पड़ी थी। विंडीज को जीत दिलाने में विंडीज ऑलराऊंडर रोस्टन चेज के अलावा आंद्रे रसेल की प्रमुख भूमिका रही। रसेल ने बल्लेबाजी करते हुए 7 छक्कों की मदद से 71 रन बनाए और अपनी टीम को 220 रन तक पहुंचा दिया। जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया वार्नर के 81 रनों के बावजूद 183 रन ही बना पाई।

### सुनील गावस्कर बोले- रोहित को कप्तानी से हटाना मुंबई इंडियंस को फायदा देगा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 की दिसंबर में हुई नीलामी से पहले ही मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस से ट्रेड किए हार्दिक पांड्या को कप्तान बना दिया था। इसी के साथ ही एक दशक से कप्तान चल रहे रोहित की भूमिका टीम में बतौर सलामी बल्लेबाज ही रह गई। आगामी सीजन में अब पांच बार मुंबई इंडियंस को खिताब दिलाने वाले रोहित अब हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में खेलते नजर आएंगे। उधर, फ्रेंचाइजी द्वारा हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाने



पर फैंस का विरोध भी सहना पड़ा। इसी बीच पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर का मानना ??है कि फ्रेंचाइजी ने सही फैसला किया है।

सुनील गावस्कर ने स्वीकार किया कि एमआई एक ऐसी टीम है जो हमेशा भविष्य की ओर देखती है। गार्ड स्विच से रोहित की कप्तानी का बोझ कम हो जाएगा। गावस्कर ने कहा कि देखिए, उन्होंने हमेशा फ्रेंचाइजी के भविष्य के बारे में सोचा है। रोहित शर्मा पहले से ही 36 साल के हैं और तीनों प्रारूपों के लिए भारत के कप्तान होने के कारण उन पर काफी दबाव भी है। उन्होंने उस बोझ को कुछ कम करने और हार्दिक पंड्या के युवा कंधों पर वह जिम्मेदारी देने की कोशिश की है। गावस्कर ने कहा कि हार्दिक को कप्तानी सौंपने से केवल मुंबई इंडियंस को फायदा होगा।

# सिंधू की जीत के साथ वापसी भारत ने चीन को 3-2 से हराया



**नई दिल्ली।** शाह आलम (मलेशिया) -स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां जीत दर्ज की जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया।

ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने के कारण पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जीत सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर सिंधू ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

### सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 है

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता 28 साल की सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई जिससे तीन मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया।

### गायत्री गोपीचंद भी जीते

त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इसके बाद ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को एक घंटे और नौ मिनट में 10-21 21-18 21-17 से हराकर भारत को बराबरी दिलाई। निर्णायक मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने दुनिया की 149वें नंबर की वू लियो यू को एक घंटे और 17 मिनट में 22-20 14-21 21-18 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। भारतीय पुरुष टीम बुधवार को ग्रुप ए लीग मैच में हांगकांग से भिड़ेगी।

लीजेंड्स क्रिकेट

# चौके-छक्के लगाते नजर आएंगे युवराज



● **न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने बनाया कप्तान**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह को बुधवार को आगामी लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी (एलसीटी) सीजन 2 के लिए न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स का कप्तान और आइकन खिलाड़ी नामित किया गया। युवराज उस टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें बाबर आजम, राशिद खान, कीरोन पोलार्ड, इमाम उल हक, नसीम शाह, मथीशा पथिराना, रहमानुल्लाह गुरबाज़, आसिफ अली और मोहम्मद आमिर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, युवराज के शामिल होने से टीम में विशेषज्ञता, कौशल और नेतृत्व की गहराई बढ़ेगी, जिससे टूर्नामेंट के आगामी संस्करण में नेतृत्व करने के लिए न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स की तैयारी मजबूत होगी। 90 गेंदों के प्रारूप में खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट 7-18 मार्च तक श्रीलंका के कैंडी में आयोजित किया जाएगा। 20 ओवर के प्रारूप में खेला गया पहला सीजन पिछले साल 22 से 30 मार्च तक गाजियाबाद में आयोजित किया गया था। फाइनल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद इंदौर नाइट्स और गुवाहाटी एवेंजर्स को उद्घाटन सत्र का संयुक्त विजेता घोषित किया गया। एलसीटी 90 बॉल्स प्रारूप में प्रत्येक टीम के पांच गेंदबाज तीन ओवर फेंक सकते हैं। गेंदबाजी टीम का कप्तान 60वीं गेंद तक चार ओवर फेंकने के लिए एक गेंदबाज का चयन कर सकता है।

# इमरान ताहिर के 500 टी20 विकेट पूरे, रोनाल्डो स्टाइल में मनाया जश्न



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज स्पिनर इमरान ताहिर ने ड्वेन ब्रावो, राशिद खान और सुनील नरेन की एक यूनीक लिस्ट में जगह बना ली है। 44 साल के इमरान ताहिर ने टी20 फॉर्मेट में 500 विकेट पूरे कर लिए हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान इस रिकॉर्ड तक केवल 24 साल की उम्र में ही पहुंच गए थे। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अभी भी लोकप्रिय ताहिर अभी बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खुलना टाइगर्स की ओर से खेल रहे हैं। मंगलवार को रंगपुर राइडर्स के खिलाफ मैच के दौरान उन्होंने यह उपलब्धि अपने नाम कर ली। ??लेग्गी ने अपने तीसरे ओवर में महेदी हसन का विकेट लेकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। उन्होंने पारी में कुल 5 विकेट लिए।

टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी
डीजे ब्रावो -मैच 537, विकेट 624
राशिद खान -मैच 407, विकेट 556
सुनील नारायण -मैच 483, विकेट 532
इमरान ताहिर -मैच 387, विकेट 502
शाकिब अल हसन -मैच 415, विकेट 476

# इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 की घोषणा की, शोएब बशीर बाहर



**राजकोट (गुजरात)।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग इलेवन की घोषणा की। तेज गेंदबाज मार्क वुड को शोएब बशीर की जगह प्लेइंग टीम में शामिल किया गया है।

ईसीबी के बयान में कहा गया, थ्री लायंस ने एक बदलाव किया है और शोएब बशीर की जगह मार्क वुड को शामिल किया है। कप्तान बेन स्टोक्स राजकोट में अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं।

सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है। हैदराबाद टेस्ट में 28 रन से हार के बाद भारत ने विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट 106 रन से जीता था।

### इंग्लैंड की प्लेइंग 11

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स, रेहान अहमद, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन।

### यह सिर्फ एक संख्या है, 100वें टेस्ट से पहले बोले बेन स्टोक्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने आगामी 100 टेस्ट मैचों के ऐतिहासिक पड़ाव के महत्व को कम करते हुए कहा है कि वह थ्री लायंस के लिए हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के इच्छुक हैं। स्टोक्स गुरुवार को राजकोट में चल रही 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में भारत के खिलाफ उतरेंगे तो 100 टेस्ट मैच खेलने वाले इंग्लैंड के 16वें खिलाड़ी बन जाएंगे।



स्टोक्स ने कहा, हर टेस्ट उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अगला। फिर अगला टेस्ट है, जो 101 होगा - यह सिर्फ एक और है। यह दीर्घायु का संकेत है, लेकिन 99, 100 या 101 से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। यह सिर्फ एक संख्या है। उन्होंने कहा, मैं नहीं चाहता कि ऐसा लगे कि मैं उन अवसरों के लिए आभारी नहीं हूं जो मुझे मिले हैं, लेकिन मील के पत्थर के साथ जब तक यह पूरा नहीं हो जाता, तब तक यह पूरा नहीं होता है।

स्टोक्स ने 2013 में पदार्पण किया था और खेल के बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक बन गए हैं। अनुभव के साथ स्टोक्स अपने कार्यभार को प्रबंधित करने और अपने करियर के विभिन्न चरणों में तीनों प्रारूपों में से प्रत्येक को प्राथमिकता देने में भी कामयाब रहे हैं। इस ऑलराउंडर को इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के रूप में अविश्वसनीय सफलता मिली है और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ उनकी साझेदारी चर्चा का विषय रही है। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने 20 में से 14 टेस्ट जीते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित, ट्रेंट बोल्ट की हुई वापसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी आगामी तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा की, जिसमें तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की टीम में वापसी हुई है। बोल्ट की वापसी से कीवी टीम को काफी मजबूती मिलेगी। 34 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच वनडे विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेला था। टीम में उनका शामिल होना 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में कीवी टीम की हार के बाद उनकी पहली टी20आई उपस्थिति भी होगी।

दाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन को पितृत्व अवकाश के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया। इस बीच डेरिल मिशेल को भी हटा दिया गया क्योंकि वह लंबे समय से पैर की चोट के लिए पुनर्वास पर हैं। वरिष्ठ खिलाड़ी की जगह भरने के लिए जोश क्लार्कसन को टीम में शामिल किया गया। क्लार्कसन के ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ अपना टी20आई डेब्यू करने की भी संभावना है।

क्लार्कसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए 20 ओवरों की टीम में शामिल किया जाना एक ÷बहुत विशेष एहसास÷ था। उन्होंने कहा, यह वास्तव में बहुत क्रैजी भरा रहा है। बांग्लादेश श्रृंखला के लिए बुलाया जाना और फिर अब



ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए बुलाया जाना बहुत ही क्रैजी भरा एहसास है। बड़े होकर, ऑस्ट्रेलियाई आम तौर पर शिखर पर होते हैं और जिस तरह से वे अपने खेल के बारे में जाते हैं वह कुछ ऐसा है जिसे मैं अपने खेल में अनुकरण करने की कोशिश करता हूं। लेकिन हां, मेरे और मेरे परिवार के लिए भी बहुत खास एहसास है।

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज 21 फरवरी को वेलिंग्टन में शुरू होगी। दूसरा और तीसरा मैच 23 और 25 फरवरी को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा।

# अगर मुझे भारतीय कैप मिलती है तो... ध्रुव जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ संभावित टेस्ट डेब्यू पर की बात

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ शेष तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल किए जाने के कुछ दिनों बाद अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने बुधवार को कहा कि अगर वह राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण करते हैं तो इसे अपने पिता को समर्पित करना चाहेंगे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर साझा किए गए एक हालिया वीडियो में जुरेल ने कहा, अगर मुझे भारतीय कैप मिलती है तो मैं इस पल को अपने पिता को समर्पित करना चाहूंगा। क्योंकि वह मेरे हीरो हैं। जब भी मुझे कुछ समझ नहीं आता तो मैं बस उनसे बात करता हूं और वह हमेशा मेरा मार्गदर्शन करते हैं।

इससे पहले शनिवार को बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शेष तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम की घोषणा की, जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से शेष मैचों में भी नहीं खेल पाएंगे। ज्यूरेल को टीम में शामिल किया गया है और उन्हें पहली बार इंडिया कैप मिलने की संभावना है।

भले ही 23 वर्षीय बल्लेबाज ने अभी तक पदार्पण नहीं किया है, लेकिन उन्होंने प्रतिष्ठित टी20 टूर्नामेंट



इंडियन प्रीमियर लीग में एक गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन किया है, जहां उन्होंने 13 मैचों में भाग लिया और 172.73 के स्ट्राइक रेट के साथ 21.71 के औसत से 152 रन बनाए।

तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा जबकि चौथा टेस्ट 23 फरवरी को रांची में शुरू होगा। सीरीज का पांचवां और अंतिम टेस्ट 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है। पहले हैदराबाद टेस्ट में 28 रन से हार के बाद भारत ने विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट 106 रन से जीता।

### तीसरे टेस्ट के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रित बुमरा (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप, देवदत्त पडिक्कल।

